चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 3 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 8, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते 16

बॉलीवुड के सुपरस्टार का दोस्त उड़ाते थे मजाक 15

एसबीआई का चुनावी बॉन्ड के एसओपी के खुलासा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरटीआई के जवाब में गोपनीयता के तहत दी छूट का दिया हवाला

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शाखाओं से जारी किए चुनावी बॉन्ड की बिक्री और भुनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का खुलासा करने से इनकार कर दिया है।

एसबीआई ने आरटीआई के जवाब में व्यावसायिक गोपनीयता के तहत दी गई छूट का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से मना किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन में अंजलि भारद्वाज ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए एसओपी का विवरण मांगा था। एसबीआई के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी और उप महाप्रबंधक एम कन्ना बाबू ने अपने जवाब में 30 मार्च को कहा कि अधिकृत शाखाओं को समय-समय पर जारी चुनावी बॉन्ड योजना-2018 की एसओपी आंतरिक दिशानिर्देश हैं, जिन्हें आरटीआई के तहत छूट दी गई है। आरटीआई कानून की धारा 8(1)(डी) वाणिज्यिक विश्वास, कारोबारी गोपनीयता या बौद्धिक संपदा सहित ऐसी जानकारी के खुलासे से छूट देती है, जिसे बताने से प्रतिस्पर्धी स्थिति को नुकसान होगा।

दोषसिद्धि के खिलाफ मुख्तार की अपील पर कोर्ट ने सुनवाई रोकी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मुख्तार अंसारी की मौत पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को उस मामले को बंद कर दिया, जिसमें उसने 24 साल पुराने मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा खुद को पांच साल कारावास की सजा सुनाए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। मुख्तार अंसारी ने जेल में रहते हुए सजा के खिलाफ अपील दाखिल की थी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी के निधन संबंधी बयान पर संज्ञान लेते हुए कहा, याचिकाकर्ता अब जीवित नहीं है। इसलिए सुनवाई की प्रक्रिया समाप्त की जाती है।

भाजपा ही भ्रष्टाचारियों को भेज सकती है जेल : योगी

बरेली/बदायूं/पीलीभीत, ब्यूरो

मुख्यमंत्री ने की पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को सदन में भेजने की अपील

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बरेली व बदायूं पहुंचे। इन तीनों सीटों पर भाजपा ने नए उम्मीदवारों को उतारा है।

पार्टी ने पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह और बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को टिकट दिया है। मुख्यमंत्री ने तीनों का हाथ थाम प्रबुद्धजनों से संवाद स्थापित किया और कमल खिलाकर इन्हें सदन में भेजने की अपील की। वहीं दो रैलियों में सीएम ने आंवला से धर्मेंद्र कश्यप को जिताने का आह्वान किया। सीएम जहां सपा-कांग्रेस समेत समूचे इंडी गठबंधन पर हमलावर रहे तो

वहीं पीएम मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं। सीएम ने इस चुनाव को 'स्वार्थ के परिवार' बनाम 'मोदी के परिवार' के बीच का बताया।

मुख्यमंत्री योगी ने पीलीभीत से जितिन प्रसाद को जिताने की अपील की। बोले कि देश और प्रदेश का नौजवान अब पलायन नहीं स्टार्टअप स्थापित कर रहे हैं। बेटियां असुरक्षित नहीं महसूस कर रही हैं, बल्कि फाइटर पायलट बनकर भारत की सुरक्षा का सिंहनाद कर रही हैं। प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज, रोड और पुल के सारे प्रस्ताव को स्वीकृत कर सरकार ने विकास की नई धारा के साथ जोड़ने का काम किया है। इको टूरिज्म के बेहतरीन डेस्टिनेशन के लिए पीलीभीत को आगे बढ़ने का कार्य सरकार कर रही है। पीलीभीत में वन्य जीव और मानव के संघर्ष को रोकने के लिए जंगल में किसानों की जमीन की इलेक्ट्रिक फेंसिंग की गई है। जंगली जानवरों से किसानों को बचाने और जनहानि को आपदा की श्रेणी में शामिल कर अन्नदाताओं के लिए मुआवजे की व्यवस्था प्रदेश सरकार लागू कर चुकी है।

बरेली में सीएम ने कहा कि पूरे देश में एक आवाज- फिर एक बार मोदी सरकार, लेकिन यह गूंज अचानक नहीं सुनाई दे रही है। इसके पीछे दस वर्ष तक की गई मोदी जी की मेहनत है। उन्होंने देश की छवि को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, इसलिए भारतवासी एक स्वर में यह वाक्य बोल रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास कर रहा है। 2024 का चुनाव मोदी जी के प्रति भारत वासियों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है।

पिछली सरकारों में बम विस्फोट होते थेः योगी

मुख्यमंत्री योगी ने बदायूं में कहा कि इस लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन है। यह लोग प्रदेश को बाहर बदनाम करते हैं। अराजकता फैलाते थे। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाते थे। यह कर्फ्यू के समर्थक हैं। इनके समय गुंडे जगह-जगह बम विस्फोट करते थे, लेकिन हमने कहा कि उप्र में बमबाजी नहीं, हर-हर-बम-बम होगा। हमें भी पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत के लिए जुटना है। मोदी जी ने वह कार्य किए, जो असंभव लगते थे। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगी, धारा-370 हटी, राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हो गए।

एक नजर

बारामूला में आतंकियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर बारामूला जिले के सोपोर इलाके से मंगलवार को सुरक्षा बलों ने आतंकियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने जांच के लिए एक संयुक्त चौकी स्थापित की और वहां देखा कि तीन संदिग्ध मौके से भागने का प्रयास कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हालांकि, दल ने उन्हें पकड़ लिया। उनकी पहचान फैसल अहमद काचरू, आकिब मेहराज काना और आदिल अकबर गोजरी के रूप में की गई है।

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे।

तीसरे टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज होगा प्रहारः प्रधानमंत्री मोदी

मोदी ने रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली को संबोधित कर उत्तराखंड में फूंका चुनावी बिगुल

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली से उत्तराखंड में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने इसको प्रचार नहीं विजय रैली करार देते हुए कहा कि तीसरे टर्म की शुरुआत में अब 75 दिन से भी कम का समय है। इस टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा। भ्रष्टाचार, गरीब और मध्यम वर्ग का हक छीनता है और वह ऐसा नहीं होने देंगे।

एफसीआई के सामने मोदी मैदान में विजय शंखनाद रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दो खेमे बन गए हैं। एक तरफ ईमानदारी और पारदर्शिता है, दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये भ्रष्टाचारी, मोदी को धमकी और गाली दे रहे हैं। मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी इनकी गालियों और धमकियों से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि ऊधमसिंह नगर को मिनी इंडिया कहा जाता है। देवभूमि और मिनी इंडिया से मिले प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। उत्तराखंड को विकसित बनाना और सबसे आगे ले जाना है इसलिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। 10 वर्षों में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने आजादी के 60-65 वर्षों में नहीं हुए। आज हर प्रकार की कनेक्टिविटी है। 85 हजार पक्के मकान, 12 लाख घरों में पानी, 5.5 लाख शौचालय, 5 लाख महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 3 लाख को स्वामित्व योजना में प्रापर्टी कार्ड देना, 35 लाख लोगों के बैंक खाते खुलवाए गए हैं। 2200 करोड़ की विकास योजनाएं दी हैं। यह तभी संभव है जब नीयत सही तो नतीजे सही।

मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी

हमारा लक्ष्य देश को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है, इससे नौकरी के अवसर व कमाई बढ़ेगी। इसका लाभ देवभूमि को भी होगा। उत्तराखंड में एम्स आया, यह दशक उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह मोदी की गारंटी से हुआ है और मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी है। इस गारंटी ने घर-घर में सुविधाएं पहुंचाई और स्वाभिमान बढ़ाया है।

और साहबजादे कह रहे कि आग लग जाएगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि शाही परिवार के साहबजादे ने कहा कि यदि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो आग लग जाएगी। 60-65 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल के लिए बाहर क्या हुए आग लगाने की बात कह रहे हैं। उन्होंने जनता से पूछा कि आग लगाने की बात उचित है, ऐसे लोगों को सरकार में आने देंगे। इमरजेंसी की मानसिकता वाली कांग्रेस का लोकतंत्र में भरोसा नहीं है। कांग्रेस देश को अस्थिरता की ओर ले जाना चाहती है। कांग्रेस से देशभक्ति की अपेक्षा नहीं की जा सकती। कांग्रेस,तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसी धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती।

मेहनत करने को पैदा हुआ

प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष कहता है कि मोदी थकता नहीं, रुकता नहीं है। मेरी जगह कोई और होता तो मौज करता मैं जनता के लिए मेहनत करने के लिए पैदा हुआ हूं। बीते 10 सालों में जो विकास हुआ सब जानते मानते हैं, लेकिन मोदी नहीं मानता है। जो 10 सालों में हुआ ट्रेलर था, अभी बहुत कुछ बाकी है। देश और प्रदेश को बहुत आगे लेकर जाना है।

कारोबारी के बेटे ने कार से दो महिलाओं को रौंदा, मौत

लखनऊ। महानगर क्षेत्र में मंगलवार तड़के शराब व्यवसायी के नाबालिग बेटे ने 100 की रफ्तार में कार दौड़ाकर दो महिलाओं को रौंद दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नाबालिग चालक और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महानगर थाना क्षेत्र के पेपर मिल कॉलोनी निवासी साइदा बानो (54) और शबनम (40) सुबह 4:50 बजे घर के सामने खड़ी थी। मेट्रो अपार्टमेंट की ओर से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से कार आई और साइदा व शबनम को रौंदते हुए दो बाइकों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार छोड़कर भाग रहे चालक को दबोच कर लोग पीटने लगे। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस चालक को भीड़ से बचाकर थाने ले गई। घायल साइदा और शबनम को अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपी चालक की उम्र 15 साल है। आरोपी और उसके पिता प्रतीक जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाराबंकी में पलटी बस, 3 बच्चों समेत चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : बाराबंकी में सरकारी स्कूल के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर लेकर लखनऊ गई निजी बस वापसी में हादसे का शिकार हो गई। हादसे में तीन बच्चों समेत कंडेक्टर की मौत हो गई। 2 बच्चे और बाइक सवार गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजे गए। जबकि तीन दर्जन बच्चे घायल हो गए। बस में 42 बच्चे समेत ड्राइवर-कंडेक्टर और शिक्षकों सहित कुल 50 लोग थे। मुख्यमंत्री योगी ने आलाधिकारियों को घायलों के इलाज कराने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस के अनुसार, सभी बच्चे विकासखंड सूरतगंज के कंपोजिट विद्यालय हरक्का के हैं। जिनको शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ के चिड़ियाघर समेत दूसरी जगहों पर सुबह ले जाया गया था। शाम को बस वापस सूरतगंज आ रही थी। तभी देवा कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर गांव के पास बाइक सवार को बचाने में का चालक संतुलन खो बैठा और बस सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में छात्रा मानसी (12), शुभी (12), कामिनी (17) समेत कंडेक्टर सूफियान (38) की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक डीएम सत्येंद्र कुमार ने मुआवजे का ऐलान नहीं किया है। स्कूल के शिक्षक दीपक ने बताया कि बाइक सवार को बचाने में बस पलटी। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत और पूर्व एमएलसी राजेश यादव आदि मौके से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। एएसपी सीएन सिन्हा ने बताया कि तीन बच्चों और कंडेक्टर की मौत हुई है। बच्चों को जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

सलारपुर गांव के पास पलटी स्कूली बस।

- शैक्षिक भ्रमण पर बच्चे गए थे लखनऊ जू, तीन दर्जन घायल
- मुख्यमंत्री ने घायल बच्चों के इलाज के दिए निर्देश

भाजपा में जाने या गिरफ्तारी के लिए तैयार रहने की दी गई सलाहः आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्री का दावा- सौरभ, दुर्गेश और राघव होंगे गिरफ्तार
- भाजपा के वीरेंद्र ने कहा- झूठ बोल रही हैं आतिशी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि उनके एक करीबी व्यक्ति ने उनसे कहा था कि उन्हें भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए या एक महीने में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। आतिशी ने दावा किया कि उनके अलावा 'आप' के तीन नेताओं - दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक दुर्गेश पाठक और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया कि आतिशी झूठ बोल रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी शराब घोटाले में शामिल थी और उसके नेता इस आशंका पर लड़ रहे हैं कि अगला बलि का बकरा कौन होगा। दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि उन्हें बताया गया था कि ईडी उनके और उनके रिश्तेदारों के आवास पर छापे मारेगा। सौरभ भारद्वाज ने आतिशी को भाजपा में शामिल होने या गिरफ्तार किए जाने के प्रस्ताव को खुली धमकी करार दिया। दिल्ली भाजपा प्रमुख ने कहा कि केजरीवाल ने कहा है कि आबकारी नीति मामले के आरोपी विजय नायर, आतिशी और भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे इसीलिए आप नेता आपस में लड़ रहे हैं।

विधायकों ने सुनीता से कहा- सीएम न दें इस्तीफा

आप विधायकों ने अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता से मुलाकात की और कहा कि मुख्यमंत्री को जेल से ही सरकार चलानी चाहिए और इस्तीफा नहीं देना चाहिए। मंगलवार को बैठक के दौरान आप विधायकों ने सुनीता से कहा कि दिल्ली के दो करोड़ लोग मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर इस्तीफा नहीं देना चाहिए।

आबकारी नीति घोटाला

संजय सिंह को मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। ईडी ने कहा था कि अगर सिंह को जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि आप नेता राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन मामले के संबंध में बयान नहीं दे सकते। सिंह की रिहाई ऐसे समय हो रही है जब आप के चुनाव से पहले नेतृत्व का संकट है।

चित्रकूट में ऑटो-ट्रक की टक्कर, सात की मौत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचारः मिर्जापुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह ऑटो और 12 टायरा ट्रक की टक्कर में पांच श्रद्धालुओं सहित सात लोगों की मौत हो गई। घायल एक युवक का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। हादसा तब हुआ जब ऑटो चालक ओवरटेक कर रहा था और तभी सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया। मृतकों में हमीरपुर जिले के भाई-बहन और कन्नौज के तीन लोग शामिल हैं।

मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन से सवारियां लेकर ऑटो तीर्थक्षेत्र जा रहा था। हाईवे पर सम्राट ढाबा के पास ऑटो चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और इसी दौरान सामने से आ रहे 12 टायरा ट्रक से टकरा गया। ऑटो के यात्री ट्रक के पहिये के नीचे आ गए और उनकी मौत हो गई। तीन लोग क्षतिग्रस्त ऑटो में फंस गए। आसपास के लोगों ने इनको निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजा। वहां पांच लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन को प्रयागराज रेफर कर दिया। रास्ते में दो और लोगों की मौत हो गई। एसपी अरुण सिंह ने बताया कि सुमित साहू (14) निवासी भरुआ सुमेरपुर घायल है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। हादसे रोकने के लिए चेकिंग में और सख्ती बरती जाएगी।

चित्रकूट में हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

- मृतकों में हमीरपुर निवासी भाई-बहन, कन्नौज के तीन लोग ऑटो चालक की भी जान गई

मृतकों के नाम-पता

मृतकों में अनिरुद्ध यादव (30) और अखिलेश यादव (22) निवासी मलिकपुर गुरुसहायगंज (कन्नौज), अतर सिंह (50) निवासी तिर्वा (कन्नौज), धर्मेंद्र सोनी (30) और उसकी बहन निधि (19) निवासी भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर) हैं। ये सभी तीर्थ पर आए थे। ऑटो चालक सूरज (20) निवासी बेड़ी पुलिया (कर्वी) और स्थानीय निर्भय (20) निवासी नारायणपुर (कर्वी) की भी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर मृतकों के घर कोहराम मचा हुआ है।

विधायक के भाई के घर लगी आग, दो बच्चियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दिल्ली स्थित आवास पर शॉर्ट सर्किट से दोपहर में लगी आग

अमृत विचारः देहात विधान सभा से विधायक हाजी नासिर कुरैशी के छोटे भाई के दिल्ली आवास पर मंगलवार दोपहर आग लग गई। घटना में दो बच्चियों की मौत हो गई।

विधायक के छोटे भाई हाजी शब्बू कुरैशी दिल्ली के सदर बाजार में रहते हैं। बताया गया कि मंगलवार दोपहर दो बजे मकान में शॉट सर्किट से आग लग गई। लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल की चार गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना के समय हाजी शब्बू की बेटी गुलशना (15) और अनाया (12) घर में मौजूद थीं। दोनों ने आग से बचने के लिए खुद को शौचालय में बंद कर लिया। दमकल कर्मियों और परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उनको निकाला। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही देहात विधायक व उनका परिवार दिल्ली रवाना हो गया है। देहात विधायक के बेटे व प्रतिनिधि हाजी आमिर कुरैशी ने बताया कि दोनों बच्चियों का दफीना बुधवार सुबह 10 बजे दिल्ली में ही होगा।

पतंजलि विज्ञापन में अवज्ञा पर रामदेव से नाराज कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में अनुपालन को लेकर उचित हलफनामा दायर नहीं कर और अवज्ञा पर योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण के प्रति मंगलवार को नाराजगी जताई। कोर्ट ने पतंजलि के बयान को खारिज किया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम पुराना है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा, केवल सुप्रीम कोर्ट ही नहीं, सभी अदालतों के आदेश का सम्मान होना चाहिए... यह अवज्ञा है। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण से कहा कि आपको कोर्ट में दिए वचन का पालन करना होगा, आपने सीमा तोड़ी है।

दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को नहीं मिल रही सरकारी मदद, सर्जरी रुकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाराबंकी की पांच साल की बच्ची से 9 महीने पहले हुई थी दरिंदगी
- सर्जरी के लिए 18 दिन से केजीएमयू में है भर्ती

अमृत विचारः दुष्कर्म पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची की किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में तीसरी बार सर्जरी होने जा रही है। वह करीब 18 दिनों से केजीएमयू में भर्ती की गई। लेकिन, सिस्टम की उदासीनता के कारण उसका इलाज प्रभावित हो रहा है। करीब 9 महीने की जद्दोजहद के बाद बच्ची को अभी तक सरकारी मदद के नाम पर आयुष्मान कार्ड ही बन पाया है।

आयुष्मान कार्ड बनने के बाद इलाज का हालांकि रास्ता साफ हो गया है। किंतु बाहर से दवाओं की खरीद के लिए पीड़ित बच्ची के माता-पिता दूसरों के आगे हाथ फैलाने के लिए मजबूर हैं। बच्ची की मां का आरोप है कि बाराबंकी के जिलाधिकारी को तीन बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

इतना ही नहीं रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना का लाभ भी बच्ची को अभी तक नहीं मिल सका है। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तरफ से बाराबंकी जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पीड़ित बच्ची को आर्थिक मदद देने के निर्देश भी बेमानी दिखाई दे रहे है।

> यहां से सभी कार्रवाई पूरी कर दी गई है। बजट के अभाव में आर्थिक मदद नहीं हो पाई है। लेकिन कोशिश की जा रही है कि बच्ची के इलाज के लिए कुछ मदद हो सके। - **पल्लवी सिंह**, डीपीओ

यह है मामला : दरअसल, 26 जुलाई 2023 को बाराबंकी निवासी पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। आरोपी ने बच्ची के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार कर दी थीं और उसे मरा हुआ समझ कर मौके से भाग निकला था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को गंभीर हालत में भर्ती कराया था। हालत में सुधार नहीं होने पर बाराबंकी जिला अस्पताल से उसे राजधानी स्थित केजीएमयू में इलाज के लिए भेजा गया था। केजीएमयू में पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में बच्ची की सर्जरी हुई थी। दोबारा सर्जरी के लिए डॉक्टरों ने 6 सप्ताह बाद बुलाया था। दोबारा से बच्ची की तबीयत खराब होने पर बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष बाला चतुर्वेदी और समाजसेवी अमृता शर्मा ने बच्ची को एक बार फिर बाराबंकी स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से बच्ची को केजीएमयू भेजा गया था। जहां पर केजीएमयू प्रशासन और बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष के प्रयासों से बच्ची को इलाज मिल पाया था। एक बार फिर बच्ची की सर्जरी होनी है जिसके लिए उसे केजीएमयू में भर्ती किया गया है।

आरएलबी सम्मान कोष से मिलनी है आर्थिक मददः

रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं या बालिकाओं को आर्थिक और चिकित्सा सहायता दी जाती है, लेकिन 9 महीने बाद भी सरकारी तौर पर आर्थिक मदद न मिलना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। बच्ची की मां ने बताया कि अधिकारियों ने बैंक में खाता खुलवा दिया था और कहा था कि इलाज के लिए सरकार पैसा देगी, लेकिन वह आज तक नहीं मिला। डीएम साहब को भी प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। वहां से भी कोई मदद नहीं मिल रही है।

रमजान मुबारक

3 अप्रैल, इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 38 मिनट
शिया- 6 बजकर 45 मिनट

4 अप्रैल सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 24 मिनट
शिया- 4 बजकर 30 मिनट

नोट- क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

लोकसभा चुनाव के चलते डीएम ने अधिकारियों पर की सख्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने अधिकारियों पर शिकंजा कस दिया है। बिना अनुमति के कुछ अधिकारी मुख्यालय छोड़कर शाम पांच बजते ही बैग उठाकर अपने घरों को चल देते हैं। अधिकतर अधिकारी अपनी गाड़ियों और कुछ ट्रेन या फिर रोडवेज बसों से निकलते हैं। यह नजारा रेलवे स्टेशन या रोडवेज पर देखने को मिलता है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मुख्यालय पर ही रहने के आदेश जारी किए हैं। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला स्तर से और अधिक सख्ती की जा रही है।

जिले में काफी संख्या में विकास भवन, कलेक्ट्रेट और अन्य कार्यालयों में अधिकारी बैठते हैं। कार्यालय का समय 10 बजे से शाम पांच बजे तक होता है। अधिकारी सुबह को समय से आ जाते हैं लेकिन शाम के पांच बजते ही बैग उठाकर अपने घरों के लिए रवाना हो जाते हैं। इसकी शिकायतें लगातार जिलाधिकारी को मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए आदेश जारी किए थे कि बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने वाले अधिकारियों के साथ ऐसे अधिकारी जो आसपास के जनपदों से प्रतिदिन आवागमन करते हैं उनके विरुद्ध भी कार्रवाई होगी। जो अधिकारी जिला स्तरीय अधिकारी मंडलीय अधिकारियों से अवकाश स्वीकृत कराते हैं, उन्हें भी अब मुख्यालय छोड़ने की अनुमति जिलाधिकारी से लेनी होगी।

रोडवेज बस अड्डे में खड़ी बसें।

व्हाट्स ऐप ग्रुप पर अपने कमरों की लोकेशन भी डाल रहे अधिकारी

जिलाधिकारी द्वारा व्हाट्स ग्रुप बना दिए गए हैं। इनके जरिए जिले के जिन अधिकारियों के साथ बैठक या किसी विषय पर चर्चा करनी हो तो उन्हें आसानी से बुलाया जा सकता है। किसी भी समय बैठक की जानकारी मिलने के बाद जिले के सभी तहसील स्तर के अधिकारी भी जानकारी मिलते मुख्यालय पहुंच सकते हैं। इसी तरह बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी उस ग्रुप में जोड़ा गया है। कभी-कभी निर्देश मिलने के बाद रात को नौ बजे मैसेज के माध्यम से अधिकारियों को अपने कमरे तक की लोकेशन डालनी पड़ती है।

> आदेश पर मिलने पर कभी-कभी विभाग के अधिकारियों की लोकेशन मांगी जाती हैं। जो अधिकारी जहां होता है उसकी आनलाइन लोकेशन मिल जाती है। **-संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी**

जिला अस्पताल में एक्सरे फिल्म नहीं, रोगी परेशान

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल में सप्ताह भर से एक्स-रे फिल्म नहीं है। इसकी वजह से रोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में रोगी एक्स-रे की मोबाइल से फोटो ले रहे हैं। इसके बाद चिकित्सक को दिखा रहे हैं। मगर इससे स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही है। हड्डी फ्रेक्चर के रोगियों को ज्यादा दिक्कतें आ रही हैं।

जिला अस्पताल में मरीजों के लिए डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन समेत तमाम व्यवस्थाएं हैं। अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन 80-100 एक्स-रे होते हैं। जिला अस्पताल में मैनुअली और डिजिटल एक्स-रे करने के लिए मशीन है। डिजिटल एक्स-रे कराने के लिए फिल्म नहीं है। इसकी वजह से रोगियों को निजी चिकित्सकों के यहां एक्स-रे कराने पड़ रहे हैं। यह समस्या सप्ताह भर से है। एक्स-रे टेक्नीशियन के अनुसार फिल्म नहीं होने के बारे में अस्पताल प्रशासन को लिखकर दिया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. एचके मित्रा ने बताया कि एक्स-रे फिल्म के लिए डिमांड भेजी गई है।

मतदाता जागरुकता की शपथ लेते शिक्षक। ● अमृत विचार

ग्रामीणों ने शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: ग्राम पंचायत बहापुर-गंगापुर स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बहांपुर गंगापुर में मतदाता शपथ कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुरेश सक्सेना ने उपस्थित ग्रामवासियों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

स्कूल में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक सुरेश सक्सेन ने कहा कि आप सभी बिना किसी प्रभोलन, जातिवाद, धर्मवाद को छोड़कर एक अच्छे प्रत्याशी को वोट करें। एक अच्छी सरकार के गठन में अपना योगदान दें। उपस्थित ग्रामवासियों, शिक्षकों, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी सहायिका, आशा आदि ने शपथ लेते हुए शत प्रतिशत वोट डालने का निश्चय किया। संचालन बीएलओ जितेंद्र वीर विक्रम ने किया। इस अवसर पर हरप्रीत कौर, जितेंद्रवीर, सुभाष सिंह, ईश्वरी प्रसाद, परशुराम, मीना देवी, सीता देवी, शीला देवी, रमेश, मुरारी लाल, रामा देवी, हीरा लाल, राजू, मुन्नी देवी, विमला, खालिद, अजमेरी, सुनीता, देवेश शर्मा, राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

मतदान कार्मिकों को रात्रि भोजन और चाय-नाश्ते का मिलेगा नकद भुगतान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को बनाया नोडल अधिकारी
- 18 अप्रैल को मतदान कार्मिकों की होगी रवानगी, 19 को होगा मतदान

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल को होगी। मतदान को शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न कराने के लिए 18 अप्रैल को मतदान दलों की रवानगी होगी। 19 अप्रैल को मतदान के बाद वापसी होगी।

गर्मी के मौसम एवं स्वास्थ्य को देखते हुए मतदान कर्मियों के रात्रि विश्राम के लिए बिस्तर, भोजन, इमरजेन्सी लाइट आदि की व्यवस्था के पर्यवेक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्र, स्थल के लिए मुख्य विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्र, स्थल के लिए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रात्रि विश्राम हेतु बिस्तर, भोजन आदि की व्यवस्था कराई जानी है। ठहरने की व्यवस्था के लिए जनपद के शहरी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थापित मतदेय स्थलों पर सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मतदेय स्थलों पर संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा बिस्तर, चादर, तकिया तथा इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था 18 अप्रैल की दोपहर दो बजे तक सुनिश्चित की जाएगी। अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मतदेय स्थलों पर संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मतदान कार्मिकों के लिए 18 अप्रैल को रात्रि भोजन एवं 19 अप्रैल को चाय-नाश्ते की व्यवस्था (नियुक्त कार्मिकों द्वारा नकद भुगतान के आधार पर) सुनिश्चित कराई जाएगी। गर्मी को देखते हुए नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थापित मतदेय स्थलों पर सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मतदेय स्थलों पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मतदाताओं के लिए छाया की व्यवस्था 18 अप्रैल की दोपहर दो बजे से 19 अप्रैल तक रहेगी।

रैली में 58 एसएचजी दीदियों ने किया प्रतिभाग

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से मतदाता जागरुकता अभियान के सम्बन्ध में रैली व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रैली को मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, प्रभारी जिला मिशन प्रबन्धक हरपाल सिंह, ब्लाक मिशन प्रबन्धक मोहम्मद परवेज, माजिद अली, मोहम्मद तंजील द्वारा संचालन कराया गया। रैली में 58 एसएचजी दीदियों के द्वारा प्रतिभाग किया।

इसमें हसीन बानो, महक एसएचजी, पंजाबनगर, सरोज-सखी एसएचजी फैजनगर, सुनीता शंकर एसएचजी मडियान उदराज, फैजवी इंशा अल्लाह लालूनगला, नाजमा बेला एसएचजी दुर्गनगला आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

निरीक्षण में प्रेक्षक ने देखी बूथों पर व्यवस्था

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : सामान्य प्रेक्षक धनराजू एस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों और उत्तराखंड के बार्डर का निरीक्षण किया। मंगलवार की दोपहर उन्होंने खंड विकास कार्यालय, गुरु नानक कन्या इंटर कालेज, गांव दिबदिबा, लालपुर में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बूथों पर मूलभूत सुविधायें एवं वॉल पेंटिंग भी देखी।

उन्होंने मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, बिजली और पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उत्तराखंड बॉर्डर से सटी रुद्र-बिलास पुलिस चौकी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए। चौकी प्रभारी अमित कुमार को चुनाव के दौरान उत्तराखंड से यूपी की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों व संदिग्धों की अच्छी तरह तलाशी लेने के निर्देश दिए।

उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि प्रेक्षक बूथों पर की गई व्यवस्था से संतुष्ट हुए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार निश्चय कुमार, खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार राजेश कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, उपनिरीक्षक संजय तेवतिया तथा राजस्व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

बूथ का निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक धनराजू एस एवं अन्य अधिकारी।

- बॉर्डर पर संदिग्धों व वाहनों की सघन तलाशी के दिए निर्देश
- मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई बिजली की व्यवस्था भी देखी

शहर में आज

☞ स्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में भगवान गणेश की पूजा अर्चना प्रात : 6 :30 बजे।

☞ मि. विकास भवन के पास स्थित कार्यालय पर किसानों की पंचायत दोपहर 12 :30 बजे।

जल व गृह कर के बकाएदारों को जल्द दिए जाएंगे नोटिस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के टैक्स विभाग में पिछले दिनों एक और राजस्व निरीक्षक की तैनाती हुई है। मालूम हो कि यहां चार राजस्व निरीक्षक और एक कर अधीक्षक का पद स्वीकृत है। मगर अभी यहां दो निरीक्षक ही हैं। इन पर गृह, जलकर वसूली का जिम्मा है। निरीक्षक की तैनाती होने पर टैक्स विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा।

मंगलवार को विभाग में गृह व जलकर के बकाएदारों के नोटिस तैयार किए गए हैं। यह नोटिस बकाएदारों को दिए जाएंगे। नोटिस में कर अदायगी के लिए 15 दिन का समय दिया जा रहा है।

शहरी क्षेत्र में 30,000 से ज्यादा भवन हैं। जबकि 900 के करीब प्रतिष्ठान हैं। मकानों व दुकानों का प्रतिमाह जल व गृह कर जमा कराना होता है। हर माह इसकी पर्ची नगर पालिका की ओर से दी जाती है। पर्ची मिलने के बाद भी पालिका आकर कोई टैक्स जमा नहीं करता है। नतीजा यह हुआ कि एक साल में नगर पालिका का तीन करोड़ रुपये का कर्ज लोगों पर हो गया। धीरे-धीरे एक करोड़ तक का कर्ज तो वसूल लिया गया। लेकिन शेष दो करोड़ रुपये का कर्जा अभी भी बकाया है। कर्ज जमा नहीं होने की वजह यह भी रही कि टैक्स विभाग में एकमात्र राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार ही तैनात हैं। रिक्त चल रहे निरीक्षकों के पद पर नगर पालिका परिषद बिजनौर से शमीम अहमद की तैनाती हुई है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि एक निरीक्षक की तैनाती पिछले दिनों हुई है। अब यहां दो निरीक्षक हो गए हैं। निरीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि जिन लोगों पर गृह कर व जल कर बकाया है, उन्हें नोटिस दिए जाएं।

एक नजर

शहर को नहीं मिल रही निर्बाध रूप से बिजली

रामपुर, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के जिलाध्यक्ष असलम खां ने कहा कि शहर में निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिल रही है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों डाक के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा था। इसमें उनका कहना था रमजान को ध्यान में रखते शहर को 24 घंटे बिजली दिलाए जाए। कहा कि जर्जर तारों को बदलवाया जाए। ताकि कोई फॉल्ट न हो। कहा कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में साफ-सफाई का विशेष तौर से ध्यान रखा जाए। उन्होंने नगरवासियों को निर्बाध रूप से बिजली दिलाने की मांग की है।

डेढ़ घंटे हुई आजम और जिलाध्यक्ष की बात

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर सहित हरदोई से संदेश लेकर आये आजम के साढ़ू और साली ने की मुलाकात

अमृत विचार : जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से मंगलवार को जेल में रामपुर के सपा जिलाध्यक्ष सहित तीन लोगों ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की हलचल को बढ़ा दिया है। आजम खां के पत्र जारी करने के बाद रामपुर के जिलाध्यक्ष की आजम से यह दूसरी मुलाकात है। इस दौरान हरदोई जेल से आजम के बेटे का संदेश लेकर आये आजम खां के साढ़ू और साली ने भी मुलाकात की। सपा जिलाध्यक्ष और आजम के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई। चुनाव के बीच सपा नेताओं के बीच यह चर्चा रामपुर और मुरादाबाद सीट को लेकर अहम मानी जा रही है। आजम खां रामपुर जेल से 22 अक्टूबर को सीतापुर जेल में शिफ्ट किये गये थे। एमपी-एमएलए कोर्ट से आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई गई थी। आजम से जेल में मुलाकातों में अब विराम लग चुका है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जेल में आजम से रामपुर की सीट को लेकर गहन चर्चा की थी। मंगलवार की सुबह रामपुर से सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर सहित हरदोई जेल से उनके बेटे अब्दुल्ला से मिलकर आये आजम से साढ़ू जियाउलरहमान और साली ने सुबह 12 बजे ऑनलाइन पंजीकरण कराकर आजम से मुलाकात की। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष आजम के लिए खजूर सहित अन्य खाने पीने की चीजें लेकर पहुंचे थे। जेल सूत्रों की मानें तो डेढ़ घंटे तक चली मुलाकात के दौरान रामपुर और मुरादाबाद सीट को लेकर भी आजम और सपा जिलाध्यक्ष के बीच काफी देर तक बातचीत हुई।

जिलाध्यक्ष से मुलाकात क्या बनी बात

जेल में अखिलेश यादव की मुलाकात के दौरान आजम ने अपने गढ़ को बचाने के लिए रामपुर से अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की राय दी थी। बावजूद इसके अखिलेश यादव ने रामपुर से चुनाव न लड़ने पर आजम खां की तरफ से सपा जिलाध्यक्ष ने पत्र जारी कर रामपुर सीट से चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की थी। आजम के पत्र के बाद अप्रैल के पहले दिन ही जिलाध्यक्ष से मुलाकात रामपुर की सीट को लेकर अहम मानी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि सपा हाईकमान के निर्देश पर जिलाध्यक्ष ने आजम से चुनाव बहिष्कार को खारिज करने पर मनाने का काम किया है।

जरुरतमंद लोगों को राशन देते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

समिति ने जरुरतमंद परिवारों को राशन का वितरण किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: वीर खालसा सेवा समिति ने जरुरतमंद परिवारों को राशन का वितरण किया। वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति जरूरतमद लोगों की सेवा करती रहती है। मंगलवार को भी जरूरतमंद लोगों को आटा, दाल, चावल का वितरण किया गया।

वीर खालसा सेवा समिति के सदस्य मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। वीर खालसा सेवा समिति हमेशा ही जरूरतमंदों के साथ आगे भी सेवा कार्य करती रहेगी। दो लोगों को रक्त की व्यवस्था भी कराई गई। अवतार सिंह ने कहा कि खून के बिना किसी की जान न जाए। इसके लिए समिति के लोग हमेशा तत्पर रहते हैं। इस मौके पर मनमीत सिंह, सेवा सिंह, अमनदीप सिंह, मनजीत सिंह, हरदेव सिंह, सनी कपूर मौजूद रहे।

कार्यक्रम स्लोगन प्रतियोगिता में स्नेहा, फातिमा और सना रहीं प्रथम, पोस्टर प्रतियोगिता में उन्नति, श्रद्धा और मुबश्शरा ने बाजी मारी

मतदान बढ़ाने को मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी : अली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता हुई। स्लोगन प्रतियोगिता में स्नेहा ठाकुर, फातिमा खान, सना मकसूद को पहला स्थान मिला। निगारोबी अमसल खान व मधु सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। अल्फेज, विशाल और मोहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्वीप के अपर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करना है।

राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय रजा इंटर कॉलेज में मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल प्रभारी अधिकारी मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम हुआ। पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आरंभ स्वीप अपर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने किया। प्रतियोगिता में 28 विद्यालयों के 300 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में तीनों वर्ग में स्नेहा ठाकुर, फातिमा खान व सना मकसूद को पहला स्थान मिला। जबकि निगारोबी अमसल खान व मधु सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। अल्फेज, विशाल और मोहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में उन्नति मिश्रा, श्रद्धा और मुबाश्शरा प्रथम जबकि कल्पना, सुबेबा, फोएजा द्वितीय स्थान पर रहीं। अरुनीमा माहेनूर और अंतशा बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रधानाचार्य जमील अहमद ने अतिथि और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्राएं एवं मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता के दौरान चार्ट दिखातीं छात्राएं।

कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

राजकीय रजा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. अभिलाष कुमार, राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डा. शालू कौशल, राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज ब्वाइज की प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी, किला इंटर कॉलेज की तृप्ति माहौर आदि।

क्षय रोग केंद्र में रोगियों किए जा रहे डिजिटल एक्स-रे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: जिला अस्पताल स्थित क्षय रोग केंद्र में रोगियों के निःशुल्क डिजिटल एक्सरे हो रहे हैं। पहले टेक्नीशियन के नहीं होने के कारण रोगियों को एक्स-रे कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

जिला क्षय रोग केंद्र में एक्स-रे मशीन तो थी लेकिन, टेक्नीशियन के नहीं होने से रोगियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बिना एक्स-रे के क्षय रोग की पुष्टि नहीं होती पाती है। ऐसे में रोगियों को निजी चिकित्सकों के यहां जाना पड़ता था। अथवा उन्हें जिला अस्पताल भेजा जाता था। इस समस्या के बारे में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सत्यप्रकाश ने मुख्य चिकित्साधिकारी को बताया।

जिला क्षय रोग केंद्र में रखी एक्स-रे मशीन। ● अमृत विचार

- टेक्नीशियन नहीं होने पर रोगियों को होती थी दिक्कत

सीएमओ डा. एसपी सिंह ने एक्स-रे कराने की परेशानियों को देखते हुए टेक्नीशियन की तैनाती कराई है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि केंद्र में प्रतिदिन सात से आठ रोगियों के एक्स-रे हो रहे हैं। यहां टेक्नीशियन की तैनाती होने से रोगियों को अब जिला अस्पताल या प्राइवेट चिकित्सक के यहां जाने की जरूरत नहीं है।

थाने के सामने बस खड़ी होने से लगता है जाम

रामपुर, अमृत विचार : रोडवेज बस चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। रोजाना सवारियां भरने के लिए सिविल लाइंस और आंबेडकर पार्क के सामने बसों को खड़ा कर देते हैं। इसके कारण हाईवे पर जाम लग जाता है। इससे हादसे का अंदेशा बना रहता है। इस बारे में कई बार लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया है। लेकिन इसके बाद भी रोडवेज चालक-परिचालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

मंगलवार को हाईवे पर जहां-तहां रोडवेज की बसें खड़े करने से आंबेडकर पार्क के सामने जाम लग गया। खीरा, ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक बेचने वाले बस आने पर दौड़ लगा देते हैं। इस दौरान कई बार कार चालक और बाइक सवारों की चपेट में आकर लोग घायल हो चुके हैं। सवारियों की तलाश में हाईवे पर ई-रिक्शा चालक बेतरतीब खड़े हो जाते हैं।

एक नजर

डीएम से की राशन हड़पने की शिकायत

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय प्रेस कालोनी निवासी दिपन दत्तक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। इसमें उसका कहना है कि तहसील मिलक के गांव परम निवासी दुर्गेश की पत्नी नीलम के नाम से अंतोदय कार्ड बना हुआ है। नीलम ने कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर यूनिट बढ़वा लिए हैं। इसके जरिए वह सरकारी राशन हड़प रहा है। आरोप लगाया है कि वह पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस में भी धोखाधड़ी कर चुकी है। जिलाधिकारी से मामले की जांच कराने की मांग की है।

दरवाजे पर खेल रही बच्ची को कुत्तों ने काटा

रामपुर, अमृत विचार : टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के दरवाजे पर खेल रही तीन साल की बालिका को कुत्तों ने काटकर जख्मी कर दिया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए और उसे कुत्तों से छुड़ाया। इसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घटना टांडा थाना के क्षेत्र गांव मरघटी की है। यहां रहने वाले रोशनलाल की तीन साल की बेटी सोनिया शाम के समय अपने घर के दरवाजे के पास खेल रही थी। इस दौरान कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची को काटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए। उन्होंने किसी तरह बच्ची को कुत्तों से बचाया। इस बीच बच्ची के परिजन भी आ गए। वह बालिका लेकर जिला अस्पताल भागे। डॉक्टरों ने बच्ची को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

केमिकल डालकर आठ बीघा फसल बर्बाद करने का आरोप

शाहबाद, अमृत विचार : ग्राम महेबा निवासी विनोद की पत्नी नन्ही और हरिओम की पत्नी मंजू ने एसडीएम से गांव के ही व्यक्ति की शिकायत की है। महिलाओं के अनुसार उन्होंने अपनी भूमि में गेहूं की फसल बो रखी थी। गांव के ही व्यक्ति ने रंजिशन उनकी करीब आठ बीघा फसल पर केमिकल का छिड़काव कर दिया। इससे फसल बर्बाद हो गई। आरोप यह भी है कि पिछले वर्ष उनकी गन्ने की खड़ी फसल पलटकर खराब कर दी थी। महिलाओं के पास बच्चों के लालन-पालन के लिए खेती ही एकमात्र सहारा है। उनके सामने बच्चों को पालने का संकट खड़ा हो गया है। मांग उठाई कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करें और महिलाओं को आर्थिक सहायता दिलाई जाए।

सपा के शासनकाल में रहा गुंडों-माफिया का राज : बृजेश

बिलासपुर में हुआ बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुख सम्मेलन, उप मुख्यमंत्री ने गिनाईं डबल इंजन सरकार की योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के शासनकाल में गुंडों-माफिया का राज रहा है। सपा सरकार में महिलाओं को घरों से निकलना दुश्वार था, लेकिन, आज महिलाएं किसी समय कहीं भी आ-जा सकती हैं।किसी की इतनी हिम्मत नहीं कि उनके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ हो जाए।

बिलासपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पहुंचे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निशाने पर समाजवादी पार्टी और उसका शासनकाल रहा। उन्होंने कहा कि आज योगी और मोदी के शासन में जो विकास कार्य हो रहे हैं वह किसी से छिपे नहीं हैं। जनता सब जानती है कि किसके शासनकाल में कितना विकास हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने डबल इंजन वाली सरकार की तमाम योजनाओं को गिनाया।

बिलासपुर के संदली रिजॉर्ट में मंगलवार को हुए सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ने अपने चिर-परिचित अंदाज में सपा के शासनकाल में कानून व्यवस्था पर निशाना साधा। उन्होंने डबल इंजन की सरकार की योजनाएं गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने शौचालय, आवास, बिजली, पानी, आयुष्मान कार्ड, शिक्षा और उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर दिए। इसे पाकर जनता काफी खुश है।

बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस गरीब, वंचित, समाज के लिए काम किया है जिनके बारे में कभी और सरकारों ने नहीं सोचा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चलाई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ आज हर गरीब को मिल रहा है। यही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इन उपलब्धियां को लेकर ही आपको लोगों के बीच जाना है और उनका वोट लेना है। जनपद के जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विकास कार्य कराए हैं। हमारे प्रत्याशी सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने भी जनता के बीच जाकर काम किया है। राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने अपनी विधानसभा में चौमुखी विकास करके दिखाया है। मुझे जनता पर विश्वास है कि वह चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करेंगी। निश्चित ही आने वाले समय में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी दोबारा यहां से सांसद चुनकर सदन में पहुंचेंगे। अपने बूथ पर वोट प्रतिशत, मिलकर बढ़ाना है। अगर हमारा बूथ जीता तो निश्चित ही हम चुनाव जीतेंगे। उन्होंने एक बार फिर सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में गुंडों और माफिया का राज था। अब उत्तर प्रदेश में ऐसे गुंडे माफिया की खैर नहीं है। अब अपराधियों को जेल में डाला जा रहा है, अपराधी खौफ खाने लगें है। खुद आगे आकर सरेंडर कर रहे हैं। इससे पहले बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन में ब्रजेश पाठक का मंच पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भी संबोधन किया।

कार्यक्रम में प्रत्याशी का हाथ उठाते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। ● अमृत विचार

मंच से लोगों का अभिवादन स्वीका करते उप मुख्यमंत्री एवं भाजपाई। ● अमृत विचार

सम्मेलन में यह लोग रहे मौजूद

चुनाव प्रभारी हरि सिंह ढिल्लो, सह प्रभारी मंजू दिलेर, जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी, विधायक राजबाला, आकाश सक्सेना, शफीक अहमद, संयोजक सुरेश गंगवार, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, नगरपालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, पूर्व जिलाअध्यक्ष अभय गुप्ता, विधानसभा प्रभारी भारत भूषण गुप्ता, विधानसभा संयोजक रोहतास मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, कुलवंत औलख, प्रेम शंकर पांडेय, ऋषि पांडेय, चेतन पार्वती, शामिल मिर्जा, इंद्रजीत यदुवंशी, राम सिंह गंगवार, रवि गंगवार, अपना दल अध्यक्ष गणवीर सिंह चौधरी, राष्ट्रीय लोक दल नेता सरदार बिट्टू, अनिल मदान, रविंद्र सिकंदर, सौरभ यदुवंशी, अमन वर्मा, सौरभ भारद्वाज आदि

महिला को पीटने में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला कर दिया था। पीड़िता को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया था। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना टांडा क्षेत्र के गांव सैदनगर निवासी भगवती का पड़ोस के ही कुछ लोगों से चौराहे पर दुकान को लेकर विवाद चल रहा है। वर्षों से चल रहे विवाद में दोनों परिवार कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। महिला 31 मार्च को अपने परिवार के साथ घर में थी। आरोप है कि पड़ोस के कुछ लोग घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी थी। महिला के विरोध करने पर आरोपियों धारदार हथियार से हमला कर दिया था। ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से खिसक गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सत्यवीर सिंह, वीर सिंह, अमित सिंह, सुशांत, समित और दो अज्ञात सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बाइक सवारों ने चिकित्सक पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : चौकी क्षेत्र के गांव सेमरा लाडपुर से दुकान बंद करके लौट रहे चिकित्सक को बाइक सवार तीन युवकों ने लाठी डंडों से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के भाई की ओर से तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

नगर के मोहल्ला तेलीपुरा वार्ड नंबर तेरह निवासी फैज अहमद क्षेत्र के गांव सेमरा लाडपुर में क्लीनिक चलाता है। सोमवार की रात लगभग 10 बजे वह क्लीनिक बंद करके घर लौट रहा था। रास्ते में दो बाइकों पर सवार तीन युवकों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। इसमें उसके पैरों और सिर में गंभीर चोट लगी। शोर-शराबा होने पर मंसूरपुर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। इस पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को स्वार के अस्पताल ले गए। उसकी हालत को देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के भाई मोहम्मद इरफान की तहरीर पर तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जिला अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

गेहूं के खेत में अज्ञात शव मिलने से सनसनी

मिलक, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे गेहूं के खेत में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिलक क्षेत्र के किरा गांव निवासी फजले अहमद के गेहूं के खेत में सोमवार की रात कुछ लोगों ने करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। खेत में शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। किसी ने गेहूं के खेत में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर पुलिस ने करीब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शव करीब पांच दिन पुराना है। शिनाख्त के लिए आसपास के गांवों में संपर्क किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली।

दबंगों के डर से मकान बेचने को विवश है विधवा

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैदनगर में दबंगों के डर तथा पुलिस की लापरवाही से सैनी समाज की विधवा मकान एवं दुकान बेचने को विवश है। उसने मंगलवार को अपनी संपत्ति पर विक्रय का नोटिस चस्पा कर दिया है। आरोप है कि पुलिस ने विधवा की कोई मदद नहीं की। इसके चलते वह परिवार सहित पलायन करने के लिए मजबूर है।

मामला थाना टांडा क्षेत्र के गांव सैदनगर का है। गांव निवासी विधवा भगवती का पड़ोस के ही कुछ लोगों से चौराहे पर दुकान को लेकर विवाद चल रहा है। वर्षों से चल रहे विवाद में दोनों परिवार कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। सोमवार को भगवती अपने परिवार के साथ घर में थी। आरोप है कि पड़ोस के चार-पांच लोग घर के घुस आए और आते ही मारपीट शुरू कर दी थी। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया था। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्यों से भी मारपीट की गई। चीख-पुकार होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर आ गए। तब आरोपी वहां से चले गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया था। विधवा का आरोप है कि पुलिस दबंग आरोपियों से मिली हुई है। इसीलिए उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। दबंग लगातार उसे धमका रहे हैं। दबंगों के डर से मंगलवार को भगवती ने अपने मकान व दुकान पर मकान बिकाऊ है का कागज चस्पा कर दिया। उसने दीवार पर भी मकान बिक्री के बारे में लिखा है।

सैदनगर के गांव में बैठी महिलाएं। ● अमृत विचार

> महिला से मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता को हर कीमत पर इंसाफ दिलाया जाएगा। –सुरेंद्र सिंह पिचौरी, प्रभारी टांडा

दंबगों के डर से दीवार चस्पा किया गया मकान बेचने का कागज। विचार

- ग्राम सैदनगर का मामला, दीवार पर लिखा-यह मकान बिकाऊ है
- पुलिस की मदद न मिलने पर परिवार पलायन को मजबूर

जयाप्रदा की केमरी और स्वार के मामलों में सुनवाई 10 को

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रही मामले की सुनवाई

अमृत विचार : फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के केस दर्ज हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में सुनवाई हो रही है। मंगलवार को केमरी के मामले में जयाप्रदा को बयान कराने आना था। लेकिन वह नहीं आ सकीं। इसके अलावा स्वार के मामले में भी पेश होना था। जयाप्रदा के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। अब इस मामले में 10 अप्रैल को सुनवाई होगी।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया था। यह दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इनकी सुनवाई एमपी-एमएएल मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। मंगवार को केमरी और स्वार के दोनों मामलों में सुनवाई होनी थी। जयाप्रदा को केमरी के मामले में बयान दर्ज कराने आना था, लेकिन वह नहीं आ सकीं। इसके अलावा स्वार के मामले में भी उन्हें अदालत में आना था। जयाप्रदा के अधिवक्ता की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र दिया गया।

एसएमसी की बैठक आज नहीं होगी

रामपुर, अमृत विचार : आचार संहिता के कारण बेसिक स्कूलों में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को होने वाली विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक इस बार नहीं होगी।

परिषदीय स्कूलों में प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक होती है। इसमें अभिभावक भी उपस्थित होते हैं। बैठक में छात्रों की शिक्षा से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

अप्रैल की इस बैठक में छात्रों नामांकन के संबंध में चर्चा होनी थी। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि तीन अप्रैल को होने वाली एसएमसी की बैठक आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण नहीं होगी।

रेस्टोरेंट की ओपनिंग पार्टी नहीं देने पर मारपीट

संवाददाता, बिलासपुर

- संचालक सहित परिवार की महिलाओं से भी मारपीट करने का आरोप

अमृत विचार : रेस्टोरेंट की ओपनिंग में पार्टी देने से मना करने पर कुछ युवकों ने तोड़फोड़ कर दी। संचालक व उनके परिजनों के साथ मारपीट भी की। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव निवासी शिवम की पत्नी शन्नो रानी ने बताया कि उसके पिता ने गांव के तिराहे पर रविवार को रेस्टोरेंट की ओपनिंग की थी। दोपहर दो बजे तक पार्टी चली थी। शाम चार बजे गांव के ही आधा दर्जन युवक रेस्टोरेंट में पहुंचे। उन्होंने ओपनिंग में न बुलाने की बात करते हुए बहस की। इसके बाद अभी पार्टी देने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने मारपीट और रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हंगामा होने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। तब आरोपी धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित के मुताबिक मारपीट में उसके परिवार के छह सदस्य घायल हो गए। आरोप लगाया कि उसने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है।

ट्रक खराब होने से मुख्य मार्ग पर लगा जाम

टांडा, अमृत विचार : मुख्य मार्ग पर नगर पालिका के पास मंगलवार दोपहर ट्रक में आई खराबी के चलते मार्ग पर जाम लग गया। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चालक ने मैकेनिक को बुलाकर ट्रक की खराबी दूर कराई तब जाम खुला।

नगर पालिका के पास दोपहर के समय एक ट्रक में अचानक खराबी आ गई। इसकी वजह से चालक को ट्रक रोकना पड़ा। परिणामस्वरूप मुख्य मार्ग पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रक चालक ने मैकेनिक को बुलाकर ट्रक में आयी खराबी को दूर कराया। इसके बाद चालक ट्रक को गंतव्य स्थल के लिए लेकर रवाना हो गया। जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत महसूस की।

मकान के निर्माण को लेकर ग्रामीण को किया घायल

संवाददाता, पटवाई

- मकान की दीवार सड़क से हटाकर न बनाने पर हुई मारपीट
- तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्ज की एनसीआर

अमृत विचार : मकान का निर्माण कर रहे ग्रामीण को गांव के ही व्यक्ति ने दीवार सड़क से पीछे हटाकर बनाने को कहा। इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ा कि लाठी-डंडे चल गए। इसमें दो लोग घायल हो गए। मामले तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली है।

सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव पटरिया निवासी सिपाही लाल अपने भाई रामबहादुर के साथ मकान का निर्माण कर रहे थे। गांव का ही कैलाश,अंगनलाल और उसके साथी ने उनसे मकान की दीवार सड़क से पीछे हटाकर बनाने को कहा। इस पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। उसके बाद लाठी-डंडे चले। इसमें सिपाही लाल का बेटा घायल हो गया। मामले की तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली थी। लेकिन मंगलवार को घायल के पिता सिपाही लाल को दूसरे पक्ष ने घेर लिया और पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलय को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि मामले में एनसीआर दर्ज है। आरोपी का चालान भी किया जा चुका है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी के परिजनों मंगलवार को उसे फिर से पीट दिया।

लापरवाही जिलाधिकारी से की विभागीय अधिकारियों की शिकायत, भुर्जी की मडैया में मानक के अनुरूप नहीं हो रहा सड़क निर्माण

सड़क निर्माण में गुणवत्ताविहीन सामग्री लगाने पर भड़के ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सड़क निर्माण में गुणवत्ताविहीन सामग्री लगाने पर ग्रामीण भड़क गए। ब्लॉक सैदनगर के ग्राम भुर्जी की मडैया के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से विभागीय अधिकारियों की शिकायत की है। आरोप है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की ठेकेदार से साठगांठ है। इसके कारण सीमेंट, बालू, सरिया समेत तमाम सामग्री में घपला किया जा रहा है। मांग है कि सड़क निर्माण में प्रयुक्त निर्माण सामग्री की जांच कराई जाए और संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

जिलाधिकारी को भेजे पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे नाली, खड़ंजे और सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाई जा रही है।

भुर्जी की मंडैया में नाली निर्माण के लिए

इसका विरोध करने पर एई, जेई और ठेकेदार ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली के निर्माण में 25 सेंटीमीटर की दूरी पर सरिया पड़ना चाहिलए। लेकिन मानक के अनुरूप नहीं डाला जा रहा है। आरोप लगाया कि यह सब एई और जेई की मिलीभगत से हो रहा है। जिलाधिकारी से की गई शिकायत में कहा गया है कि निर्माण कार्य में एई अविलीश और जेई अकील अहमद ठेकेदार से घटिया सामग्री लगवा रहे हैं। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने अधिकारियों से बात की। ग्रामीणों का आरोप है कि 25 सेंटीमीटर की बजाए दो और डेढ़ फीट के बीच में सरिया डाला जा रहा है। ठेकेदार से साठगांठ कर अधिकारी यह सब करा रहे हैं। रेत और सीमेंट के मिश्रण में भी मानकों की अनदेखी की जा रही है।

> निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा धांधली बरती जा रही है। घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। – दिलीप सिंह

> अधिकारी निर्माण कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। इसमें मानकों की अनदेखी की जा रही है। – झम्मन सिंह

> निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने के बारे पूछा था। इस पर वह जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। – प्रदीप कुमार

> जिस तरीके से सामग्री लगाई जा रही है, उस हिसाब से काम ज्यादा दिन तक नहीं टिक पाएगा। – अशोक कुमार

> निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। मानक के अनुसार काम कराया जाएगा। मानक के अनुरूप काम नहीं करने पर ठेकेदार व फर्म स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। –केवी सिंह, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड

निर्माण कार्य में हीलहवाली पर होगी रिपोर्ट

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता केवी सिंह का कहना है कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बरतने पर ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। इसे लेकर कर्मचारियों की बैठक पहले ही दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बाद भी गड़बड़ी मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए नोटिस दिया जाएगा।

बच्चों से मिलने से आई महिला के प्रेमी को पीटा

संवाददाता, स्वार

- छह माह पूर्व प्रेमी के साथ फरार हो गई थी तीन बच्चों की मां

अमृत विचार : तीन बच्चों की मां प्रेम-प्रसंग के चलते छह माह पूर्व प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। छह माह बाद वह बच्चों से मिलने प्रेमी के साथ आई थी। इस दौरान परिजनों ने प्रेमी की धुनाई कर दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों प्रेमी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।

मामला कोतवाली से सटे एक गांव का है। उत्तराखंड के बाजपुर के एक मोहल्ला निवासी धीरज व सोनू ममेरे-फुफेरे भाई है। दोनों एक-दूसरे के घर आना-जाना था। इस दौरान धीरज की सोनू की पत्नी से आंख लड़ गईं। दोनों मे बातचीत शुरू हो गई, लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। प्रेमी-युगल ने साथ जीने-मरने की कसमें खा लीं। इसका पता लगने पर सोनू के परिजनों ने धीरज के घर आने पर पाबंदी लगा दी। इसके चलते छह माह पूर्व प्रेमिका अपने तीन बच्चों को छोड़कर धीरज के साथ फरार हो गई। महिला के परिजनों ने धीरज के परिजनों के साथ उसे काफी तलाश किया लेकिन, पता नहीं लग सका। इस बीच प्रेमिका को अपने बच्चों की याद आने लगी। सोमवार की देर रात प्रेमी बच्चों से मिलाने के लिए उसे लेकर गांव पहुंच गया। महिला के साथ उसके प्रेमी को साथ देख परिजन भड़क गए। उन्होंने प्रेमी की जमकर धुनाई कर दी। इस बीच सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। महिला के परिजनों ने प्रेमी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक का शांति भंग में चालान कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में की पैदल गश्त

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव के मददेनजर अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा आगामी त्योहार के तहत क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत की। एसपी ने थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त की। पैदल गश्त के दौरान लोगों से संवाद भी किया।

वल्नरेबल मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मददेनजर जिले में प्रेक्षक तैनात किए गए हैं। मंगलवार को प्रक्षेक ने सिविल लाइन क्षेत्र में वल्नरेबल व क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी को सख्ती से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी नगर और प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन भी मौजूद रहे।

एक नजर

डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक जख्मी

शाहबाद, अमृत विचार : गांव रवानी पट्टी ऊदा निवासी 22 वर्षीय विजेंद्र शाहबाद की ओर आ रहा था। रास्ते में डंपर ने उसकी बाइक को साइड मार दी। हादसे में विजेंद्र बुरी तरह जख्मी हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर पुलिस ने तमंचा के साथ एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। थाना अजीमनगर पुलिस ने लईक पुत्र सगीर निवासी गांव बजावाला को एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस के साथ ईदगाह चौराहे से सरकारी स्कूल ग्राम बजावाला को जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। चुनाव के मद्देनजर पुलिस बदमाशों पर शिकंजा कस रही है। ताकि, लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि बदमाश जिला छोड़ दें अन्यथा उनकी जगह जेल में होगी।

बाजार में कुर्ते-पायजामों की बढ़ी मांग

मुंबई का अध्धी कुर्ता, लखनवी चिकन और लिनेन कुर्तों की धूम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ईद के मौके पर बाजार में रंग-बिरंगे कुर्ते व पायजामे की बहार है। बाजार में मुंबई का अध्धी कुर्ता, लखनवी चिकन और लिनेन कुर्तों की धूम है। गर्मी में कुर्ता पहनना हलका होता है। इसलिए कई रंगों में कुर्ता बाजार में उतारा गया है। बच्चों से लेकर बड़ों के लिए कुर्ते-पायजामों की हर रेंज बाजार में उपलब्ध हैं। बच्चों और बड़ों के लिए प्रिंस कोट व कुर्ता समेत कई रंगों में शेरवानी भी बाजार में उपलब्ध है। इसके अलावा मलेशियाई लुंगी भी लोगों को खूब भा रही है।

शिद्दत की गर्मी के बावजूद बाजारों में सुबह से देर तक चहल-पहल है। बाजारों में सबसे ज्यादा कुर्ते-पायजामे की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही हैं। कुर्ता, पायजामा कारोबारी मोहम्मद अहमद ने बताया कि मध्यम वर्ग के लोग लुंगी, कुर्ता ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बच्चे व युवा जींस, शर्ट व पेंट खूब पसंद कर रहे हैं। इसकी रेंज 400 से 4000 रुपये तक है। साड़ी व्यवसायी सुरेश कपूर ने बताया कि ईद के मद्देनजर काटन साड़ी, सिल्क साड़ी की मांग अधिक हैं। काटन साड़ियां 500 से एक हजार रुपये तथा सिंथेटिक साड़ियां एक हजार से दो हजार रुपये की रेंज तक बिक रही हैं।

बाजार सफदर गंज में कपड़ा खरीदते लोग। ● अमृत विचार

इत्र और परफ्यूम की भी महक रही खुशबू

ईद पर बाजारों में इत्र और परफ्यूम का कारोबार काफी बढ़ गया है। दुकानों पर इत्र और परफ्यूम की खुशबू खूब महक रही है। परफ्यूम 100 रुपये से दो हजार रुपये तक उपलब्ध है। इसके अलावा इत्र की कई किस्में बाजार में मौजूद हैं। लोगों को ऊध इत्र खूब पसंद आ रहा है। हालांकि, लोग अपनी पसंद की महक के मुताबिक इत्र की खरीदारी कर रहे हैं।

कोरोना काल के बाद बाजारों में आई रौनक

कोरोना के चलते दो साल तक ईद का बाजार काफी प्रभावित हुआ था। लेकिन इस बार बाजार गुलजार है और बाजारों में खूब रौनक दिख रही है। ईद पर खरीदारी को लेकर लोग खुलकर खर्च कर रहे हैं। ईद पर कपड़ा, किराना, फुटवियर, कास्मेटिक व जनरल मार्केट में खूब खरीददारी हो रही है। कपड़े के कारोबारी रवि बताते हैं कि महंगाई का असर है। लेकिन लोग जरूरत के सामान खरीद रहे हैं।

महिलाओं को भा रहे जरी-जरदोजी के सूट

महिलाओं को जरी-जरदोजी के काम से सजे सूट खूब भा रहे हैं। जरी-जरदोजी के सूट की रेंज ढाई-तीन हजार रुपये से शुरू होकर 50 हजार रुपये तक है। चांदी और सोने के तार से बना जरी-जरदोजी का काम बहुत महंगा होता है। स्टील के तार से बने सूट ढाई से तीन हजार रुपये में उपलब्ध हैं।

श्रम विभाग में 7 अप्रैल तक जमा कराएं अभिलेख

रामपुर, अमृत विचार : सहायक श्रमायुक्त ने कहा कि सात अप्रैल तक श्रमिक पंजीयन, बालक-बालिका का जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जमा करने का अंतिम अवसर दिया गया है। समयावधि गुजर जाने के बाद श्रमिक स्वयं जिम्मेदार होंगे। श्रमिकों को शासन से लाभ नहीं मिल सकेगा।

सीआरपीएफ फोटो चुंगी स्थित श्रम विभाग के सहायक श्रमायुक्त नम्रता सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निनर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा 2024-25 में श्रमिकों द्वारा बालक-बालिका के प्रवेश के लिए आवेदन किए गए थे। इनमें 14 मार्च को समस्त बालक-बालिकाओं को चयन परीक्षा में औपबंधिक रूप से शर्त पर शामिल किया गया था कि आवेदन संबंधित अभिलेख कार्यालय में जमा कराएं। इसके बावजूद कुछ आवेदकों ने अभी अभिलेख को पूरी तरह शामिल नहीं किया गया है। शेष आवेदकों को अंतिम अवसर सात अप्रैल तक का दिया गया है। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई विचार नहीं किया जाएगा। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि इसके लिए श्रमिक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

परीक्षा होने के बाद प्रश्न पत्र पर चर्चा करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

सीबीएसई के परीक्षार्थियों ने दी कंप्यूटर साइंस की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : करीब एक माह से चल रहीं सीबीएसई की परीक्षाएं मंगलवार को खत्म हो गईं। मंगलवार को कंप्यूटर साइंस और दो अन्य विषयों का पेपर होने के बाद छात्र-छात्राओं ने राहत की सांस ली।

मंगलवार को सीबीएसई इंटरमीडिएट की कंप्यूटर साइंस की परीक्षा ग्रीनवुड, केंद्रीय विद्यालय सनवे स्कूल, सेंटमेरीज, सेंटपॉल्स, दयावती मोदी एकेडमी, व्हाइटहॉल और होली चाइल्ड समेत 13 स्कूलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर हुईं। इसमें 226 में से 224 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दो परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी की परीक्षा हुई। इसमें 40 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इसके अलावा इनफोरमैटिक प्रैक्टिस की परीक्षा हुई। इसमें 307 परीक्षार्थियों में से 305 ने परीक्षा दी। दो परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

> सीबीएसई की परीक्षाएं मंगलवार को समाप्त हो गईं। कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी और इनफोरमैटिक प्रैक्टिस की परीक्षा हुई। दो परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है।
>
> –नीरज तिवारी, सिटी कोआर्डिनेटर सीबीएसई परीक्षा

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी चार दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

संवाददाता, पटवाई

अमृत विचार : पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें उसने बताया था कि शुक्रवार को उसकी 16 वर्षीया बेटी अपनी बहन और भाइयों के साथ कमरे में सो रही थी। देर रात करीब 11 बजे थाना क्षेत्र के गांव रहटगंज निवासी लाखन और मड़ैया जौलपुर निवासी मनवीर घर में घुसकर उसकी बेटी का अपहरण करके ले गए थे। आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। हालांकि, पीड़ित और आरोपी के बीच समझौता होने की भी सुगबुगाहट है।

ग्रामीण का कहना था कि 30 मार्च की तड़के करीब चार बजे उनकी बेटी मंदिर के पास दिखाई दी थी। पीड़ित ने आवाज लगाई तो आरोपी उसे सड़क पर फेंक कर फरार हो गए थे। इस घटना में किशोरी का हाथ भी टूट गया था। किशोरी ने अपने साथ दुष्कर्म की बात बताई थी।

पुलिस ने दुष्कर्म की बजाय अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर की। लेकिन पुलिस आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोरी के न्यायालय में बयान हो गए हैं। वह अस्पताल में भर्ती है। आरोपी अभी फरार हैं।

हालांकि पुलिस टीम उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। जल्दी ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

▸▸ पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को हुई थी घटना

आरोपियों ने पीड़ित से कर लिया समझौता

घटना के चार दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। सूत्रों की माने तो पीड़ित के परिजनों ने आरापियों से समझौता कर लिया है। समझौते में पुलिस कार्रवाई वापस लेने और आरोपी के साथ किशोरी की शादी कराने की बात सामने आ रही है। यह फैसला होने के बाद आरोपी ने पूरे गांव में मिठाई का वितरण भी किया है। वहीं दूसरी ओर थानाअध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि ऐसा कोई भी तथ्य उनके संज्ञान में नहीं है।

बैठक में मौजूद बसपा प्रत्याशी जीशान खां व अन्य। ● अमृत विचार

भाजपा सरकार में भय का माहौल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी जीशान खां ने कहा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी धर्मों के लोगों को संग लेकर चलती है। कहा कि बसपा शासनकाल में कानून व्यवस्था चाकचौबंद थी। किसी कमजोर या गरीब का उत्पीड़न नहीं होता था। लेकिन आज हर आदमी खुद को डरा महसूस कर रहा है।

लोकसभा प्रत्याशी जीशान खां समर्थकों के साथ केमरी, बिलासपुर व स्वार पहुंचे। जहां उनका लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। बिलासपुर की एसडीएम कालोनी स्थित किशोरी लाल प्रजापति के आवास पर बैठक हुई। इसमें पूर्व मंडल कोआर्डिनेटर शहाब खां ने पार्टी की योजनाओं के बारे में बताया। इसके बाद प्रत्याशी स्वार के मुंशीगंज स्थित रिजवान अली के आवास पहुंचे। मोहल्ला चक स्वार में लोगों से मिले। जिलाध्यक्ष प्रमोद निरंकारी, सदाकत हुसैन, राकेश सागर, अशोक कुमार, ओमकार सिंह लोधी, चंद्रपाल सागर रहे।

शिक्षकों की कमी शीघ्र दूर कराएं : अनवर

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक मंगलवार को नगर के मोहल्ला खास स्थित कार्यालय पर हुई। नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि राजकीय इंटर कॉलेज एवं महिला इंटर कॉलेज की इमारत जर्जर हो चुकी है। इससे हादसे का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि स्कूल-कालेजों में शिक्षकों की कमी को शीघ्र दूर कराया जाए।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्कूलों की इमारतें जर्जर हो गई हैं। लेकिन इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। इनकी मरम्मत कराई जाए। ताकि पढ़ने वाले बच्चे सुरक्षित रह सकें। दोनों कॉलेजों में अध्यापकों कमी को शीघ्र पूरा कराया जाए। जिससे बच्चे पढ़ सकें और आगे बढ़ सकें। इसके बाद व्यापार मंडल ने शिक्षा मंत्री को पत्र भेजा।

इसमें कालेज की मरम्मत कराने के साथ ही शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति कराने की मांग की। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री शिव औतार सक्सेना उर्फ मन्नू, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, महासचिव गुड्डू अली, शाहजमान खान, संजय वाल्मीकि, मिन्टू सिंह, संगठन मंत्री गुड्डू हाफिज, नगर मंत्री फुरकान अली, कदीर भाई, फराज मेंबर, गगन सचदेवा, वीरेंद्र राठौर, इस्लाम भाई, नन्हे भाई, सब्बू भाई, भूरा भाई, हामिद भाई, अफरोज खान, जुनैद खान, इरफान अली आदि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनवर अली। ● अमृत विचार

▸▸ व्यापारियों ने बैठक के बाद शिक्षा मंत्री को भेजा पत्र

▸▸ कहा- स्कूलों की इमारतें हो गई हैं जर्जर, नहीं दिया जा रहा ध्यान

नियमों को ताक पर रखकर चालक भर रहे सवारियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हाईवे पर टेंपो चालक नियमों को ताक पर रखकर मनमानी कर रहे हैं। इन्हें न तो पुलिस का खौफ है और न ही सवारियों के जीवन की चिंता। जहां मन में आया वाहन को रोक कर सवारियां बिठाने लगते हैं। कई ऑटो तो सवारियों को पीछे लटकाकर ले जाते हैं। यह चालक लोगों को मौत बांट रहे हैं।

शहर में करीब दो हजार के करीब टेंपो हैं। कई चालक तो बिना परमिट के ही फर्राटा भर रहे हैं। टेंपो में 20-25 सवारियों लेकर चलते हैं। इसके चलते कई ऑटो रिक्शा दुर्घटना का शिकार भी हुए हैं। असके बाद भी चालक नियमों को ताक पर रखकर आंबेडकर पार्क और फोटो चुंगी के पास से सवारियां ठूंसकर भर लेते हैं। पुलिस अधिकारी भी इन्हें रोक पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। चालक सारे नियम तोड़कर टेपों में धड़ल्ले से सवारियां भर रहे हैं। एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

हाइवे पर जाता वाहन। ● अमृत विचार

▸▸ किसी भी समय हो सकता है बड़ा हादसा

खेतों में तैयार हुआ किसानों का सोना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : खेतों में किसानों का सोना यानी गेहूं पककर तैयार हो गया है। पिछले तीन वर्ष से गेहूं की फसल तैयार होते ही आंधी बारिश शुरू हो जाती है। बारिश होने से कोसी में उफान आने पर गेहूं की तैयार फसल तबाह हो जाती है। इस बार फसल काफी अच्छी है। इसलिए किसान ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि फसल सही सलामत उनके घर तक पहुंचने तक बारिश न हो।

गेहूं की फसल इस वर्ष अच्छी हुई है। इस समय फसल पूरी तरह तैयार है। किसान मोहम्मद अहमद बताते हैं कि पिछले तीन वर्ष से फसल पकते ही मौसम का मिजाज बदल जाता है। इसके कारण फसल खेतों में ही तबाह हो जाती है। किसान विनोद यादव का कहना है कि ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है कि जब तक गेहूं की फसल किसानों के घरों तक न पहुंच तब तक मौसम की मेहरबानी बनी रहे। पिछले तीन वर्ष से लगातार ऐसा हो रहा है कि फसल पकने के बाद आंधी-बारिश शुरू हो जाती है। इससे खेतों में पानी भर जाता है और गेहूं की फसल बर्बाद हो जाती है। किसानों को बर्बाद हुई फसल का मुआवजा भी नहीं मिला है। हालांकि, गेहूं की फसल अच्छी होने पर किसानों के चेहरे खिले हुए हैं।

खेत में खड़ी गेहूं की तैयार फसल। ● अमृत विचार

▸▸ तीन वर्ष में गेहूं तैयार होने पर शुरू हो जाती है आंधी-बारिश

▸▸ कोसी नदी में बाढ़ आने से तबाह हो जाती है तैयार फसल

> जिले में करीब एक लाख 52 हजार हेक्टेयर गेहूं का रकबा है। इस वर्ष गेहूं की फसल अच्छी हुई है। यदि मौसम 15 दिन तक ठीक रहता है तब किसानों की फसल कटकर घरों तक पहुंच जाएगी।
>
> –नरेंद्र पाल, जिला कृषि अधिकारी

नवीन मंडी के पास कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

रामपुर, अमृत विचार : नवीन मंडी के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। इसके बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सिविल लाइन के ज्वालानगर निवासी राजेश मंगलवार शाम बाइक पर सवार होकर से किसी काम से स्वार की ओर जा रहा था। इसी बीच मंडी के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें राजेश बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी चालक कार समेत फरार हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी गई है।

वार्डों में चस्पा नहीं है निरीक्षक और सुपरवाइजर की सूची

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए अधिकतर वार्डों में निरीक्षक और सुपरवाइजरों की सूची चस्पा नहीं हैं। इसकी वजह से लोगों को नहीं पता कि वार्ड में सुपरवाइजर या निरीक्षक कौन हैं। इस कारण लोग नगर पालिका कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। लोगों को काफी परेशानी होती है।

नगर पालिका में मौजूदा समय में 43 वार्ड हैं। इन वार्डों में अक्सर साफ-सफाई के लिए लोगों को पालिका के चक्कर लगाने पड़ते है। इसके बावजूद उनका काम नहीं हो पाता है। फरवरी 2023 में पालिका प्रशासन द्वारा 43 वार्डों के बाहर वार्ड का नाम लिखते हुए सफाई नायक और निरीक्षकों का नाम और मोबाइल नंबर बैनर पर अंकित किए थे। इनका उद्देश्य यही था कि वार्ड में गंदगी और अव्यवस्था दिखने पर लोग उनके फोन नंबर पर शिकायत कर सकेंगे। जिससे सफाई नायक साफ-सफाई करा सकेंगे। लेकिन अब अधिकतर वार्डों में लगे बोर्डों की इबारत मिट गई है। यह आलम तब है जब जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त निकायों को निर्देशित कर रखा है कि साफ-सफाई के लिए वार्डों में निरीक्षक, सुपरवाइजर और सफाई कर्मियों के नामों की सूची बनवाई जाए। इसके बाद भी सूची नहीं बनवाई गई है। पिछले दिनों शहर में सफाई अभियान चलाया गया था। इसमें कर्मचारियों को रोजाना साफ-सफाई के निर्देश दिए गए थे। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि जिन वार्डों में निरीक्षक और सुपरवाइजरों की सूची मिट गई है, वहां दोबारा लिखवाया जाएगा।

अनदेखी थैला लेकर बाजार नहीं आ रहे लोग, न ही दुकानदार पॉलीथीन में सामान देने से कर रहे इनकार

कागजों में लगा है प्रतिबंध, धड़ल्ले से हो रहा पॉलीथीन का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सिंगल यूज प्लॉस्टिक का प्रयोग बंद करने को लेकर तमाम अभियान चलाए गए। मगर फिर भी पॉलीथिन पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। शहर में पॉलीथिन का प्रयोग खूब हो रहा है। न तो लोग घर से थैला लेकर बाजार जा रहे हैं और न ही दुकानदार भी उन्हें सामान देने से मना कर रहे हैं। प्रतिबंध का कोई खास असर नहीं दिख रहा है। नगर पालिका जल्द ही जुर्माने की कार्रवाई करेगी।

सरकार ने दो अक्टूबर 2019 से सिंगल यूज प्लॉस्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद जुलाई 2022 को सिंगल यूज प्लॉस्टिक व पॉलीथिन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था। लेकिन नगर में यह प्रतिबंध सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गया है। नगर पालिका की ओर से सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके बावजूद पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा है। प्रशासन की उदासीनता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि फड़ों से लेकर फुटकर, व थोक दुकानदारों के यहां इसका खूब प्रयोग हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि जब तक पॉलीथिन बनती रहेगी, तब तक बिकती रहेगी।

दुकानदार बताते है कि लोग घर से थैला लेकर नहीं आते, इसलिए मजबूरी में सब्जी, फल पॉलीथिन में देनी पड़ती है। जिस दिन प्लॉस्टिक के डिस्पोजल गिलास मिलने बंद हो जाएंगे, उस दिन से यह भी नहीं रखेंगे। लेकिन जब तक यह बनती रहेगी तब तक उपयोग होता रहेगा। फल विक्रेताओं ने बताया कि जूट का थैला अधिक मजबूत नहीं होता है। यह महंगा भी है। एक-दो किलो फल रखने के बाद ही यह नीचे से फट जाता है।

बाजार नसरूल्लाह खां में पॉलीथीन में सब्जी देता विक्रेता। ● अमृत विचार

पॉलीथीन में फल देते ठेले वाला। ● अमृत विचार

1000 वर्ष तक नष्ट नहीं होती प्लास्टिक

तकनीकी रूप से 40 माइक्रोमीटर या उससे कम स्तर की प्लॉस्टिक को सिंगल यूज प्लास्टिक कहा जाता है। इसमें कप, कैरी बैग, पानी, कोल्ड ड्रिंक की बोतलें, स्ट्रा फूड पैकेजिंग होते है। सिंगल यूज प्लास्टिक करीब 7 से 5 प्रतिशत ही रिसाइकिल हो पाता है। इसके अलावा प्लास्टिक 1000 वर्ष तक नष्ट नहीं होती है। नतीजन गलियों, सड़कों और नालियों में पॉलीथीन देखी जाती है। इसे खाने से पशुओं को भारी नुकसान होता है। गले में अटकने से ग्रास नली बंद हो जाती है और पशु की मौत भी हो जाती है।

> सिंगल यूज पॉलीथीन का उपयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सभी से अपील है कि बाजार आते समय ही घर से कपड़े का थैला लेकर आएं। दुकानदार भी पॉलीथीन में सामान देने से बचें। नगर पालिका की ओर से अभियान चलाया जाएगा। पॉलीथीन जब्त कर जुर्माना लगाया जाएगा। –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद

रंजिश के चलते युवक को पीटा, पीड़ित ने तहरीर दी

रामपुर, अमृत विचार : गंज थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने युवक को पीट दिया। मंगलवार की शाम पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना गंज क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासी मनोज का कहना है कि गांव के ही कई लोगों से जमीन के विवाद को लेकर काफी समय से रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश के चलते आरोपी रास्ते में आते-जाते समय उसके साथ गाली-गलौच करते हैं। आरोप है कि मंगलवार की शाम भी आरोपियों ने रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। इस मामले में पीड़ित ने तहरीर दी है। इसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

छह वर्षीय बच्ची कर रही रोजे और नमाज की पाबंदी

मसवासी, अमृत विचार : मुकद्दस रमजान के महीने में बच्चे भी रोजे रखने से पीछे नहीं हैं। स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई करने के साथ रोजे और नमाज के फराइज भी पूरा कर रहे हैं। कुरान मजीद की तिलावत भी कर रहे हैं। चौकी क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी नबी अहमद की छह वर्षीया पुत्री बारिशा गांव के ही प्राथमिक स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है। वह पढ़ाई करने के साथ ही रोजे और नमाज के फराइज भी अदा कर रही है। रोजे-नमाज के साथ वह अब तक कुराने पाक की तिलावत में 20 सिपारे मुकम्मल कर चुकी है। परिवार वाले भी उसके रोजे और नमाज की पाबंदी को देखकर हैरान हैं। रोजे और नमाज को लेकर बच्चों में काफी उत्सुकता है। खुशी-खुशी सहरी में उठना और फिर रोजे रखना, शाम को इफ्तार में शामिल होना उनकी दिनचर्या बन गई है। बच्चों की इस आदत से परिवार के लोग काफी खुश है। उन्हें इफ्तार के लिए तरह-तरह के व्यंजन तैयार करके खिला रहे हैं।

युवती को इशारा करना पड़ा भारी, युवक भिड़े

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइंस क्षेत्र में युवती को इशारा करने में दो युवकों में मारपीट हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक युवक के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है। सिविल लाइंस क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक युवती सोमवार शाम को घर के बाहर टहल रही थी। इस दौरान एक युवक ने उसे इशारा कर दिया। युवती के कहने पर दूसरे युवक ने उस युवक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर आ गई।

तमंचा समेत आरोपी पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : गंज पुलिस ने रतन कश्यप पुत्र पप्पू उर्फ राकेश निवासी मोहल्ला घेर पीपल वाली ज्यारत घेर बाज खां को बिलासपुर गेट से पंखेवालान की तरफ जाने वाले रास्ते से तमंचा 12 बोर और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया है।

शराब के साथ गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : गंज पुलिस ने रंजीत सिंह निवासी ग्राम किशनपुर अटरिया को हाता कॉलोनी की ओर जाने वाले रास्ते पर उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास से 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

दुनियावी के साथ बच्चों को दीनी तालीम भी दिलाएं

रमजान में खूब करें कुरआन की तिलावत, पीर मस्जिद गौस ए आजम में कुरआन मजीद मुकम्मल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पीर मस्जिद गौस ए आजम मोहल्ला घेर रहमत खान गूजर टोला में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। इस दौरान मस्जिद में जलसे को खिताब करते हुए मौलाना मुफ्ती अमरुद्दीन मेहवर अंसारी ने कुरआन की फजीलत बयान की। कहा कि कुरआन मजीद अल्लाह की भेजी हुई ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीने में रोज ए कयामत तक महफूज रहेगी। अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम जरूर दिलाएं। उन्होंने कहा कि कयामत के दिन हाफिज कुरआन बच्चों के वालिदेन तो जन्नत में जाएंगे ही, हाफिज कुरआन अपने साथ दस और लोगों को जन्नत में दाखिल करेगा।

शहर के मोहल्ला गूजर टोला में 22वीं तरावीह को पीर मस्जिद गौस ए आजम में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज मोहम्मद शारिक रजा ने कुरआन मजीद सुनाया। सामां के फराइज कारी मोहम्मद आदिल ने अदा किए। जलसे को खिताब फरमाते हुए मुफ्ती अमरुद्दीन मेहवर अंसारी ने कहा कि सबसे बेहतरीन तिलावत कुरआन मजीद की तिलावत है। उन्होंने कहा कि रमजान के इस मुकद्दस महीने में ज्यादा से ज्यादा कुरआन की तिलावत करनी चाहिए। अमल की कोशिश करनी चाहिए रोजे मुसलमानों पर फर्ज किए है। खासतौर पर रोजे, नमाज, जकात, फितरा का ख्याल रखना चाहिए। आखिर में हाफिज और सामां की लोगों ने गुलपोशी की। इस अवसर पर मोहम्मद मोनिस, हाफिज नाजिम, हाफिज नदीम, सैयद फहद मियां, मौलाना सैफ रजा, मुफ्ती मालूफ उद्दीन, मोअज्जम खान, डा. शहाब कादरी आदि शामिल रहे।

घेर रहमत गूजर टोला में कुरआन मुकम्मल होने पर की हाफिजों की गुलपोशी की गई।

मस्जिद इमली में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर की गई हाफिजों की गुलपोशी।

घेर दरिया की मस्जिद इमली वाली में कुरआन मजीद मुकम्मल

रामपुर, अमृत विचार : मोहल्ला घेर दरिया खां स्थित मस्जिद इमली वाली मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। इस मौके पर मौलाना अब्दुल सऊद ने कहा कि दुनिया की सारी किताबों में सबसे अफजल किताब कुरआन मजीद है। कुरआन वह किताब है जिसको कोई मुतबादिल नहीं हैं। कहा कि रमजान में अल्लाह की रहमत बरसती है। इस महीने में मिस्कीन, कमजोर, पड़ोसी और गरीब रिश्तेदारों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए। घेर दरिया खां में 22वीं नमाज तरावीह को कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। मौलाना अब्दुल सऊद ने कुरआन सुनाया। सामां के फराइज मोहम्मद हस्सान ने अदा किए। मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई। इसके बाद हाफिज, सामां की लोगों ने गुलपोशी की। इस मौके पर मौलाना इस्लाम, मोहम्मद वसीम, फाजिल खां, वज्जू खां, मोहम्मद शाहवेज, रूही खान, राजू खां आदि शामिल रहे।

गुनाहों से तौबा करने का महीना है रमजान : खुर्शीद

संवाददाता, मसवासी

इबादत

- मसवासी की मोती मस्जिद में कुरान मजीद मुकम्मल
- नमाजियों से इबादत के रास्ते को अपनाने पर दिया जोर

अमृत विचार: नगर की मोती मस्जिद में 22वीं तरावीह में कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल हो गई। इस मौके पर मस्जिद को सजाया गया। कुराने पाक की तिलावत करने वाले हाफिज को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उलेमा ने लोगों को रमजान का महत्व समझाया। कहा कि यह महीना बरकतों से लबरेज है। गुनाहों से तौबा करने का महीना है।

मस्जिद में नमाज ए तरावीह में कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। नमाज तरावीह के दौरान कुराने पाक की तिलावत हाफिज मोहम्मद आरिफ जबकि सामां के फराइज हाफिज मोहम्मद शाकिर ने अदा किए। मस्जिद कमेटी ने कुरान हाफिजों को उपहार भेंट किए। चांद मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है। अल्लाह ताला अपने बंदों को बरकतों से नवाजता है। इस महीने में अल्लाह ताला रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देता है। यह महीना तोबा और गुनाहों से बचने का है। सभी को रोजा और नमाज की पाबंदी कर गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान के इस मुकद्दस महीने में ज्यादा से ज्यादा कुरआन की तिलावत करनी चाहिए। अमल की कोशिश करनी चाहिए रोजे मुसलमानों पर फर्ज किए है। मुफ्ती खुर्शीद आलम ने मुल्क व मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई।

इस दौरान मोहम्मद कासिम, मोहम्मद मेहरबान, मोहम्मद फारूक अंसारी, मास्टर यूनूस, मोहम्मद रहीस, महफूज, शाहरुख अंसारी, कमर गालिब, मोहम्मद हारून, अहमद हसन हाजी, हाजी मास्टर अहमद हसन, जुबेर सलमानी आदि शामिल रहे।

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर की गई हाफिज और सामां की गुलपोशी।

कुरआन का एक लफ्ज पढ़ने से मिलती हैं 10 नेकियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: शहजादनगर की मस्जिद नूर में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर जलसा हुआ। जलसे को खिताब फरमाते हुए मौलाना नईम ने कहा कि कुरआन मजीद का एक लफ्ज (शब्द) पढ़ने से अल्लाह 10 नेकियां अता करता है। मुसलमान कुरआन के अनुसार जिंदगी गुजारें। इससे अल्लाह दोनों जहान में कामयाबी अता फरमाएगा।

शहजादनगर की मस्जिद नूर में मौलाना नईम खां ने कुरआन मजीद सुनाया। सामां के फराइज हाफिज सऊद ने अदा किए। मौलाना नईम खां ने कहा कि कुरआन मजीद हमें सही जिंदगी गुजारने का तरीका बताता है। अंत में कारी और सामां की लोगों ने गुलपोशी की। इसके बाद मुल्क में अमन-शांति के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर वकार अहमद खां, महफूज खां प्रधान, भूरा खां और सलीम खां आदि मौजूद रहे।

ब्राह्मण सभा ने देवकी नंदन के निधन पर जताया शोक

मिलक, अमृत विचार : मंगलवार को श्री ब्राह्मण सभा द्वारा शोक सभा का आयोजन नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर किया गया। इसमें श्री ब्राह्मण सभा के संगठन मंत्री पंडित रामानंद शर्मा के बड़े भाई देवकी नंदन शर्मा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इस दौरान सभा के अध्यक्ष डा. विवेक शुक्ला ने कहा कि देवकी नंदन ब्राह्मण सभा से काफी समय से जुड़े हुए थे। उनके योगदान एवं समर्पण को सभा कभी नहीं भूल पाएगी। सभा में वेद मनोहर लाल शर्मा, चिंतामणि बहुगुणा, राममोहन शर्मा, राजीव गौड़, एडवोकेट जितेंद्र अत्री, राजकुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मथुरा से आए कलाकारों ने खेली फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि इस बार होली मिलन कार्यक्रम खुले में हुए हैं। लेकिन जल्द ही इन कार्यक्रमों के लिए एक भवन बनेगा। मैंने अपनी तीस साल की नौकरी में इस बार यह कार्यक्रम देखा। यह काफी अच्छा हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों के संबंध हमेशा मधुर रहने चाहिए। इससे पहले मथुरा से आए कलाकारों ने फूलों की होली खेली।

बार एसोसिएशन की ओर से न्यायालय परिसर में स्थित न्याय वाटिका में होली होली मिलन कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी और मथुरा वृद्वावन से आए कलाकारों ने आरती के साथ इसका आरंभ किया। इस मौके पर मथुरा, वृंदावन के कलाकारों ने भगवान श्री गणेश की वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ किया। राधा-कृष्ण बने कलाकारों ने कई भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने भी फूलों की होली खेली। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने मेहमानों का आभार जताया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सौरभ सक्सेना, संयुक्त सचिव सुपेश गुप्ता, विनोद कुमार, ठाकुर पृथ्वी भान सिंह, केबी माथुर, सौरन सिंह, शेर मोहम्मद, जमना प्रसाद, बलवीर सिंह, राजीव अग्रवाल, मदन लाल, राहुल सिंह, सतनाम सिंह, सुखविन्दर सिंह, दीप चंद गुप्ता, बलविंदर सिंह, रामोतार सैनी, हेमंत कुमार जोशी, प्रमोद भटनगर, श्याम लाल आदि मौजूद रहे। इस मौके पर बार एसोसिएशन की ओर से सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। संचालन बार एसोसिएशन के महासचिव शिव नरेश तोमर ने किया।

मंच पर राधा-कृष्ण के रूप में कलाकार। ● अमृत विचार

ट्रांसपोर्टरों और चालकों के साथ बैठक करते सीओ संगम कुमार। ● अमृत विचार

नियंत्रित रखें वाहनों की गति : सीओ

संवाददता, मसवासी

अमृत विचार : सड़क पर बड़े वाहनों की तेज रफ्तार को लेकर क्षेत्राधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों व वाहन चालकों की बैठक स्पीड पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। सड़क पर तेज गति से वाहन दौड़ाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

बड़े वाहनों की तेज रफ्तार की शिकायतों को लेकर क्षेत्राधिकारी संगम कुमार ने सख्त रवैया अपना लिया है। मंगलवार को उन्होंने मसवासी चौकी में ट्रांसपोर्टरों व वाहन चालकों की बैठक की। इसमें उन्होंने वाहनों की गति पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। कहा कि तेज रफ्तार के कारण यदि किसी वाहन से हादसा हुआ तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वाहन को जब्त भी किया जा सकता है। इस दौरान कोतवाली प्रभारी संदीप त्यागी, इस्लाम रजा, रहीस अहमद, अजीम, दानिश, अबरार, शमशाद, आरिफ, व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, पूर्व सभासद महेश भारद्वाज समेत ट्रांसपोर्टर व वाहन चालक मौजूद रहे।

चुनाव में किराया बढ़ने से वाहन स्वामी खुश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में लगने वाले वाहनों का किराया बढ़ने से वाहन स्वामियों के चेहरे खिल गए हैं। चुनाव आयोग ने इस बार 20 से 30 प्रतिशत तक किराया बढ़ा दिया है। बढ़ा हुआ पैसा सीधे वाहन स्वामियों के खाते में जाएगा।

जिले में 19 अप्रैल को मतदान है। अधिकारी चुनाव को शांतिपूर्ण तरह से निपटाने के तैयारी कर रहे हैं। परिवहन विभाग जिले में आने वाले अधिकारियों और फोर्स के लिए वाहनों का अधिगृहण करने की तैयारी कर रहा है। माना जा रहा है कि इस बार चुनाव में छोटे बड़े करबी 3000 वाहन लगेंगे। इसे लेकर विभाग की ओर से सूची तैयार कर ली गई है।

वाहन स्वामियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। इस बार चुनाव आयोग ने वाहनों के किराए में वृद्धि कर दी है। अधिग्रहित होने वाले वाहनों को रोजाना किराए के साथ ईंधन अलग से दिया जाएगा। किराया वाहन मालिकों के बैंक खातों में भेजा जाएगा। किराए की राशि सीट व वजन ढोने के अनुसार तय की गई है। पेट्रोल-डीजल अलग से दिया जाएगा।

भारी वाहन का किराया

75 क्विंटल वजन के भार वाहन	1572
75 से 120 क्विंटल के भार वाहन	1677
120 क्विंटल से अधिक भार वाहन	1944
ट्रैक्टर	537

वाहन का प्रतिदिन का किराया

वाहन	किराया
15 से 24 सीटर बस	1697
25 से 34 सीटर बस	1912
35 से 40 सीटर बस	2139
41 से 45 सीटर बस	2213
46 सीटर से अधिक बस	2510

हल्के वाहन को मिलेंगे 1264 रुपये

चुनाव आयोग ने हल्के वाहनों का किराया भी बढ़ा दिया है। 1450 सीसी क्षमता वाले हल्के वाहन जीप, टैक्सी, कार के स्वामियों को 1264 रुपये रोज दिए जाएंगे। जबकि डीजल वाले वाहनों को 1460 रुपये प्रतिदिन दिए जाएंगे।

> चुनाव आयोग की ओर से वाहन स्वामियों को मिलने वाले पैसों को बढ़ा दिया गया है। 20 से 30 प्रतिशत किराया बढ़ाया गया है। ईंधन का खर्चा अलग से मिलेगा।
>
> -राजेश श्रीवास्तव, एआरटीओ

सवारियां बैठाने को लेकर ई-रिक्शा चालक भिड़े

रामपुर, अमृत विचार : अजीतपुर बाईपास पर सवारियां बैठाने को लेकर ई-रिक्शा चालक भिड़ गए। इस दौरान दोनों में जमकर गाली-गलौच हुई।

सिविल लाइंस क्षेत्र के ज्वालानगर निवासी अशोक ई-रिक्शा चालक है। रोजाना की तरह मंगलवार की दोपहर अशोक अजीतपुर बाइपास के पास बैठा था। इसी बीच कुछ सवारियां आकर उससे लदौरा गांव जाने के लिए कहने लगी। इस बीच पीछे से दूसरा ई-रिक्शा चालक सवारियों को बैठाने के लिए उनके पास पहुंच गया और कम पैसे लेने की बात करने लगा। इसका अशोक ने विरोध करना शुरू कर दिया। मौके पर काफी देर तक दोनों में कहासुनी होती रही। स्थानीय लोगों ने बीच में पड़कर मामले को रफा-दफा कराया।

इस साल अप्रैल में ही कहर बरपाएगी गर्मी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : तेज धूप के साथ गर्म हवा चलने से गर्मी का सितम बढ़ना शुरू हो गया है। सूरज की तपिश बढ़ गई है और गर्म हवा अब झुलसाने लगी है। सूरज के लगातार तेज हो रहे तेवरों को देखते हुए यह कहा जा रहा है कि अप्रैल माह में गर्मी रिकार्ड बनाएगी।

मंगलवार की दोपहर तेज धूप के साथ गर्म हवा भी लोगों को झुलसाती रही। शाम तक गर्माहट का अहसास होता रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो एक-दो दिन के भीतर तापमान बढ़कर 35 डिग्री से ऊपर जाने के आसार हैं। धूप में तपन का अहसास बढ़ गया है। लोग सुबह छतों पर नजर नहीं आते। वातावरण इतना गर्म हो रहा है कि शाम तक लोगों के पसीने छूट रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो अप्रैल में गर्मी कहर बरपाएगी। दिन का अधिकतम तापमान पहले पखवाड़े में ही करीब 35 डिग्री को पार कर सकता है। बहरहाल अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री तक पहुंच गया। तापमान की बढ़ती चाल को देखते हुए कहा जा रहा है कि इस बार अप्रैल माह में ही रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ सकती है। पिछले साल अधिकतम तामपान 38 और न्यूनतम 22.6 डिग्री रहा था।

> छह अप्रैल तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम साफ व शुष्क रहने का अनुमान है। दिन का तापमान 35 डिग्री से भी बढ़ने के आसार हैं। जबकि, रात्रि का तापमान 19 से 23 डिग्री तक रह सकता है। किसान सभी प्रकार की खड़ी फसल में उचित नमी बनाए रखने के लिए हल्की सिंचाई करें।
>
> -डा. उदय प्रताप शाही, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

अनदेखी मार्ग सही नहीं होने पर ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष

सुल्तानपुर पट्टी मुख्य मार्ग का हाल बेहाल, लोग परेशान

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : सुल्तानपुर पट्टी के मुख्य मार्ग की हालत बदहाल है। इसकी वजह से लोगों को वहां से निकलने में काफी परेशानी होती है। लोग अधिकारियों को ज्ञापन देकर मार्ग की बदहाली के बारे में जानकारी दे चुके हैं। लेकिन फिर भी सड़क की मरम्मत नहीं हुई। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति जबरदस्त आक्रोश है।

मसवासी के मिलक नौखरीद गांव में सुल्तानपुर पट्टी मुख्य मार्ग स्थित गुरुद्वारे के पास मार्ग की हालत बहुत खराब है। इसके कारण लोगों को वहां से गुजरने में काफी परेशानी होती है। सड़क में गहरे गड्ढे हो जाने के कारण हादसे होते रहते हैं। कई बार वाहन पलट चुके हैं। कई लोग घायल हो गए हैं। इस बारे में अधिकारियों को बताया जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। मार्ग बदहाल होने के कारण बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मार्ग के किनारे बने नाले का पानी गड्ढों में भर गया है। किसी भी स्तर से इस मार्ग का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इसके कारण ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष है।

मसवासी के मिलक नौखरीद गांव में गुरुद्वारे के पास गड्ढों में तब्दील मार्ग।

कई बार पलट चुके हैं ट्रैक्टर-ट्रॉली

इस मार्ग पर गहरे गड्ढे होने के कारण कई बार ट्रैक्टर-ट्राली पलट चुके हैं। इसके बाद भी स्थिति जस की तस है। गर्मी के मौसम में भी गड्ढों में पानी भरा है। बरसात के समय तो हालत और बदतर हो जाएगी। लोगों को इधर से गुजरने में डर लगता है कि कहीं उनके साथ कोई हादसा न हो जाए।

> मार्ग की हालत बदहाल हो है। इसे दुरुस्त करने के लिए कई बार अधिकारियों से कहा गया। मार्ग पर ओवरलोड वाहन गुजरते हैं। गांव के निकट जल निकासी भी नहीं है। दूषित पानी गड्ढों में भर जाता है। - शाकिर हुसैन

> मसवासी-काशीपुर मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए कई बार अधिकारियों को बताया गया। भारी वाहनों के आवागमन के चलते मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों को परेशानी हो रही है। - मोहम्मद शफी

> मार्ग की हालत बदहाल है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन सड़क को गड्ढा मुक्त नहीं किया गया। आए दिन मार्ग के गड्ढों में वाहन पलटने से चालक चोटिल होते रहते हैं। - सतीश कुमार मौर्य

> ओवरलोड वाहनों के चलते आए दिन इस मार्ग पर जाम लग जाता है। भारी वाहनों के आवागमन के चलते मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इसे दुरुस्त करने के लिए विभाग ने सुध नहीं ली है। - अबरार हुसैन

तेज हवा से टूटे बिजली के तार, आपूर्ति बाधित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मंगलवार की सुबह 10 बजे तेज हवा से बिजली के तार टूटकर गिर गए। इससे जेल रोड क्षेत्र की बिजली पांच घंटे गुल रही। इस दौरान उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। दोपहर दो बजे आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

मंगलवार को मौसम मिजाज अचानक बदल गया। सर्द हवा चलने लगी। तेज हवा चलने से बिजली तार टूटकर गिर गए। गनीमत यह रही कि हवा चलने से पहले ही डूंगरपुर बिजलीघर से आपूर्ति बंद कर दी गई थी। तार टूटने की सूचना मिलने पर विद्युत निगम के अधिकारियों में खलबली मची गई। आनन-फानन में टूटे तारों को सही करने के लिए कर्मचारियों को भेजा गया।

तार टूटने से जेल रोड, मोहल्ला आखून खैलान, चौकी पाखड़, बाग छोटे साहब के उपभोक्ता परेशान रहे। पांच घंटे बिजली नहीं आने से अधिकारियों के फोन घनघनाने लगे। इसके अलावा सिविल लाइंस क्षेत्र की बिजली भी दो घंटे गायब रही। अधीक्षण अभियंता वीके आर्य ने बताया कि तेज हवा चलने के कारण लाइनों में खराबी आ गई थी। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए बाधित आपूर्ति को सुचारू करा दिया गया है।

जेल रोड पर तारों के सही करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- दोपहर दो बजे सुचार हुई सुबह 10 बजे से बाधित आपूर्ति
- बिजली नहीं मिलने से परेशान रहे उपभोक्ता

एक नजर

ट्रॉफी व मेडल के साथ अजहर। ● अमृत विचार

अजहर ने 100 व 200 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र के नगर पंचायत महमूदपुर माफी के अजहर ने आईएफटीएम एनुअल स्पोर्ट्स मीट में 100 व 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता है। मंगलवार को आईएफटीएम कॉलेज में एनुअल स्पोर्ट मीट का आयोजन किया गया। जिसमें सभी जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें नगर पंचायत महमूदपुर माफी के युवा खिलाड़ी मोहम्मद अजहर ने भी भाग लिया। अजहर ने 100 व 200 मीटर की दौड़ में पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया।

संचारी रोग नियंत्रण को निकाली जागरुकता रैली

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर में संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. सहाबुद्दीन की अध्यक्षता में स्कूली बच्चों ने जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान प्राइमरी विद्यालय के समस्त स्टाफ व एएमनएम अनीता कुमारी, सुपरवाइजर मेहताब जहां के अलावा अन्य आशा कार्यकत्री भी रैली में शामिल रहीं। रैली नगर पंचायत कार्यालय से लेकर नगर के विभिन्न मोहल्लों से गुजरी। इस दौरान लोगों को संचारी रोगों से बचने के लिए जानकारियां दी गई। साथ ही घरों के आस-पास साफ सफाई रखने की अपील की गई। डॉ. सहाबुद्दीन ने बताया कि अगवानपुर में संचारी रोगों से बचाव के लिए जानकारी दी। रैली में प्रधानाचार्या हेमलता, एएनएम अनिता कुमारी, रफत जहां, मेहताब जहां, लक्ष्मी, मीनाक्षी, सुनीता बिश्नोई आदि मौजूद रहीं।

गैंगस्टर बिलाल मिर्जा तमंचा के साथ गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : गलशहीद थाना पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त बिलाल मिर्जा को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। यह मझोला थाना क्षेत्र में पीर का बाजार का रहने वाला है। दरोगा अमर मलिक ने बताया कि गिरफ्तार बिलाल मिर्जा के विरुद्ध एक और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मंत्री बोले- रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के विरोध में जिसने किया था आंदोलन, अब तिहाड़ में काट रहे दिन-रात

भाजपा के हर कार्यकर्ता को बनना होगा मोदी जैसा योद्धा : अनुराग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिन्होंने दिल्ली के रामलीला मैदान में भ्रष्टाचारियों को छुड़ाने के लिए आंदोलन किया था, अब तिहाड़ जेल में उनकी दिन रात कट रही है। भ्रष्ट लोगों से देश नहीं चलता। इसके लिए ईमानदारी के साथ विकास करने वाले नरेंद्र मोदी जैसा 56 इंच के सीने वाला नेतृत्वकर्ता चाहिए।

केंद्रीय मंत्री मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में भाजपा जिला व महानगर इकाई की ओर से आयोजित साइबर योद्धा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं पर तंज कसा। कहा कि एक मंच पर आने वाले भ्रष्ट लोग क्या देश चला पाएंगे। उन्होंने 10 साल पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में चले आंदोलन का जिक्र कर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा कहा कि तब इन्होंने धरना दिया था। आज वो ही भ्रष्टाचार में इतना लिप्त हो गए हैं कि उन्हें छुड़ाने के लिए भ्रष्टाचारियों को इकट्ठा होना पड़ रहा है। पहले तिहाड़ में हैट्रिक हुई फिर, चौका लगा हैं अब छक्का लगेगा। लेकिन, कोई भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा।

दिल्ली रोड स्थित होटल में सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर। ● अमृत विचार

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ईमानदार सोच व दमदार काम करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास की परिभाषा बदल दी है। पहले घर, परिवार, भाई भतीजावाद के रूप में विकास होता था। आज भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास कर रही है। डिजिटल इंडिया, सूचना तंत्र की महत्ता को बताते हुए उन्होंने मोदी की नई परिभाषा गढ़ दी। कहा कि मोदी का अर्थ है मास्टर ऑफ डिजिटल इनफॉर्मेशन, बोले- अब भाजपा के हर कार्यकर्ता को मोदी जैसा योद्धा बनना होगा। तभी हम अपने किए कार्य को जन-जन तक पारदर्शी और त्वरित तरीके से पहुंचा सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर किसी भी अमर्यादित, अभद्र टिप्पणी से बचने की सलाह दी। भाजपा पश्चिम क्षेत्र के आईटी संयोजक अम्बर स्वामी ने कहा कि 2047 में विकसित भारत तभी बनेगा जब इस लोकसभा चुनाव में हर सीट पर कमल खिलेगा।

▸▸ केंद्रीय खेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने साइबर योद्धा सम्मेलन को संबोधित किया

सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता, महानगर प्रभारी राजेश यादव, लोकसभा सह प्रभारी ओमवीर सिंह खड़गवंशी, आईटी- सोशल मीडिया के महानगर प्रभारी सर्वेश पटेल, क्षेत्रीय सह संयोजक डॉ. हर्षवर्धन शर्मा, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य भूदेव सिंह, जिले के आईटी संयोजक आदित्य शंखधार, जिला सोशल मीडिया संयोजक मयूर भाटिया, महानगर आईटी संयोजक सुमित चौहान, हरिओम सैनी, दिनेश शीर्षवाल, श्याम बिहारी शर्मा, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, राहुल सेठी आदि मौजूद रहे।

माइक्रो आब्जर्वर ईमानदारी से निभाएं अपनी जिम्मेदारी

मुरादाबाद, अमृत विचार: पंचायत भवन सभागार में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे माइक्रो ऑब्जर्वरों को मंगलवार को प्रशिक्षण दिया गया। सामान्य प्रेक्षक राहुल कुमार ने कहा कि पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी अपनी भूमिका को ईमानदारी व लगन से निभाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर, पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी को इस बात पर ध्यान देना होगा कि मतदान के समय सभी व्यवस्थाओं को अच्छी तरह परख लें। कहीं कोई अव्यवस्था न हो। सेक्टर मजिस्ट्रेटों से नियमित रूप से भ्रमण कर कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, पीठासीन अधिकारी के अलावा मतदान अधिकारी आदि मौजूद रहे।

उमरी कला में पकड़ी अवैध शस्त्र फैक्ट्री

चार निर्मित और तीन अधबने तमंचे बरामद, बनाने के उपकरण भी मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पुराने क्षतिग्रस्त स्कूल में अवैध शस्त्र निर्माण की फैक्ट्री संचालित करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा है। इसके पास शस्त्र बनाने संबंधित तमाम उपकरण भी बरामद किए हैं। यह सफलता कांठ थाना पुलिस को मिली है। गिरफ्तार अभियुक्त अनीस पुत्र शरीफ थाना क्षेत्र की चौधरियान उमरी कला का रहने वाला है। इसके विरुद्ध 2014 में छजलैट थाने में किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में भी एक मामला दर्ज हुआ था। साथ ही बिजनौर जिले के स्योहारा थाने में भी तीन मामले दर्ज हैं। इसके विरुद्ध गोवध अधिनियम में भी मामला दर्ज है।

एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि अभियुक्त अनीस उमरी कला गांव में ही पुराने स्कूल में अवैध शस्त्रों की फैक्ट्री संचालित कर रहा था। इसे प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह और उनकी टीम ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त ने पुलिस को बताया है कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से तमंचे की मांग बढ़ी हुई है। इसीलिए वह रात में भी शस्त्र बनाने का कार्य कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त ने बताया है कि उसने कई लोगों को तमंचे बेच भी दिए हैं। पुलिस ने तमंचे खरीदने वालों के नाम भी पता कर लिए हैं, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई के लिए पुलिस टीम लग गई है। एसपी क्राइम ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस ने 315 बोर के दो और 12 बोर का एक तमंचा बरामद किया है। साथ ही एक तमंचा पोनिया, अर्ध निर्मित तीन तमंचे और कारतूस भी बरामद की हैं।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार।

▸▸ दुष्कर्म में जेल जा चुका है आरोपी, गोवध व गैंगस्टर एक्ट का भी है अभियुक्त

सोमवार रात दो बजे बनाता मिला शस्त्र : कांठ थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अमरोहा को जाने वाली सड़क पर अपना धर्म कांटा के सामने पुराने खंडहर युक्त स्कूल में अभियुक्त अनीस को सोमवार रात दो बजे पकड़ा गया। वह खंडहर में गैस वाली लैंप के उजाले में बैठकर शस्त्र ठोक-पीट रहा था। पुलिस को देखते ही वह उठकर खड़ा हो गया था, लेकिन भाग नहीं पाया।

अभियुक्त अनीस से बरामदगी

पुलिस ने अभियुक्त अनीस के पास से मौके पर ही निर्मित व अर्द्धनिर्मित तमंचों के साथ ही छोटी-बड़ी पांच नाल, छोटे-बड़े 41 स्प्रिंग, लोहे का जम्बूर, लोहा काटने की आरी मय ब्लेड, चौरसी, दो हथोड़ी लोहा, 12 ब्लेड आरी लोहा काटने के, तीन छेनी लोहा छोटी-बडी, छोटे-बड़े साइज के चार बरमा, पांच रेतिया, लकड़ी काटने वाली आरी, चौरसी, लोहे की सडांसी, प्लास, बट लकडी, सरिया का टुकड़ा, 10 लोहे की पत्ती, लकड़ी की चाप, लोहे के गाटर का टुकड़ा, 25 पेंच लोहा, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, गैस सिलेंडर, लकड़ी का गुटका, दो सुम्भी लोहा व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ ही दरोगा रविन्द्र कुमार, ब्रजेश कुमार शर्मा व हेड कांस्टेबल जोगराज, कांस्टेबल आकाश बालियान, सुनील कुमार शामिल रहे हैं।

चुनाव में सक्रिय हुए अवैध शस्त्र कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

277 तमंचा व बंदूकें 3 महीने में बरामद | **322** कारतूस भी पुलिस ने किए बरामद

> सभी थानाध्यक्षों को अपने क्षेत्र में चुनाव के समय शांति व्यवस्था बनाए रखने को निर्देश हैं। अवैध शस्त्र निर्माण और उसकी खरीद-बिक्री को रोकने के लिए अभियान चल रहा है। इस अभियान में कामयाबी भी मिल रही है।
> – **सुभाष चंद्र गंगवार**, एसपी क्राइम

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। चुनाव में व्यवस्था को बिगाड़ने और निष्पक्षता को प्रभावित करने को अवैध असलहों की फैक्ट्रियों में दिन-रात काम चल रहा है।

इन फैक्ट्रियों के संचालकों को तमंचे की बिक्री में मनमाने दाम भी मिल रहे हैं। उनको ऑर्डर आ रहे हैं। ऑर्डर पर तुरंत माल की सप्लाई हो सके, इसके लिए कारीगर पहले से ही अवैध शस्त्र बनाने में जुटे हैं। वैसे ज्यादातर ये काला कारोबार गांव, कस्बा, शहर या आसपास निष्प्रयोज्य-जीर्ण-शीर्ण इमारतों में हो रहा है। कुल मिलाकर चुनावी रंग का पूरा लाभ अवैध शस्त्रों के कारोबारी भी उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ते दिख रहे हैं। पिछले दिनों में पुलिस ने तीन स्थलों पर भारी मात्रा में अवैध असलहों के निर्माण का कारखाना खोजा है और उसे ध्वस्त किया है।

इन अवैध फैक्ट्रियों में शस्त्रों का निर्माण देख पुलिस भी हैरत में है। इसी के बाद जिले की पुलिस खासतौर से अवैध असलहों के निर्माण-बिक्री को पूरी तरह से रोकने को लेकर गंभीर है। थाना पुलिस अपने सूत्रों को सक्रिय कर अवैध असलहों के निर्माण-बिक्री के बारे में सुराग लगा रही है।

चुनाव में बढ़ी है अवैध शस्त्रों की मांग: एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार बताते हैं कि अवैध शस्त्र बनाने वाले अभी तक जो भी पकड़े गए हैं, उन लोगों ने पूछताछ में यही बताया है कि चुनाव के समय शस्त्रों की मांग बढ़ जाती है और अच्छे मुनाफे पर बिक्री होती है। इसलिए वह चुनाव के समय अधिक मात्रा में शस्त्रों का निर्माण करते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले जनवरी से अब तक 277 तमंचा/बंदूक, 322 कारतूस और 140 चाकू बरामद हो चुके हैं। जनवरी-फरवरी में पुलिस ने कुल 126 अवैध शस्त्र और 141 कारतूस बरामद किया था। इन मामलों से जुड़े 218 लोगों को पुलिस ने जेल भी भेजा था।

30 मार्च को मूंढापांडे पुलिस ने पकड़े अवैध शस्त्र: मूंढापांडे पुलिस ने अवैध शस्त्र मामले में बड़ी सफलता पाई थी। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार व उनकी टीम ने हिस्ट्रीशीटर उस्मान पुत्र छिद्दा को दबोचा है। इसके विरुद्ध एक-दो नहीं बल्कि 45 मामले दर्ज हैं। इसके पास निर्मित व अर्द्धनिर्मित कुल 14 तमंचा और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं।

31 मार्च को भोजपुर थाना क्षेत्र में पकड़ी अवैध शस्त्र फैक्ट्री

पुलिस ने गणेशपुर भोजपुर मार्ग पर बंद पड़े ईंट भट्ठे के खंडहर में अवैध शस्त्र बनाते हुए अभियुक्त अनीस पुत्र हनीफ को पकड़ा था। अनीस भोजपुर कस्बे में जामा मस्जिद के पास का रहने वाला है। इसके पास से पुलिस ने 7 बने तमंचे, दो देशी बंदूक बरामद की थीं। इसके विरुद्ध मुरादाबाद, हापुड़, कासगंज जिले के थाने में कुल पांच मामले दर्ज हैं। कई मामले गोवध अधिनियम में दर्ज हैं।

पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते सपा की प्रत्याशी वर्ष 2015 में हुई थीं निलंबित, चुनाव में हो रही चर्चा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद सभी प्रत्याशी चुनावी मैदान में एक-दूसरे को शिकस्त देने के लिए नए-नए पैर पैंतरे आजमाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बार समाजवादी पार्टी के गठबंधन के प्रत्याशी पर मुस्लिम मतदाता भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

सपा प्रत्याशी रुचि वीरा अभी तक कांग्रेसी मतदाताओं में उलझी हैं। इससे सपा के कार्यकर्ता अभी दूरी बनाए हैं। उनके साथ सपा के पदाधिकारी ही दिखाई पड़ रहे हैं। वहीं सपा के मतदाताओं में बाहरी प्रत्याशी होना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं उनके आने से चुनाव भी महंगा होने की चर्चा खूब चल रही है।

▸▸ प्रत्याशी की जीत के आड़े आ सकती है मौजूदा सांसद व पार्टी के कार्यकर्ताओं की नाराजगी

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन के टिकट की घोषणा की थी। बाद में उन्होंने ही डॉ. हसन के नामांकन कराने के बाद उनका टिकट काट कर बिजनौर की रुचि वीरा के नाम का ऐलान कर दिया। रुचि वीरा का पूर्व प्रत्याशी के समर्थक व मतदाता जगह-जगह विरोध कर रहे हैं। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में फैसले को लेकर सही-गलत की चर्चा चार्य की दुकानों पर चलती रही। उन्हें प्रत्याशी को बाहरी बताकर विरोधी खेमा उन्हें नकरवाने में लगा है तो दूसरे दल के नेता भी इसे बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा बनाकर उछाल रहे हैं। पार्टी में कुछ कद्दावर नेता व पदाधिकारी सपा प्रत्याशी के समाजवादी में रहने के दौरान का इतिहास खंगाल रहे हैं।

पार्टी के वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ताओं का कहना है कि सपा ने जिस महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारा है, उन्हें वर्ष 2015 में पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह ने जिला पंचायत के चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निलंबित किया था। यही नहीं प्रत्याशी के पति उदयन वीरा और नगीना से सांसद यशवीर सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष जमील पर भी कार्रवाई हुई थी। मौजूदा सांसद का टिकट काटने को कार्यकर्ता उनका अपमान बता रहे हैं।

प्रत्येक वोटर को मतदान करने के लिए करें प्रेरित

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पंचायत भवन सभागार में पृष्ठ प्रहरियों के साथ मंगलवार को बैठक हुई। उन्होंने कहा कि जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए पृष्ठ प्रहरियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वह हर हाल में पूरा करें। यह हमारा महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पृष्ठ प्रहरियों को जो 100 लोग वोट डलवाने के लिए मिलेंगे वह 20-25 परिवारों में जहां 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ हैं। उन्हें इस तरह प्रेरित करें कि हर मतदाता अपना वोट अवश्य डालें। ऐसे घरों में मतदान से पूर्व तीन बार अवश्य जाएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, चीफ वार्डेन, एनएसएस के स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

सपा की बैठक में कार्यकर्ताओं की नाराजगी आई सामने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी में अन्तर्कलह सड़क से लेकर पार्टी कार्यालय तक जारी है। मंगलवार को चक्कर की मिलक स्थित कार्यालय में बैठक में कई कार्यकर्ताओं ने खुद और वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन की उपेक्षा पर अपनी पीड़ा जताई। कहा कि टिकट कटने से नाराज सांसद को मनाने के लिए पहल होनी चाहिए। प्रत्याशी ने अभी तक उनसे मुलाकात नहीं की, इससे हम आहत हैं।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संगठन की बैठक में सपा-कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी रुचि वीरा भी मौजूद थीं। बैठक में मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन के अलावा कांठ व देहात विधायक भी नहीं आए। कुछ कार्यकर्ताओं ने इस पर हैरत जताते हुए कहा कि टिकट कटने से दुखी व नाराज सांसद को मनाने के लिए अब तक कोई नहीं गया, पार्टी की प्रत्याशी भी उनसे मिलने तक नहीं गई, इससे हम आहत हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष कैसर अली कुद्दुसी ने कहा कि उनको भी प्रत्याशी की ओर से उपेक्षित किया गया। कहा कि पार्टी हाईकमान से बात कर डॉ. हसन को मंच पर लाना जरूरी है। जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन राजेश यादव ने प्रत्याशी के परिवार के बारे कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। सपा प्रत्याशी ने अपने संबोधन में विधायक और सांसद की गैरमौजूदगी को जिलाध्यक्ष के पाले में डाल दिया। कहा बैठक जिलाध्यक्ष ने बुलाई थी कोई क्यों नहीं आया यह भी जिलाध्यक्ष ही बताएंगे। कहा कि आप सभी मुझे संसद पहुंचने का काम करेंगे और मैं सभी को यकीन दिलाती हूं कि संगठन, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और पार्टी के जनप्रतिनिधियों से कभी दूर नहीं रहूंगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव मुदस्सिर खान ने किया। बैठक में महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, पूर्व विधायक हाजी रिजवान, पूर्व विधायक हाजी युसूफ अंसारी, पूर्व विधायक अनीसुरर्हमान सैफी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, अतहर हुसैन अंसारी, राजेश यादव, इफ्तार अली, नवीन यादव, प्रेम बाबू वाल्मीकि, गजेन्द्र सिंह यादव, शोएब हसन पाशा, अक्षय भटनागर, कुशल यादव, सत्यपाल यादव, राकेश, मरुफ, अलका दुबे, राकेश राठी, विमला कश्यप, बीना विश्नोई आदि मौजूद रहे।

चक्कर की मिलक स्थित सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं पार्टी प्रत्याशी।

▸▸ टिकट कटने से नाराज चल रहे सांसद डॉ. एसटी हसन की पार्टी और प्रत्याशी द्वारा अनदेखी पर बैठक में बिफरे कार्यकर्ता

राजनीति | मतदाता भावी सांसद से समस्याओं के समाधान की कर रहे हैं उम्मीद

क्षेत्र की समस्याओं को दूर कराने वाला हो सांसद

ऐसा हो हमारा सांसद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर महानगर के लोगों ने अपने क्षेत्र से निर्वाचित होने वाले सांसद से उम्मीदों को साझा किया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अब तक जो भी सांसद चुने गए हैं उन्होंने जनता से वोट लेने तक का ही रिश्ता रखा। यही वजह रही कि बहुत कम ऐसे सासंद हुए हैं जोकि दोबारा सांसद बने हो।

लोगों से सांसद को परिवार के जैसे रिश्ते रखने चाहिए। ताकि किसी समय जनता अपनी परेशानी को लेकर पहुंचे और सांसद उसका हल करे नाकि जनता टरकाने का काम करे। मौजूद दौर में आम आदमी के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना सपना बनकर रह गया है। महंगी शिक्षा व चिकित्सा को सांसद फ्री कराए। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें विभिन्न प्रकार के कोर्स की शिक्षा दिलाने में अपना सहयोग करे।

> शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी बच्चों को अच्छी नौकरी के लिए भटकना पड़ता है। सांसद को सरकारी व निजी संस्थानों में युवाओं को नौकरी दिलाने के लिए प्रयास करें ताकि पढ़े-लिखे युवक बेरोजगार न रहे।
> – **श्याम कुमार**, भूड़े का चौराहा

> सांसद निजी शिक्षण संस्थानों में लाखों रुपये में बिकने वाली डिग्री पर सरकारी स्तर पर पाबंदी लगवाने की पहल करे। जिससे छोटे परिवार के बच्चों को भी अच्छी तालीम मिल सके।
> – **जितेंद्र कुमार**, दौलत बाग

> अब तक क्षेत्र के सांसद को सिर्फ कुछ लोग ही जानते हैं। इसका मुख्य कारण है कि जीतने के बाद सांसद अपने क्षेत्र में आते ही नहीं हैं। जबकि सांसद ऐसा होना चाहिए कि उसे क्षेत्र का बच्चा-बच्चा पहचान सके। – **कुक्कु चौधरी**, कटघर

> कमजोर वर्ग लोगों व समाज के लिए भी सोचने वाला सांसद चाहिए। साथ ही उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाए। अपने ही लोगों की तरक्की की सोचने वाला सांसद किसी का भला नहीं कर सकता। जब छोटे परिवार के लोग उच्च पदों पर बैठेंगे तब ही देश तरक्की करेगा। – **सिद्धांत भारती**, प्रेम नगर

अवैध वसूली करने वाले दो अभियुक्तों को सजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : अवैध वसूली करने वाले दो अभियुक्तों का दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने सजा सुनाई है। सजा पाए इन अभियुक्तों में रोहित उर्फ कोबरा और सूरज हैं।

विशेष लोक अभियोजक राजीव कुमार त्यागी ने बताया कि मुकदमे की सुनवाई एडीजे-पांच ज्ञानेंद्र सिंह यादव के न्यायालय में चल रही थी। न्यायालय ने मंगलवार को प्रकरण में सुनवाई के बाद अंतिम फैसला सुना दिया है। इसमें दोनों अभियुक्तों को दो-दो साल की सजा हुई और पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। दोनों अभियुक्तों को मुरादाबाद जीआरपी ने गिरफ्तार किया था। जीआरपी के तत्कालीन थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने दो फरवरी 2022 को कटघर के सिंहमन हजारी रोहित उर्फ कोबरा व अमरोहा के बंभूगढ़ निवासी सूरज को गैंग बनाकर अवैध वसूली में गिरफ्तार किया था।

चिकित्साधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों को किया मतदान करने के लिए प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्साधिकारियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों को 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। दिल्ली रोड पर स्थित निजी चिकित्सालयों में कार्यक्रम आयोजित कर मतदान करने के लिए आह्वान किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह यादव ने मंडलीय जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय एमसीएच विंग के समस्त चिकित्साधिकारियों, पैरामेडिकल कर्मचारियों व अन्य स्टाफ को 19 अप्रैल को हर हाल में स्वयं मतदान करने और अपने सगे संबंधियों व क्षेत्रवासियों को भी मतदान के लिए बूथ पर पहुंचने के लिए कहा। वहीं मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने दिल्ली रोड स्थित नर्सिंग होम में चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ आदि को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता बताई। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल ने भी दिल्ली रोड पर एक नर्सिंग होम में चुनाव को महापर्व के रूप में मनाने के लिए चिकित्सकों, कर्मियों का आह्वान किया।

▸▸ निजी चिकित्सालयों में चला स्वीप के अन्तर्गत जागरुकता अभियान

स्वीप आइकॉन रितु नारंग ने भी दिल्ली रोड पर एक नर्सिंग होम में मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया। इन कार्यक्रमों में मुख्य चिकित्साधीक्षक जिला अस्पताल डॉ. राजेन्द्र कुमार, महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. निर्मला पाठक, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश चन्द्रा, डॉ. रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

आयुष्मान कार्ड बनाने में जिले को चौथा स्थान

मुरादाबाद, अमृत विचार: प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने में जनपद ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की लिस्ट में चौथा स्थान हासिल किया है। मार्च में 16,673 लाभार्थियों के कार्ड बनाकर जिला कार्ड बनाने के मामले में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के शीर्ष पांच जनपदों में शामिल हो गया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम माह में प्रदेश में सबसे अधिक 19,127 आयुष्मान कार्ड रायबरेली में बने। 18,694 कार्ड बनने से महाराजगंज दूसरे, 17,566 कार्ड से गोरखपुर तीसरे, 16,673 कार्ड बनने से मुरादाबाद चौथे स्थान पर रहा। जिला समन्वयक डॉ. पीतांबर सिंह ने बताया कि नए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अनुरोध भेजने से लेकर कार्ड के कन्फर्म हो जाने तक की प्रक्रिया में मुरादाबाद की रफ्तार काफी तेजी से बढ़ी है।

एक नजर

दाऊद सराय क्षेत्र में तीन घंटे बंद रही बिजली आपूर्ति

अमरोहा, अमृत विचार : उप खंड अधिकारी ने बताया कि बिजली घर में मरम्मत के दौरान आपूर्ति को सुबह नौ बजे से लेकर 12 बजे तक बंद रखा गया। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी बिजली घर की मरम्मत का कार्य पूरा हो जाने के बाद क्षेत्र के बिजली आपूर्ति को सुचारु कर दिया गया।

दो किसानों के खेत से मोटर चोरी, तहरीर दी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव स्थित खेत से दो किसानों की मोटर चोरी हो गई। पीड़ितों ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। गांव शाहपुर रझेड़ा निवासी दलपत पाल व नरेंद्र सिंह का गांव के पास खेत हैं। दोनों ने फसल की सिंचाई के लिए खेत पर ही मोटर लगी थी। सोमवार रात चोरों ने खेत पर लगी मोटर चोरी कर ली। तड़के किसान दलपत पाल व नरेंद्र खेत पर पानी लगाने के लिए गए, तो उन्हें वहां मोटर चोरी होने का पता लगा। खेत के इधर-उधर मोटर की तलाश की, लेकिन मोटर नहीं मिली। उन्होंने पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बसपा प्रत्याशी समेत तीन का पर्चा दाखिल

भाजपा प्रत्याशी ने दूसरा सेट जमा किया, अब तक कुल चार ने कराया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार को बसपा प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद चौधरी ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल कराया। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने अपना दूसरा सेट, निर्दलीय कुशाग्र व अमीचंद ने भी नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।

ज्ञात हो कि जिले में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा। जिसके लिए 28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया चल रही है। पहले दो दिन पर्चे खरीदे जाने के बाद सोमवार को पहला नामांकन दाखिल किया गया। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने अपना नामांकन दाखिल कराया था। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे थे। वहीं, सोमवार को सात लोगों ने नामांकन पत्र भी खरीदे थे। मंगलवार को भी नामांकन प्रक्रिया के तहत बसपा प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद चौधरी ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार त्यागी को सौंपा। बसपा प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद चौधरी, पार्टी के जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह, इंद्र पाल के साथ कलेक्ट्रेट वह पहुंचे थे। नामांकन कक्ष में केवल पांच लोगों को ही प्रवेश दिया गया। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने भी अपने नामांकन पत्र का दूसरा सेट जमा किया। साथ ही निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर कुशाग्र व अमीचंद ने नामांकन दाखिल किया है। अब तक कुल चार लोगों ने अपना नामांकन दर्ज कराया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते बसपा प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद चौधरी व साथ में अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ **मंगलवार को दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने कराया नामांकन**

होमगार्ड ने बेटी की शादी से सात दिन पहले पेड़ से लटककर जान दी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : होमगार्ड ने बेटी की शादी से सात पहले पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। होमगार्ड का शव मंगलवार सुबह गांव से चार किमी दूर बाग में आम के पेड़ से लटका मिला। बताया जा रहा है कि बेटी की शादी की तैयारियों के बीच होमगार्ड काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम बुलाकर सुबूत जुटाए। घटनास्थल से होमगार्ड की बाइक व मोबाइल के अलावा एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव ढक्का निवासी सत्यपाल सिंह होमगार्ड थे। उनके परिवार में पत्नी तारावती के अलावा दो बेटी और एक बेटा है। बड़ी बेटी किरन की शादी तय हो चुकी थी। नौ अप्रैल को उसकी बारात आनी है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह में लग्न की रस्म हुई थी। बेटी की शादी की तैयारियों के बीच सत्यपाल सिंह काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे। परिजनों के मुताबिक सोमवार दोपहर में सत्यपाल सिंह दूसरी शिफ्ट में ड्यूटी करने गए थे। रात 10 बजे तक उन्होंने साथी होमगार्ड मकरंद के साथ शहर में कैलसा चौराहे पर ड्यूटी की। इसके बाद वह अपनी बाइक से घर के लिए निकल गए। लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे। उनका मोबाइल बंद होने से परेशान परिजनों ने तलाश शुरू की। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह गांव नाजरपुर खुर्द के लोग खेत पर जाने के लिए निकले तो वहीं आम के बाग में सत्यपाल सिंह का शव पेड़ पर फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। सीओ सिटी अरूण कुमार सिंह व नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने घटनास्थल पहुंचकर परिजनों का ढांढस बंधाया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। जिसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छानबीन के बीच पुलिस को मोबाइल फोन और सुसाइड नोट मिला है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि होमगार्ड सत्यपाल सिंह ने आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दुखद

▸▸ **कई दिनों से मानसिक तनाव में था होमगार्ड सत्यपाल सिंह**

▸▸ **सोमवार को हुई थी लग्न की रस्म, मौके से मिला सुसाइड नोट**

चंदे का बंटवारा करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : चंदे का बंटवारा करने को लेकर दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। इस दौरान लाठी-डंडे चले और पथराव भी हुआ। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर भी हमला किया गया। बाद में घेराबंदी कर पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया। मामले में दरोगा की तहरीर पर 11 नामजद समेत 21 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव धनौरा उर्फ मुरादनगर की है। यहां गांव में जामा मस्जिद है। बताया जा रहा है कि इसके नाम पर किए गए चंदे के बंटवारे को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। हमला करते हुए एक दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। झगड़े की सूचना मिलते ही दरोगा उमेश कुमार, हेड कांस्टेबल यासीन सैफी, कांस्टेबल अनिल कुमार तुरंत ही गांव पहुंचे। लैपर्ड पर तैनात कांस्टेबल लोकेश कुमार, अशोक कुमार और अनुज कुमार को भी बुलाया। पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन आरोपियों ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। पथराव होने पर पुलिसकर्मियों ने गांव से भागकर जान बचाई। वहां से हमले की सूचना अधिकारियों को दी। जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल ने घेराबंदी कर दी। पुलिस ने इदा खां, जाकिर, गुलाम नबी, नबी जान, मुमताज समेत छह लोगों को हिरासत में ले लिया। वहीं, मारपीट में घायल हाजी शरीफ, जाफरी, नूरुद्दीन को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक प्रेम पाल सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में 11 नामजद समेत 10 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

▸▸ **लाठी-डंडे चले और पथराव भी हुआ, 11 पर रिपोर्ट दर्ज**

ईमानदारी से करें कर्तव्यों का निर्वहन : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में विकास खंड गजरौला में बीएलओ प्रशिक्षण व मतदाता जागरुकता संबंधी कार्यक्रम हुआ। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित बीएलओ और अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई। हस्ताक्षर अभियान के कार्यक्रम में भी साइन बोर्ड पर हस्ताक्षर कर अधिक से अधिक लोगों को 26 अप्रैल को मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, उप जिलाधिकारी धनौरा ने भी साइन बोर्ड पर हस्ताक्षर अभियान में सम्मिलित होकर हस्ताक्षर किया।

मंगलवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बीएलओ को मतदाता गाइड, मतदाता पर्ची का समय से वितरण और 85 वर्ष से अधिक के आयु के मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान कराने के प्रति प्रशिक्षण दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों को ईमानदारी से सक्रिय होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक वाले मतदाताओं का शतप्रतिशत मतदान करने को लेकर मतदाता हेल्प डेस्क, मतदाता गाइड, मतदाता पर्ची का वितरण समय से हो जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधानों के सहयोग से प्रत्येक ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस दौरान एडीएम न्यायिक मायाशंकर यादव, एसडीएम व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व साथ में अन्य।

▸▸ **जिलाधिकारी ने दिलाई मतदाता जागरुकता की शपथ, हस्ताक्षर अभियान में हुए शामिल**

जिलाधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश

हसनपुर, अमृत विचार : मंगलवार को बाइपास मार्ग स्थित गार्डन में बीएलओ, सुपरवाइजर, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदारों के साथ जिलाधिकारी ने बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने सभी को लोकसभा चुनाव के संबंध में निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मंगलवार को नगर के बाइपास मार्ग स्थित मैथिली गार्डन में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने हसनपुर तहसील क्षेत्र के समस्त बीएलओ, सुपरवाइजर, लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को दिशा निर्देश दिए। जिला अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में एसडीएम भगत सिंह तहसीलदार सुदीप कुमार सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

कीचड़ व जलभराव के विरोध में नारेबाजी

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : गंगेश्वरी विकास खंड क्षेत्र के गांव सिमथला में आदमपुर को जाने वाले मुख्य मार्ग पर पानी बहने से जलभराव व कीचड़ की समस्या बनी है। इससे बच्चे और बुजुर्ग यहां गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी ग्राम प्रधान व ब्लाक अधिकारियों द्वारा इस समस्या का निस्तारण नहीं कराया गया। जिससे नाराज होकर ग्रामीणों ने नारेबाजी की। ज्ञात हो कि गांव की आबादी करीब एक हजार है। ग्राम प्रधान के कार्यकाल को भी तीन वर्ष से अधिक हो चुके हैं। उसके बाद भी गांव में विकास के नाम पर न के बराबर काम हुआ है। गांव के मुख्य मार्ग पर नाली नहीं है। जिससे घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रह रहा है और पूरा रास्ता कीचड़ से भर गया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों व ब्लाक से लेकर तहसील तक के अधिकारियों से रास्ते व नाली निर्माण की गुहार लगाई जा चुकी है। यहां आएदिन दोपहिया वाहन चालक, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं चोटिल हो रहे हैं। विरोध प्रदर्शन करने वालों में कपिल, मननू, अमन त्यागी, दीपक त्यागी, गंगासरन, पुष्पेन्द्र, अजय सिंह, रियासत, गफूर अली, फूल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

सिमथला में जलभराव के विरोध में नारेबाजी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

परेशानी

▸▸ **सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहे बच्चे और महिलाएं**

▸▸ **कई बार शिकायत करने पर भी हो रही अनदेखी**

पीठासीन व मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आज से

अमरोहा, अमृत विचार : दूसरे चरण के चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने को लेकर आज से पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों को शहर के एलएसए स्कूल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण को लेकर 50 मास्टर ट्रेनर लगाए गए हैं।

यह प्रशिक्षण पांच अप्रैल तक चलेगा। शुरू के दो दिन दो शिफ्टों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण से नदारद रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। बताया कि पहली पाली सुबह 9:00 से 12:30 बजे तक दूसरी पाली दोपहर 1:30 बजे से शाम 5: 00 बजे तक रहेगी। इस दौरान प्रत्येक पाली में 820 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हम जागरूक मतदाता हैं भारत के भाग्य विधाता हैं

संवाददाता, मंडी धनौरा/बछरायूं

अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर मतदाता जागरुकता रैली निकाली।

मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव ने कस्बा बछरायूं स्थित कंपोजिट विद्यालय बंदोरखाना में मतदाता जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई उच्च प्राथमिक विद्यालय पठियापुरा बछरायूं पर पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर व बैनर के माध्यम से संदेश दिया कि हर एक वोट है, बड़ा महान, यह है अपने देश की शान। सही लोकतंत्र की क्या पहचान, जागरूक मतदाता नैतिक मतदान। हम जागरूक मतदाता हैं, भारत के भाग्य विधाता हैं। लोकतंत्र में हर एक वोट जरूरी होता है। रैली को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता बनना अपने आप में गर्व की बात है। इसलिए अपने कर्तव्य का पालन करते हुए 26 अप्रैल को मतदान जरूर करें और आस पास के अपने लोगों एवं दूसरे व्यक्ति को भी प्रेरित करें। उपजिलाधिकारी चंद्रकांता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 26 अप्रैल को सभी बच्चे अपने अभिभावकों, परिवारजनों एवं मोहल्लेवासियों को मतदान करने के लिए अवश्य बताएं। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, अधिशासी अधिकारी दीपालिका, यतीन्द्र कटारिया, एआरपी पवन कुमार, राजकुमार, कुलवंत सिंह आदि रहे।

▸▸ **मतदाता जागरुकता रैली को जिलाधिकारी ने दिखाई झंडी**

महिला से दहेज में पांच लाख रुपये मांगने का आरोप, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : दहेज के लिए महिला को ससुराल में प्रताड़ित किया गया। उससे दहेज में पांच लाख रुपये मांगे। पीड़िता ने छेड़छाड़ करने का आरोप भी लगाया। शिकायत के आधार पर मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ज्ञात हो कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले में रहने वाले कारोबारी ने अपनी बेटी की शादी दो दिसंबर 2017 को दिल्ली के रहने वाले युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। इसके बाद महिला अपने घर पर आ गई। इसी बीच उसने मायके में बेटी को जन्म दिया। जिसका खर्च महिला पिता ने उठाया। बेटी के पैदा होने के बाद ससुराल वाले दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। दोनों पक्षों के बीच कई बार पंचायत हुई लेकिन ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। पति के रिश्तेदारों ने महिला से छेड़छाड की। आरोप है कि दुष्कर्म का प्रयास भी किया गया। जिसके बाद तंग आकर महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की तो आरोपी घर में ताला लगा कर चले गए। फिलहाल पीड़िता अपने मायके में पिता के घर रहती है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

▸▸ **प्रताड़ित करने और विरोध पर छेड़छाड़ में पांच पर रिपोर्ट दर्ज**

बैठक पुलिस अधीक्षक ने कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर दी जानकारी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से होगी समय की बचत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : पुलिस सभागार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने कार्यशाला में टिप्स दिए।

इस दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑडियो क्लोनिंग, गूगल सिक्योरिटी, वीडियो एडिटिंग, स्लाइड एनीमेशन, डाटा वैलिडेशन आदि को लेकर ट्रेनिंग दी। कार्यशाला में एसपी ने पुलिस कर्मियों को एआई के बारे में बताया। एसपी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी एक ओर जहां समय की बचत करती है तो वहीं दूसरी और समृद्धि का मार्ग भी खोलती है। कार्यशाला के दौरान सोशल मीडिया में आरएंडडी शाखा में तैनात पुलिसकर्मी व थानों से सीसीटीएनएस पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को भी ट्रेनिंग दी गई।

गांव में पैदल मार्च करते पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों के जवान। ● अमृत विचार

65 अपराधियों पर की गुंडा एक्ट की कार्रवाई

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थानों की पुलिस ने 65 के खिलाफ गुंडा एक्ट के कार्रवाई की। अमरोहा नगर में आठ, डिडौली पुलिस ने 10, आदमपुर में 13, सैदनगली में 18, नौगांवा सादात में सात, बछरायूं थाना पुलिस ने तीन अपराधियों के चालान किए। पुलिस ने 65 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस ने अर्द्ध सैनिक बल के साथ गांवों में किया पैदल मार्च

गजरौला, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस सतर्क है। मंगलवार को पुलिस नेअर्द्ध सैनिक बल के जवानों के साथ कई गांवों में पैदल मार्च भी किया। जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। ऐसे में पुलिस-प्रशासन चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की तैयारी में जुटा है। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के साथ ही जिले की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने अर्द्ध सैनिक बल के जवानों ने गंगापुरी, सिहाली गोसाई मुरादपुर समेत कई गांवों में पैदल मार्च किया और आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की अपील सभी से की गई।

सार संक्षेप

प्राथमिक विद्यालय में नई किताबें और बैग दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बांटीं किताबें और बैग

गजरौला, अमृत विचार : सामाजिक कार्यकर्ता तेजवीर सिंह अलुना ने सोमवार को रेलवे स्टेशन रोड शिव प्राथमिक विद्यालय में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की। जिसमें स्कूल बैग, पानी की बोतल, रबड़, पेंसिल रेजर, कटर, पेंसिल बॉक्स, बच्चों को वितरित किए। पढ़ाई का सामान पाने के बाद बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। तेजवीर सिंह अलुना ने कहा कि किसी भी देश की उन्नति के लिए शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। समाज के समृद्ध और अग्रणी लोग भी इस कार्य में आगे आएं और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री, ड्रेस आदि का वितरण करें। इस अवसर पर शिव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शलभ भारद्वाज, हर्षिता अलुना, अवधेश कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, मोनिका आदि उपस्थित रहे।

परीक्षाफल वितरण के दौरान मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

सैदनगली, अमृत विचार : सोहनलाल देवती इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरण समरोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुई। जिसमें प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्रबंधक राजेंद्र सैनी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक सूरज पाल सैनी ने कक्षा 11 के यश त्यागी को स्टूडेंट ऑफ ईयर का पुरस्कार दिया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य पीतम सिंह सैनी ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देकर उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रवक्ता विवेक कुमार ने किया।

मतदान के लिए प्रचार करते एनएसएस के स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

स्वयंसेवियों ने मतदान के प्रति किया जागरूक

हसनपुर, अमृत विचार : झम्मनलाल पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा ने स्वयंसेवियों को मतदान के संबंध में समझाया। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना है। स्वयंसेवी लगातार गांवों में भी जागरुकता अभियान चला रहे हैं। जिससे कोई भी वोट देने से वंचित न रह जाए। स्वयंसेवियों ने दुकानों पर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए और अच्छे नेता का चुनाव करने के लिए सभी का वोट डालना जरूरी है। इस अवसर पर जितेंद्र, पंकज, सोहेल, आकाश, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

खोखे में लगी आग से नुकसान

हसनपुर, अमृत विचार : मोहल्ला लालबाग निवासी फैजान पुत्र खालिद का बाइपास मार्ग स्थित ग्रीन सिटी के निकट पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे टायर पंचर का खोखा था। पीड़ित का कहना है कि मंगलवार तड़के तीन बजे पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने फोन पर सूचना दी गई कि किसी व्यक्ति ने खोखे में आग लगा दी है। पीड़ित जब तक मौके पर पहुंचा तब तक खोखे और सारा सामान जल चुका था। पीड़ित ने बताया कि खोखे में रखा इंजन, हवा की टंकी, 30 हजार रुपये कीमत की ट्यूब, 20 हजार रुपये कीमत के टायर आदि जलकर नष्ट हो गए। आग लगने से लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है।

आग से जला सामान। ● अमृत विचार

एक नजर

तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर मार्ग पर मंगलवार को एक संदिग्ध व्यक्ति के खड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर संदिग्ध के पास से तमंचा मिला। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस की पकड़ में आया व्यक्ति थाना क्षेत्र के मोहल्ला शहबाजपुर खुर्द निवासी हसीब है। पुलिस ने हसीब का चालान कर दिया।

मारपीट में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संभल, अमृत विचार : गांव आढोल निवासी मुकेश की पत्नी सोमवार की दोपहर नहाने जा रही थी। आरोप है कि मंजू की जेठानी नन्ही व उसका बेटा दीपक मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगा। मंजू ने जब विरोध किया तो नन्ही ने अपने पति सुरेश को भी मौके पर बुला लिया और मंजू से मारपीट करने लगे। मुकेश पत्नी को बचाने पहुंचा तो बड़े भैया, भाभी व भतीजे ने उसके साथ भी मारपीट की। जिससे दंपती घायल हो गए। देर शाम मंजू ने जेठ सुरेश, जेठानी नन्ही और भतीजे दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

मतदाता जागरुकता के लिए दौड़े लोग

अच्छी सरकार चुनने को लेकर मतदान अवश्य किए जाने का दिया संदेश

संवाददाता, बहजोई (संभल)

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत युवा कल्याण विभाग व खेल विभाग द्वारा मेगा मतदाता जागरुकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने आमजन से शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। वहीं अच्छी सरकार चुनने को लेकर मतदान अवश्य किए जाने की बात कही।

बहजोई कलेक्ट्रेट पर मेगा मतदाता दौड़ का आरंभ सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने झंडी दिखाकर किया। दौड़ में जनपद के खिलाड़ियों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व युवाओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। मेगा मतदाता दौड़ में सभी ने लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर दौड़ लगाते हुए लोकतंत्र के इस पर्व में सभी को अपनी भागीदारी करने तथा शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। बहजोई से चंदौसी तक जगह-जगह स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा खिलाड़ियों युवाओं ने दौड़ लगाते हुए सभी से मतदान करने की अपील की। सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में अच्छी सरकार चुनने के लिए सभी को आगे आना चाहिए तथा अपने मताधिकार का प्रयोग शत प्रतिशत करना चाहिए।

बहजोई में मतदान का अलख जगाने के लिए दौड़ते युवा व महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ **दौड़ में खिलाड़ियों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व युवाओं ने भागीदारी की**

उन्होंने कहा कि अच्छे लोकतंत्र में अच्छी सरकार चुनने के लिए हमें हमेशा ही अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। नहीं तो वर्चस्व के आधार पर प्रतिनिधि चुन जाते हैं। जो उनके अधिकारों का ख्याल नहीं रखते हैं। इसलिए सभी को मतदान करना चाहिए। इस दौरान डीडीओ रामाशीष, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डीआईओएस बेदराम, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सहित आदि ने दौड़ लगाते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

चेकिंग में मिली 1.55 लाख की नकदी जब्त

बबराला, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर गठित उड़नदस्ता टीम कड़ी निगरानी रखते हुए वाहनों की चेकिंग कर रही है। टीम को वाहन में सवार व्यक्ति से 1.55 लाख की नकदी मिली। कोई कागजात न दिखा पाने पर नकदी जब्त कर कोषागार में जमा करा दिया गया।

उड़नदस्ता टीम के प्रभारी वाणिज्य कर अधिकारी रामलखन यादव और उपनिरीक्षक नन्हें सिंह मंगलवार को बबराला में अनूपशहर रोड पर पैठ बाजार के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान टाटा मैजिक (छोटा हाथी) को रोका और तलाशी ली तो गाजियाबाद जनपद के थाना भोजपुर के गांव यूसुफपुर ईसापुर निवासी पुष्पेंद्र पुत्र सुखवीर से 1 लाख 55 हजार की नकदी मिली। पुष्पेन्द्र के पास कोई कागज एवं साक्ष्य न होने पर रकम को जब्त कर कोषागार के डबल लॉक में जमा करा दिया गया। बताया गया कि वाहन गुन्नौर में इलेक्ट्रिकल सामान उतार कर वापस लौट रहा था।

16 सेक्टरों में बांटा संभल क्षेत्र, मजिस्ट्रेट नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ **एसडीएम ने जुमा अलविदा की नमाज को लेकर की व्यवस्था**

▸▸ **नमाज को शांति एवं सद्भावना के साथ कराने के दिए निर्देश**

अमृत विचार : रमजान महीने में जुमा अलविदा को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। एसडीएम ने संभल क्षेत्र को 16 सेक्टरों में बांटते हुए मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। अधिकारियों को जुमा अलविदा की नमाज शांति एवं सद्भाव के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने जुमा अलविदा की नमाज को लेकर अधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई है। जिसमें तहसीलदार को जामा मस्जिद संभल संपूर्ण क्षेत्र, नायब तहसीलदार अनुज कुमार को हयातनगर संपूर्ण क्षेत्र, उप निबंधक संभल को नगर पंचायत सिरसी संपूर्ण क्षेत्र, चकबंदी अधिकारी संभल को डाकखाना रोड से टंडन चौराहा तक, नायब तहसीलदार सतेंद्र सिंह को चौधरी सराय चौराहा से जामा मस्जिद तक, बीडीओ असमोली को जामा मस्जिद के बराबर कब्रिस्तान, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संभल को विकास खंड पंवासा का संपूर्ण क्षेत्र, खंड शिक्षा अधिकारी संभल को विकासखंड असमोली संपूर्ण क्षेत्र, एडीओ पंचायत संभल को थाना नखासा संपूर्ण क्षेत्र, पशु चिकित्सा अधिकारी सिरसी को जामा मस्जिद के पीछे आरा मशीन के पास, कृषि प्रसार अधिकारी को जामा मस्जिद के सामने मैदान, पशु चिकित्सा अधिकारी संभल को गांव भवानीपुर, पशु चिकित्सा अधिकारी पंवासा को गांव चिमियावली, पशु चिकित्सा अधिकारी असमोली को गुमसानी, पशु चिकित्सा अधिकारी सिंहपुरसानी को असमोली के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। वहीं एडीओ पंचायत असमोली थाना असमोली, एडीओ पंचायत पंवासा पुलिस चौकी सिरसी, सहायक चकबंदी अधिकारी नखासा थाना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नगर कोतवाली संभल में रिजर्व में रहेंगे।

शादी के एक माह बाद महिला ननिहाल से प्रेमी के साथ फरार

संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में अपने ननिहाल से नवविवाहिता शादी के एक महीने बाद ही प्रेमी के साथ फरार हो गई। पति और परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग उठाई।

थाना धनारी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी एक माह पहले कैला देवी थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। शादी के बाद नवविवाहिता रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी ननिहाल में आ गई। सोमवार को देर रात नवविवाहिता प्रेमी के साथ फरार हो गई। सूचना मिलने पर नवविवाहिता का पति और मायके पक्ष के लोग रजपुरा थाने पहुंचे। जहां परिजनों ने रजपुरा थाने में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है।

फब्तियां कसने व अश्लील हरकतों में तीन गिरफ्तार

संभल/असमोली, अमृत विचार : एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व छात्राओं पर फब्तियां कसने व अश्लील हरकतें कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी इमरान, आदिल व असमोली थाना क्षेत्र के गांव मनोटा निवासी समीर मंगलवार को सैदनगली जाने वाले मार्ग के तिराहे पर खड़े हुए थे। इमरान, आदिल व समीर मनोटा सैदनगली व जोया मार्ग पर आने जाने वाली महिलाओं, युवतियों और छात्राओं पर फब्तियां कसते हुए उनके साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे। सूचना पर एंटी रोमियो टीम मौके पर पहुंची और इमरान, आदिल व समीर को गिरफ्तार कर लिया।

आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

संभल/असमोली, अमृत विचार: असमोली थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक अन्य युवक से तमंचा बरामद कर उसका चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव दुगावर निवासी विकास वन ने सोमवार को अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल की थी। जिससे दलित समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया।

मामला संज्ञान में आने पर थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा की मढ़ैया निवासी विजय विक्रम सिंह ने विकास वन के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को पुलिस ने सूचना मिलने पर विकास वन को गिरफ्तार कर लिया। वहीं थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर डसर निवासी सुरेंद्र से तमंचा बरामद कर हिरासत में ले लिया।

एसडीएम ने संवाद कर बीएलओ को समझाए कार्य, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम ने संभल और असमोली विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ के साथ बैठक में संवाद किया। एसडीएम ने बीएलओ ने उनके कई कार्यों की जानकारी दी और पूरी जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश दिए।

नई तहसील सभागार में हुई बैठक में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि बीएलओ मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित करेंगे। यह सुनिश्चित किया जाए कि मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान बूथ पर कोई परेशान न हो। बीएलओ मतदाताओं को सुविधाओं की जानकारी देंगे। एसडीएम ने कहा कि बूथों पर जाकर बीएलओ का नाम संशोधन करा दिया जाए।

बीएलओ को संबोधित करते एसडीएम विनय मिश्रा। ● अमृत विचार

▸▸ **संभल और असमोली विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ के साथ की बैठक**

ऑनलाइन सिस्टम में भी मोबाइल नंबर दर्ज कराएं। नए बीएलओ पुराने बीएलओ का मोबाइल नंबर लेते हुए रिकॉर्ड भी हासिल करने का काम करें। एसडीएम ने कहा कि तमाम दिव्यांगों के नाम अंकित हैं लेकिन वह वास्तव में दिव्यांग नहीं है। बीएलओ दिव्यांगों को लेकर सत्यापन करें। जो वास्तव में दिव्यांग हैं, उनके नाम ही दर्ज होने चाहिए। इन सभी कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूर्ण किया जाए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी असमोली अंशुल दीक्षित, केपी सिंह आदि रहे।

सार-संक्षेप

प्रधानमंत्री आवास की मांग करती दिव्यांग महिलाएं। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग

संभल अमृत विचार : विकास विकलांग सेवा समिति महिला मोर्चा के बैनर तले महिलाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। कहा है कि कई बार आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन किया लेकिन लेखपाल द्वारा सत्यापन न करने के कारण योजना का लाभ नहीं मिल सका। इस दौरान फरहत खलील, फरहा नाज, भावना, सरताज, किश्वरी, नीरज, अंजलि, नन्हीं, महेंद्री, किरन आदि रहीं।

स्लोगन की प्रस्तुति से दिया मतदान करने का संदेश

संभल अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज संभल में जिलाधिकारी के आदेशानुसार स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता हुई। मतदान हर नागरिक का कर्तव्य है विषय पर हुई प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर संदेश दिया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता के वोट की कीमत होती है। इसलिए मतदान को शीर्ष प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताओं से लोगों में मतदान के प्रति कर्तव्य भावना जाग्रत होती है। डॉ. निलेश कुमार ने कहा कि छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर मतदान के प्रति जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाया और विभिन्न प्रभावशाली स्लोगन की प्रस्तुति दी। डॉ. फहीम अहमद ने कहा कि अप्रैल में कई कार्यक्रम कराए जाएंगे। विजेता छात्र छात्राओं की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह में आगामी दिनों में होगा। प्रतियोगिता में डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह का योगदान रहा।

गांव में गेहूं की कटाई करता किसान। ● अमृत विचार

तैयार हुई गेहूं की फसल, कटाई में जुटे किसान

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली क्षेत्र में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पककर तैयार होने से किसानों में खुशी का माहौल बना है। तमाम किसानों ने गेहूं फसल की कटाई शुरू कर दी है। इस काम में मजदूरों को भी लगाया गया है। कटाई के बाद थ्रेसर मशीन से गेहूं की निकासी की जानी है। होली त्योहार के संपन्न होने के बाद गर्मी बढ़ी तो खेतों में खड़ी गेहूं की फसल भी पककर तैयार होने लगी। असमोली क्षेत्र के गांव ओबरी, मलकपुर नवादा, रचैटा में किसानों ने गेहूं फसल की कटाई शुरू कर दी है। मजदूरों को प्रति बीघा गेहूं फसल काटने पर 40 से 45 किलो गेहूं मिलने की बात कही जा रही है। किसानों का कहना है कि उन्होंने गेहूं फसल को लेकर सपने देखे हैं। अब बाजार में गेहूं जाएगा तो बिक्री होने पर मिली रकम से जरूरी काम निपटा लेंगे।

सफाई कर्मियों ने अग्रिम मांगा अप्रैल का वेतन

बहजोई, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। वहीं सफाई कर्मियों ने अप्रैल माह का वेतन एडवांस में दिए जाने की मांग उठाई। कलेक्ट्रेट के निकट पार्क में आयोजित बैठक में मार्च के वेतन के भुगतान के साथ-साथ अप्रैल माह का वेतन एडवांस में किए जाने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष धीरज पाल यादव ने कहा कि इस समय सफाई कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। एक ओर सफाई कर्मियों को अपने बच्चों का स्कूल में प्रवेश करना है तो वहीं उनके कोर्स तथा यूनिफॉर्म को लेकर भी लेकर भी खर्च करना है। सफाई कर्मियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी दफ्तर पहुंचकर डीपीआरओ को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान महामंत्री रंजीत सिंह, गुरुदीन वाल्मीकि, चिरंजीलाल मौर्य, सुभाष जेनवाल, ब्रह्मपाल आदि मौजूद रहे।

रोवर्स रेंजर्स को सीटी संकेत लगाने का प्रशिक्षण दिया

संभल अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षण की शुरुआत स्काउट गाइड प्रार्थना से हुई। रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ. राष्ट्रवर्धन और डॉ. नौमी प्रिया ने ध्वजारोहण किया। रोवर्स रेंजर्स ने ध्वज को सलामी दी। प्रशिक्षक जिला संगठन आयुक्त स्काउट मोहित कुमार ने शिविरार्थियों को सीटी संकेत, खोज के चिन्ह, अनुमान लगाने, गांठ बांधने, टेंट लगाने, ब्रिज बनाने, गैजेट्स बनाने का प्रशिक्षण किया। इस दौरान डॉ. जीत सिंह, डॉ. तनुज कुमार, डॉ. अब्दुल रहमान, डॉ. आसिम आदि रहे।

मिट्टी की ढांग गिरने से वृद्ध की मौत

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में मिट्टी खोदते वक्त ढांग गिरने से दबकर वृद्ध की मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव ऊमरा निवासी प्रेमपाल (60 वर्ष) के निजी नलकूप पर निर्माण कार्य को लेकर मिट्टी चाहिए थी। मंगलवार को प्रेमपाल सात वर्षीय पोते राजू और दस वर्षीय पोती शिवानी को बैलगाड़ी में बैठाकर अस्थाई तालाब में मिट्टी खोदने पहुंचे। प्रेमपाल ने ढांग से मिट्टी निकालनी शुरू कर दी। अचानक मिट्टी की ढांग गिरी तो प्रेमपाल उसमें दब गया। राजू और शिवानी ने दौड़कर गांव पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर तमाम ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों ने मिट्टी हटाने का काम शुरू किया। बमुश्किल मिट्टी हटाकर प्रेमपाल को बाहर निकाला। परिजन प्रेमपाल उपचार के लिए अलीगढ़ ले जाने लगे। रास्ते में ही प्रेमपाल की मौत हो गई।

गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

अमृत विचार : चैत्र की अष्टमी पर मंगलवार को संभल जिले के घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांगी। सुरक्षा में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

चैत्र मास में कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर गंगा स्नान का काफी महत्व है। गंगा घाटों पर मंगलवार को तड़के ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। राजघाट के साथ ही सिसौना डांडा, साधु मढ़ी और असदपुर घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और गंगा स्नान शुरू किया। सुबह सात बजे श्रद्धालुओं की गंगा घाटों पर भीड़ लग गई। सबसे ज्यादा भीड़ राजघाट गंगा घाट पर रही। श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, रोग दोष निवारण के लिए दान भी किया। राजघाट गंगा घाट पर गंदगी के माहौल के कारण श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बबराला में राजघाट गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शीतला अष्टमी पर महिलाओं ने रखा व्रत, किया पूजन

बबराला अमृत विचार : शीतला अष्टमी पर महिलाओं ने व्रत अनुष्ठान कर स्वच्छता और आरोग्य की देवी शीतला माता का विधिवत पूजन किया। मान्यता के अनुसार, शीतला अष्टमी के दिन माता शीतला की विधि-विधान से पूजा और व्रत करने से घर परिवार में रोग-दोष, बीमारी, महामारी का भय नहीं रहता है। शीतला माता को ठंडक प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। होली के बाद मौसम में बदलाव और ग्रीष्म ऋतु का आगमन होता है। मौसमी बदलाव से त्वचा रोगों का खतरा बना रहता है। मान्यता है कि माता शीतला का व्रत रखने और विधिवत पूजा करने से चेचक और चर्म रोग की बीमारियां दूर रहती हैं।

हाइड्रा मशीन ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, चालक घायल

संभल, अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद मार्ग पर हाइड्रा मशीन की टक्कर से आइसक्रीम से भरा ई रिक्शा सड़क पर पलट गया। हादसे में ई रिक्शा चालक घायल हो गया।

बदायूं जिले के गांव जगत निवासी राजेश मंगलवार को आइसक्रीम भरा ई रिक्शा लेकर जैसे ही कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर बुलेट मोटरसाइकिल के शोरूम के सामने पहुंचा। पीछे से आ रही हाइड्रा मशीन ने टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही ई रिक्शा सड़क पर पलट गया। जिससे आइसक्रीम सड़क पर बिखर गई और राजेश घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो चालक हाइड्रा मशीन छोड़कर भाग गया। जबकि परिचालक को पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया। राजेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीडीओ के निरीक्षण में बंद मिला पंचायत घर

संवाददाता, बहजोई

▸▸ **दूसरी जगह से हो रहा था भुगतान**

▸▸ **कंप्यूटर सिस्टम से लेकर सभी सामान गायब था**

अमृत विचार: ग्राम पंचायत में खंड विकास अधिकारी के निरीक्षण में न केवल पंचायत भवन का ताला लगा मिला बल्कि वहां से कंप्यूटर सिस्टम से लेकर सभी सामान गायब था। सीसीटीवी कैमरे और विद्युत व्यवस्था भी नहीं थी।

बहजोई के खंड विकास अधिकारी प्रेमचंद मंगलवार को अचानक ग्राम पंचायत चौपा शोभापुर में पहुंचे। शिकायत के आधार पर एक जनसेवा केंद्र का निरीक्षण किया। जहां बताया गया कि पंचायत सहायक के द्वारा कंप्यूटर सिस्टम और यूजर आईडी का प्रयोग करके निजी कार्य किया जा रहा है।। हालांकि इस मौके पर पंचायत सहायक पूजा कुमारी मौके पर नहीं मिली। उनके भाई के द्वारा बताया गया कि पंचायत भवन कई महीनों से बंद है। कंप्यूटर सिस्टम से लेकर कोई भी सामग्री वहां पर मौजूद नहीं है। पंचायत भवन का ताला खोला गया तो वहां केवल कुर्सियां पड़ी मिली।

बताया गया कि कुछ दिन पहले कंप्यूटर सिस्टम और अन्य सामग्री चोरी हो गई थी। बाद में सामग्री को खरीदा गया।

खंड विकास अधिकारी के पहुंचने के बाद पंचायत सचिव शिवम यादव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान के पति के द्वारा कंप्यूटर सिस्टम वहां से उठाया गया और उसके बाद वापस नहीं किया गया। बीडीओ ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

गांव में गेहूं की कटाई करता किसान। ● अमृत विचार

पूर्णागिरी यात्रा पर जाने वालों को विदा करते लोग। ● अमृत विचार

साइकिल यात्रियों का जत्था पूर्णागिरी रवाना, दी विदाई

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार: पूर्णागिरी साइकिल यात्रियों के जत्थे को फूल मालाएं पहना कर विदा किया गया। इस बार 28 साइकिल यात्री पूर्णागिरी देवी के दर्शन को गए हैं।

दस वर्षों से नगर के युवा श्रद्धालुओं का जत्था साइकिल से माता पूर्णागिरी के दर्शन करने जाता है। मंगलवार को मोहल्ला सराय से 11वीं पूर्णागिरि साइकिल यात्रा पूर्णागिरि धाम को रवाना हुई। 28 श्रद्धालु साइकिल से पूर्णागिरि के दर्शन करने के लिए रवाना हुए। सभी 28 साइकिल यात्रियों लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत कर रवाना किया। पुनीत कुमार की अगुवाई में साइकिल यात्रा 4 अप्रैल को पूर्णागिरि पहुंचेगी और दर्शन के बाद 7 अप्रैल को लौटेगी।

जत्थे में दुर्गेश कुमार, प्रदीप पाल, देवपाल, जितेंद्र कुमार, ओमप्रकाश, सुमित, प्रियेंद्र, राहुल, मुन्नालाल, रोहित, अतुल, अंकित, आशीष, रवि, दुर्गेश आदि रहे।

गुणवत्ता असमोली क्षेत्र में मुबारकपुर बंद संपर्क मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग करा रहा सड़क निर्माण

बनते ही उखड़ने लगी लाखों की लागत से बनी सड़क

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : विकास खंड असमोली क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद संपर्क मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई गई सड़क का काम पूरा भी नहीं हुआ कि सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी। इसमें घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने की आशंका है। ग्रामीणों ने डीएम से मामले की जांच कराकर मानक के अनुसार सामग्री से सड़क निर्माण कराने की मांग उठाई है।

असमोली क्षेत्र के कई गांवों में काफी समय से सड़कें खस्ताहाल थीं। सड़कों में गहरे गड्ढे भरने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग पेचवर्क करा देता था लेकिन नये सिरे से सड़कों का निर्माण नहीं हो सका। कुछ समय पर जारी हुए बजट से खस्ताहाल सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हुआ।

सड़क की उखड़ी बजरी दिखाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

गांव ओबरी, खासपुर, हीरापुर, मुबारकपुर बंद, नरैठा मोहम्मदपुर, मढ़न, राजा गालबपुर, मंसूरपुर आदि में संपर्क मार्गों पर डामर युक्त सड़कों का निर्माण हो रहा है। गांव मुबारकपुर बंद से नरैठा मोहम्मदपुर लिंक मार्ग व मंसूरपुर माफी से नरैठा मोहम्मदपुर व मढ़न के लिए डामर की सड़क बन रही है।

कुछ दिन पहले ही सड़क का निर्माण शुरू हुआ और अभी काम जारी है लेकिन सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। जिसकी बजरी सड़क के किनारे फैल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा।

गांव मुबारकपुर बंद निवासी मुदस्सिर हुसैन और साबिर हुसैन का कहना है कि सप्ताह भर पहले बनी सड़क उखड़ रही है। छिद्दा खां, नन्हें, आस मोहम्मद ने डीएम से कार्य की जांच कराकर मानक के अनुसार सामग्री से सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

▸▸ **सप्ताह भर में ही सड़क की उखड़ रही बजरी, ग्रामीणों से डीएम से की जांच कराने की मांग**

> सड़क निर्माण होते ही वाहनों का संचालन शुरू हो गया। जिस कारण ऐसे हालात बने हैं। सड़क को ठीक करा दिया जाएगा।
>
> **-अर्शी महताब,** जेई पीडब्ल्यूडी

एक नजर

विवाद में दो लोग गिरफ्तार तीसरे से शराब बरामद

संभल/सिरसी, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर सानी निवासी महावीर व हरिओम के बीच मंगलवार को किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हरिओम व महावीर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं थाना क्षेत्र के गांव मुकर्रबपुर निवासी अय्याद सुबह साढ़े आठ बजे प्लास्टिक की केन में भरकर अवैध शराब बेचने गांव पोटा मार्ग पर जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बीस लीटर अवैध शराब बरामद कर अय्याद को पोटा मार्ग पर स्थित ईंट भट्टे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पलटा ई-रिक्शा, मां-बेटा हुए घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : महाजन मोहल्ले के तिराहे पर दस दिन पहले पुलिया का निर्माण कराया गया है। जिससे पुलिया निर्माण के बाद ढलान बन गया है। सोमवार की शाम चार बजे उधर से एक ई-रिक्शा गुजर रहा था। जब चालक ने मोड़ पर ई-रिक्शा मोड़ना चाहा तो पुलिया पर ढलान की वजह से वह पलट गया। जिसमें सवार एक महिला व एक बालक गिरकर चुटैल हो गए। घटना के बाद महिला अपने बच्चे को लेकर घर चली गई।

अग्निशमन विभाग ने चेक किए हाईड्रेंट

चन्दौसी, अमृत विचार : गर्मी के मौसम ने दस्तक दे दी है। ऐसे में आग की घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। जिससे अग्निशमन विभाग ने भी कमर कसनी शुरू कर दी है। मंगलवार को अग्निशमन विभाग चन्दौसी के उपनिरीक्षक पीतांबर सिंह अपनी टीम के साथ नरौली कस्बा पहुंचे और नगर में जगह-जगह सड़क पर लगे हाईड्रेंट चेक किए। जिससे आग की घटना के दौरान हाईड्रेंट से पानी मुहैया हो सके। नगर में जगह-जगह स्थित सात हाईड्रेंट में कुल एक ही क्रियाशील पाया गया। जिसके पाइप व्यास को बढ़ाने की बात कही गई है। बाकी अक्रियाशील छह को सुधारने के निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी रुकने वाले नहीं

भ्रष्टाचार की वकालत कर रहे इंडिया गठबंधन के नेता पर बरसीं मंत्री गुलाब देवी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, मगर इंडिया गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचारी को बचाओ। इंडिया गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री पर चाहे कितने भी हमले कर लें, प्रधानमंत्री मोदी रुकने वाले नहीं हैं। ये बात माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कही। वह मंगलवार को सुभाष रोड स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर रही थीं।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और प्रधानमंत्री अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिसने देश को लूटा है। उसे लौटना ही पड़ेगा। ये मोदी की गारंटी है। कहा कि ये घोटालेबाजों की बरात है। जहां सब देश को लूटना चाहते हैं और ये भी चाहते हैं कि उसके भ्रष्टाचार की चर्चा न हो। ये गठबंधन,

पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह व नगर अध्यक्ष।

▸▸ जिसने देश को लूटा है, उसे लौटना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है

जनबंधन नहीं बल्कि ठगबंधन है। आम आदमी पार्टी कहती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के समर्थन में रैली हो रही है। कांग्रेस कहती है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं बल्कि पूरे गठबंधन की रैली है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में इलू-इलू कर रही है, लेकिन पंजाब में हम आपके हैं कौन हो रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता ने साथ में लड़ने से इनकार कर दिया। बिहार में आरजेडी और कर्नाटक में उद्धव ठाकरे ने अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर दिए। कांग्रेस और आप छोड़ कर सांसद व विधायक जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के घोटालों को विस्तार से बताया। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह व नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के मंच पर फूट फूटकर रो पड़ीं पूर्व सांसद संघमित्रा

बदायूं, अमृत विचार : प्रबुद्धजन सम्मेलन में पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य मंच पर ही फूट-फूटकर रोने लगीं। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी उन्हें ढांढस बंधाती रहीं। आंसू नहीं रुके तो वह कुछ देर के लिए उठकर चली गईं। इसका वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा होने लगी कि टिकट न मिलने की वजह से वह रो रही थीं। हालांकि बाद में संघमित्रा मौर्य ने बताया कि गुलाब देवी रामायण का प्रसंग सुना रही थीं। इसे सुनकर वह भावुक हो गई थीं। इतनी कमजोर नहीं कि टिकट कटने के चलते रोएं।मंगलवार को बदायूं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। उनके आने से पहले पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य मंच पर साइड में कुर्सी पर बैठी थीं। उनके पास में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी और पीछे वाली सीट पर पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव बैठे थे।

प्रतिबंधित पशुवध में 21 पर गैंगस्टर की कार्रवाई

संभल, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र के गांव विलालपत के गैंग लीडर इमामी उर्फ आलम सहित प्रतिबंधित पशुवध में शामिल 21 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। सितबंर में गांव चिमयावली के जंगल में प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने पर पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी।

कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि इस मामले में गैंग लीडर इमामी उर्फ आलम, मुहल्ला हातिम सराय निवासी सलमान, मुरादाबाद निवासी सलमान, कलीम, दिलशाद, कलुआ, तसकील, नब्बू, शमशाद, शरीफ, नासिर और गांव मंसूरपुर माफी निवासी तसलीम, मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी मुशाहिद, सिरसी निवासी सलीम, गांव विलालपत निवासी मोबीन, मुहल्ला नाला निवासी अल्तमश, अनस, सलमान, गांव मंडलाई निवासी नासिर व मुहल्ला जगत निवासी अरमान, गांव शहेलिया निवासी आरिफ उर्फ आसिफ के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

सार-संक्षेप

घर की छत पर सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या

संभल, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात घर की छत पर सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप गांव के ही अपराधी किस्म के युवक पर है।कैल मुंडी गांव निवासी 35 वर्षीय मंगलवार रात को घर का कामकाज निपटने के बाद सोने के लिए मकान की छत पर चला गया था। रात को साढ़े दस बजे के बाद छत पर सो रहे मनोज की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन छत पर गए तो वहां मनोज खून से लथपत हालत में पड़ा था। परिजनों का कहना है कि गांव की ही रहने वाले अवधेश नाम के युवक ने मनोज की गोली मारकर हत्या की है। बताया गया है कि मनोज अपराधी व दबंग किस्म का व्यक्ति है जिसने कुछ समय पहले पुलिस पार्टी पर भी हमला किया था। हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी गांव पहुंच गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

चन्दौसी, अमृत विचार : मंडी समिति परिसर में प्रशासन ने एक मार्च से आठ गेहूं क्रय केंद्र खोले हैं। मगर अभी तक किसी क्रय केंद्रों पर गेहूं नहीं पहुंचा है, जिससे इन केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहता हैं। केंद्र प्रभारी भी रोजाना नहीं पहुंच रहे हैं। फिलहाल अभी 15 दिन बाद गेहूं आने की उम्मीद जताई जा रही है। सरकार ने गेहूं का रेट 2275 रुपये प्रति क्विंटल रखा है। जबकि मंडी में आढ़ती 2350 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद रहे हैं। इस बार भी क्रय केंद्रों पर किसान गेहूं लेकर पहुंचते नजर नहीं आ रहे हैं। आढ़ती और सरकारी दरों में अंतर के कारण सरकारी क्रय केंद्रों का लक्ष्य पूरा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल किसी भी केंद्र पर गेहूं खरीद नहीं हो सकी है।

शिक्षक सतीश सिंह को मिली एनसीसी ऑफिसर रैंक

बबराला, अमृत विचार : डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के शारीरिक शिक्षक सतीश कुमार सिंह को एनसीसी की अफसर ट्रेनिंग अकादमी नागपुर में एएनओ दीक्षांत परेड के बाद एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर रैंक दी गई। एनसीसी अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, कामटी के चुन्नीलाल परेड ग्राउंड में आयोजित पासिंग आउट परेड में सतीश सिंह के कंधों पर नायब सूबेदार ओम सिंह शेखावत ने स्टार लगाए। दीक्षांत परेड में विभिन्न राज्यों के एनसीसी प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया। उन्हें दो महीने के कठोर पीआरसीएन कोर्स में बेसिक सैन्य प्रशिक्षण, शारीरिक प्रशिक्षण, व्यक्ति विकास, मैप रीडिंग, फायरिंग, ड्रिल, एडवेंचर, खेलकूद, कैम्प प्रशिक्षण, आपदा प्रबंधन, योगा और अन्य सैन्य तथा सामाजिक जागृति और अन्य सैन्य गतिविधियों में प्रशिक्षित किया गया। एडिशनल डायरेक्टर जनरल जम्मू कश्मीर एंड लद्दाख मेजर जनरल राजेश कुमार सचदेवा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया।थर्ड ऑफिसर सतीश कुमार सिंह ने प्रशिक्षण 24 यूपी एनसीसी वाहिनी मुरादाबाद के कमान लेफ्टिनेंट कर्नल एमएस महर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

सतीश कुमार सिंह को स्टार लगाते नायब सूबेदार ओम सिंह शेखावत। ● अमृत विचार

ऋषि विश्वामित्र ने ली राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : गांव बनियाखेड़ा की मढ़ैया में श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। राजा हरिश्चंद्र की कथा सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा वाचक सोमवीर शास्त्री ने राजा हरिश्चंद्र की कथा का वर्णन किया। कहा कि ऋषि विश्वामित्र उनकी परीक्षा लेने के लिए आए। उन्होंने कहा कि मुझे भिक्षा में क्या दोगे। राजा हरिश्चंद्र ने कहा कि जो आपकी इच्छा हो वर मांग लें। विश्वामित्र ने सब कुछ दान में मांग लिया। अंत में फिर भी कमी रह गई तो राजा ने उनसे कहा कि हमारे पास कुछ नहीं बचा है। अब मैं कैसे मुक्त हो पाऊंगा। इसके बाद विश्वामित्र ने राजा को महतर के यहां बेच दिया तथा उनकी पत्नी तारावती व पुत्र तोहराम को बनिए को बेचा। इसके बाद भी उनकी कई परीक्षा ली गईं। मगर राजा हरिश्चंद्र अपनी परीक्षा में पास हो गए। अंत में विश्वामित्र ने उनका राज्य वापस कर दिया। कथा के दौरान भजनों को सुन कर श्रद्धालु झूम उठे। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

कथा वाचक सोमवीर शास्त्री।

शादी के दो माह बाद ही अश्लील वीडियो वायरल किया

संभल/गुन्नौर, अमृत विचार : प्रेम प्रसंग के बाद युवक ने शादी का भरोसा देकर तीन साल तक युवती का शारीरिक शोषण किया। युवती ने शादी का दबाव बनाया तो युवक ने उसके साथ कोर्ट मैरिज कर ली। शादी के महज दो माह बाद ही युवक ने युवती की अश्लील वीडियो वायरल कर दी। इस मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।मामला जनपद संभल में रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा गवां का है। गवां के युवक ने कस्बे ही ही रहने वाली युवती के साथ प्यार खेल खेला और शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिये। एक बार शारीरिक संबंध बनाए तो युवक तीन साल तक ऐसा ही करता रहा। इस दौरान युवक ने युवती के अश्लील वीडियो बना लिये और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर युवती से रकम भी ऐंठ ली। युवती का कहना है कि उसने दबाव बनाया तो युवक ने दो माह पहले उसके साथ कोर्ट मैरिज कर ली। शादी के कुछ दिन बाद ही युवक उसे परेशान करने लगा। उस पर जानलेवा हमला करने के साथ ही उसका अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। रजपुरा पुलिस ने इस मामले में एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

बयाना लेने के बाद भूखंड स्वामी का बैनामे से इनकार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ छह लाख रुपये भूखंड को समतल कराने में हो गए खर्च

▸▸ पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की

अमृत विचार : भूखंड का बयाना देने व उसे समतलीकरण में पीड़ित के 11 लाख 50 हजार रुपये खर्च हो गए। अब भूखंड स्वामी बैनामा करने से इनकार कर रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

बिसौली गेट निवासी सागर गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उन्होंने व उसके मित्र सौरभ अग्रवाल निवासी बिसौली गेट ने 154 गज का भूखंड बड़ा बाजार के पास 70 हजार रुपये प्रति गज के हिसाब से विक्रेता से तय किया था। उस समय बयाने के 50 हजार रुपये भूखंड स्वामी को दिए थे और चार माह बाद बैनामा कराने की बात कही थी। इसके बाद भूखंड स्वामी ने अपने भाई को तीन लाख रुपये व बहन को दो लाख रुपये फैमली सेटलमेंट के नाम पर सागर गुप्ता से दिलवाए थे। इसके बाद भूखंड स्वामी से दोनों ने भूखंड पर पड़ा मलबा हटवाने उसे समतल करने की बात कही। कहा गया कि उसमें जो भी खर्च होगा, वह रकम बैनामा के समय घटा दी जाएगी। जिसमें पीड़ित के लगभग छह लाख रुपये खर्च हुए। कुछ दिन से पीड़ित भूखंड का बैनामा करवाने के लिए भूखंड स्वामी से कह रहा है। मगर वह टाल मटोल कर रहा है। दो माह पहले पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया था। जब पुलिस ने उसे बुलाया तो 15 दिन में बैनामा करने की बात कही। मगर अब बैनामा करने से इनकार कर दिया।

शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं ईद का पर्व

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली में ईद उल फितर को लेकर मुस्लिम समाज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने मुस्लिम समाज से त्योहार को शांति पूर्ण माहौल में मनाने की बात कही।

मंगलवार को कोतवाली परिसर में बैठक हुई। जिसमें प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने कहा कि ईद उल फितर का त्योहार शांति पूर्ण माहौल में मनाया जाए। ईद की नमाज निश्चित स्थानों पर ही पढ़ी जाए। कोई नई परंपरा लागू न की जाए। त्योहार पर शहर का माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई अफवाह फैलाता है तो इसकी जानकारी पुलिस को दी जाए और अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया जाए। कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। अगर कोई व्यक्ति माहौल खराब करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर शहर इमाम मौलाना नाजिम, शहर काजी मरगूब, महबूब अहमद, बदरे आलम, नईम मेंबर, हाफिज फहीम, शाह आलम मंसूरी, रियाज अहमद, हाफिज मतीन, अन्ना खान, सभासद इरफान, जाहिद शेरी आदि मौजूद रहे।

ईद को लेकर मौलानाओं के साथ बैठक करते कोतवाल अतर सिंह। ● अमृत विचार

▸▸ शहर का माहौल खराब करने वालों पर होगी कार्रवाई

▸▸ ईद की नमाज निश्चित स्थानों पर ही पढ़ी जाए

शहीद किसान की अस्थियां गंगा में विसर्जित

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : खनौरी बार्डर पर शहीद हुए किसान शुभकरण सिंह की अस्थि कलश यात्रा गुन्नौर पहुंची तो भारतीय किसान यूनियन असली से जुड़े कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और किसानों ने श्रद्धांजलि दी। पदयात्रा निकालकर राजघाट गंगा तट पर पहुंचकर अस्थियों को गंगा में विसर्जित किया गया।

भाकियू असली की ओर से गुन्नौर ब्लाक परिसर में हुए होली मिलन कार्यक्रम में तमाम किसानों ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी।

इस बीच जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव और पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी के नेतृत्व में शहीद किसान शुभकरण सिंह की अस्थि कलशयात्रा पहुंची तो होली मिलन को समाप्त कर दिया गया। यहां हुई शोक सभा में कार्यकर्ताओं और किसानों ने शहीद किसान के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अस्थि कलश लेकर पदयात्रा शुरू की गई। बबराला होते हुए राजघाट गंगा घाट पहुंचकर अस्थियों को गंगा में विसर्जित किया गया।

इस दौरान सतीश चंद्र, सूरजपाल, दिलीप कुमार, जाकिर, कमलेश आर्य, ज्वाला देवी, बृज कुमार आर्य, ऋषिपाल सिंह, नरेश पाल, गंगा प्रसाद, आदि रहे।

राजघाट गंगा तट पर शहीद किसान की अस्थियां विसर्जित करते किसान।

▸▸ भाकियू असली से जुड़े किसानों ने निकाली पदयात्रा

▸▸ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

कमीशन को लेकर ठेकेदार और सभासदों में मारपीट

संभल, अमृत विचार: नगर पालिका कार्यालय में दो सभासद एक ठेकेदार से भिड़ गये। गाली गलौज के बाद नौबत मारपीट तक पहुंची। कहा जा रहा है कि सड़क निर्माण के कमीशन को लेकर विवाद हुआ।

सरायतरीन निवासी नगर पालिका ठेकेदार का कहना है कि उसे नगर पालिका चेयरमैन के कक्ष में सभासदों से बात करने के लिए बुलाया था। आरोप है कि चेयरमैन कक्ष में पहले से मौजूद दो सभासदों ने कराये गये निर्माण कार्य के कमीशन की मांग की। कमीशन देने से मना किया तो सभासदों ने मारपीट कर दी। इस दौरान मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को किसी तरह शांत किया। इसके बाद ठेकेदार ने कोतवाली पहुंचकर सभासदों के खिलाफ तहरीर दी। जानकारी मिलने पर सभासद भी कोतवाली पहुंच गये। वहां काफी देर तक आरोप प्रत्यारोप होता रहा। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने बैठकर मामले को निपटा लिया है।

चावल की कालाबाजारी में राशन डीलर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: थाना बनियाठेर में राशन के चावल की कालाबाजार में राशन डीलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आपूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच पड़ताल जारी है।

ब्लॉक बनियाखेड़ा के गांव मोहम्मदपुर काशी में राशन डीलर मुन्नी बी पत्नी भूरे खां हैं। 23 मार्च को चौकी नरौली पुलिस ने ई-रिक्शा में चावल से भरे 10 कट्टे पकड़े थे। जिन्हें सरकारी चावल होने का अंदेशा जाहिर किया गया था। पुलिस की सूचना पर उसी समय आपूर्ति निरीक्षक ललित कुमार ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की थी। जांच के दौरान ई-रिक्शा चालक जाहिद पुत्र जहौरी निवासी गांव मोहम्मदपुर काशी के भी बयान दर्ज किए गए। जिसमें चालक ने बताया कि वह मोहम्मदपुर काशी अड्डे पर सवारी का इंतजार कर रहा था। उसी समय भूरे नाम के व्यक्ति का फोन आया कि सात कट्टे चावल नरौली पहुंचाने हैं। जिससे वह पहले अपने घर गया और तीन चावल के तीन कट्टे ई-रिक्शा में लाद कर भूरे के घर पहुंचा और वहां से सात कट्टे चावल से भरे और लादे गए।

कुल दस कट्टे चावल लेकर नरौली जा रहा था कि रास्ते में पुलिस ने पकड़ लिया। थाना बनियाठेर पुलिस ने आपूर्ति निरीक्षक ललित कुमार निवासी गांव मोडी जट जिला अमरोहा की तहरीर के आधार पर राशन डीलर मुन्नी बी पुत्री भूरे खां निवासी गांव मोहम्मदपुर काशी थाना बनियाठेर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मंदिर में पूजा करने गई महिला की सोने की चेन टूट कर गिरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ मंदिर परिसर में भीड़भाड़ होने पर हो रही थी धक्का-मुक्की

▸▸ महिला के पति ने कोतवाली में दी तहरीर, नहीं मिली चेन

अमृत विचार: बगिया वाली देवी के मंदिर पर लगे मेले में मंगलवार को सुबह भीड़भाड़ होने पर महिला श्रद्धालु की सोने की चेन टूट कर गिर गई। महिला ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के हनुमानगढ़ी निवासी मुनेंद्र पाल शर्मा पुत्र रामरतन लाल शर्मा अपनी पत्नी सुनीता शर्मा के साथ मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे सीता रोड स्थित बगिया वाली मंदिर में पूजा-अर्चना करने गया था। मंदिर परिसर में उस समय काफी भीड़ थी। जैसे ही दंपती मंदिर परिसर में पहुंचे तो धक्का-मुक्की होने पर महिला की डेढ़ तोले की सोने की चेन गिर गई। इस पर महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर मंदिर परिसर में तैनात पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद भी महिला की चेन नहीं मिल सकी। बताया जाता है कि महिला ने एक युवक पर पर गले से चेन तोड़ने का आरोप लगाया था। पीड़ित पक्ष द्वारा उसके साथ मारपीट भी की गई थी। मगर युवक के पास से चेन बरामद नहीं हो सकी।

दो महिलाओं का पर्स चोरी

चन्दौसी, अमृत विचार : बगिया वाली देवी मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान मुरादाबाद के गुलावबाड़ी निवासी महिला रानी का पर्स चोरी हो गया। महिला ने बताया कि पर्स में मोबाइल था। जबकि शक्तिनगर निवासी क्षमा वार्ष्णेय ने बताया कि मंदिर में पूजा के दौरान किसी ने उसका पर्स निकाल लिया। पर्स में 500 रुपये थे। दोनों ही महिलाओं ने घटना की तहरीर पुलिस में नहीं दी है।

मैं वापस लेता हूं अपना नाम, बेटे को लड़ाओ चुनाव:शिवपाल

संवाददाता, बबराला/संभल

अमृत विचार : बदायूं लोकसभा सीट से अपनी जगह बेटे आदित्य यादव को चुनाव मैदान में उतारने के लिए सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने पूरा माहौल बना दिया है। गुन्नौर में सपा कार्यकर्ताओं ने आदित्य को चुनाव लड़ाने की मांग उठाई तो शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मांग है तो मैं अपना नाम वापस लेता हूं लेकिन आखिरी फैसला पार्टी नेतृत्व को लेना है।

बबराला में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा कार्यकर्ताओं ने घोषित प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव के सामने बेटे आदित्य यादव को चुनाव मैदान में उतारने की मांग उठाई।

इस पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि बदायूं,बिसौली व सहसवान के कार्यकर्ता सम्मेलनों में भी आदित्य को चुनाव लड़ाने की मांग उठी है। शिवपाल यादव ने कहा कि हम बुजुर्ग हो चुके हैं और सभी कह रहे हैं कि आदित्य को प्रत्याशी बनाओ तो अब सब लोग आदित्य को ही लड़ाओ। मैं अपना नाम वापस लेता हूं। हालांकि इस पर फैसला पार्टी नेतृत्व ही लेगा।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि मैंने अपनी सीट आदित्य यादव के लिए दी है। दावा किया कि सपा बदायूं सीट बड़े अंतर से जीतेगी। इस मौके पर विधायक रामखिलाड़ी यादव,पूर्व विधायक प्रदीप यादव, पूर्व विधायक राजेश यादव, असगर अली अंसारी, अमित यादव, अखिलेश यादव, पप्पू यादव, चरण सिंह यादव, अजीत यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

शिवपाल सिंह यादव को स्मृति चिन्ह देते सपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ कहा सभी जगह उठ रही है आदित्य को प्रत्याशी बनाने की मांग

▸▸ कार्यकर्ताओं की भावनाओं का है सम्मान लेकिन पार्टी नेतृत्व लेगा आखिरी फैसला

घर से निकले ग्रामीण का जला शव मिला

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में घर से बाइक से निकले ग्रामीण का जला शव दूसरे दिन मंगलवार को रात ईंट भट्ठे के पास मिला। शव के पास पड़ी बाइक भी जली हालत में थी। पुलिस भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई।

थाना क्षेत्र के गांव मालपुर मिलक निवासी कय्यूम (37 वर्ष) सोमवार को सुबह करीब 10 बजे बाइक द्वारा घर से निकला था। सुबह 11 बजे पत्नी शब्बो ने मोबाइल पर कय्यूम से बात की लेकिन दोपहर दो बजे से मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा। जिसके बाद परिजन चिंतित हो गए और कय्यूम की तलाश शुरू कर दी लेकिन कुछ पता नहीं चला। मंगलवार को रात करीब आठ बजे गांव के ईंट भट्ठे के पास ग्रामीणों ने कय्यूम का जला हुआ शव पड़ा देखा। बाइक भी जली हुई थी। कय्यूम का जला शव देखकर परिजन बिलखने लगे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने अपने सबसे छोटे पुत्र मौ० असद पुत्र स्व० मौहम्मद जाकिर को गलत संगत में पड़ जाने के कारण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं एवं सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने कृत्यों का यह स्वंय जिम्मेदार होगा, मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक-वास्ता नहीं होगा। नजमा पत्नी स्व. मौहम्मद जाकिर निवासी मौ० बेगम सराय कलां, तह० व जनपद अमरोहा।

खोया-पाया

मेरी यूपी बोर्ड हाईस्कूल मार्कशीट अनुक्रमांक 0882310 वर्ष 2018 की मूल प्रति कही खो गयी है। मुनेन्द्र कुमार पुत्र कुँवर पाल सिंह ग्राम- कुढ़फतेहगढ़ जनपद सम्भल।

आवश्यकता है

सहायक प्रवक्ता की
विषय - हिन्दी
योग्यता- Ph.D या NET
रिजवान गर्ल्स डिग्री कॉलेज
अकबरपुर चैदरी, कांठ,
जिला मुरादाबाद (उ०प्र०)
मोबाइल न० 9917521653, 9917600900

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

विद्या का अहंकार, धन-संपत्ति का अहंकार, कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है, सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

संपादकीय

युवा रोजगार की स्थिति

भारत में युवा रोजगार की वर्तमान स्थिति निराशाजनक है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने मानव विकास संस्थान (आईएचडी) के साथ मिलकर 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' जारी की है। चिंताजनक है कि पढ़े-लिखे बेरोजगारों जिन्होंने कम से कम दसवीं तक की पढ़ाई पूरी की है, की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। देश के कुल बेरोजगार युवाओं में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या भी 2000 के मुकाबले दोगुनी हुई है। बेरोजगारों में, शिक्षित युवाओं का अनुपात 2022 तक लगभग दोगुना होकर 65.7 प्रतिशत हो गया है, जो 2000 में 35.2 प्रतिशत था। यानि अगर भारत में 100 लोग बेरोजगार हैं तो उसमें से 83 लोग युवा हैं। ये निराशाजनक आंकड़े बेहतर भुगतान वाली नौकरियों की इच्छा रखने वाले शिक्षित युवाओं को शामिल करने में सक्षम नौकरियों की अनुपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता में कमियों को रेखांकित करते हैं जिसके कारण बड़ी संख्या में शिक्षित युवा अभी भी नौकरी के मानदंडों को पूरा करने में असमर्थ हैं। इसके अलावा, मुद्रास्फीति को ध्यान में रखने के बाद मजदूरी या तो स्थिर हो गई है या उसमें गिरावट देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार देश में लोगों का वेतन ज्यादातर एक जैसा रहा है या ये घटा है। नियमित श्रमिकों और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वेतन में साल 2019 के बाद नकारात्मक प्रवृत्ति देखी गई है। इतना ही नहीं अकुशल श्रमिकों को साल 2022 में न्यूनतम वेतन तक नहीं मिला है। तकनीक से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। युवाओं में बुनियादी डिजिटल साक्षरता की कमी की वजह से उनकी रोजगार की क्षमता में रुकावट आ रही है। 90 प्रतिशत भारतीय युवा स्प्रेडशीट में गणित के फॉर्मूला लगाने में असमर्थ हैं। 60 प्रतिशत युवा फाइलें कॉपी और पेस्ट नहीं कर सकते हैं। वहीं 75 प्रतिशत युवा किसी अटैचमेंट के साथ ईमेल भेजने में असमर्थ हैं।

हालांकि उच्च और मध्यम स्किल वाली नौकरियों में युवाओं का बेहतर प्रदर्शन है। इन क्षेत्रों में नौकरी की असुरक्षा अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। अब आम चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ, राजनेताओं ने नौकरियां सुनिश्चित करने और तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को न केवल उनके अभियानों में, बल्कि उसके बाद नीति निर्माण में भी प्राथमिकता दी है। श्रम संगठन की रिपोर्ट में सभी के लिए बेहतर नौकरियां सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस व्यापक नीतिगत दृष्टिकोण की कमी पर जोर दिया गया है। इसलिए तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

कौन चुन-चुनकर मार रहा है पाक में चीनियों को

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

> खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है, पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है।

पाकिस्तान में काम करने वाले चीनी नागरिकों पर एक के बाद हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। हमले पाकिस्तान में चीन की मदद से तैयार हो रही बहुत सारी विद्युत और अन्य विकास परियोजनाओं में काम करने वाले चीनी इंजीनियरों पर हो रहे हैं। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बीते हफ्ते एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था जिसमें पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया है। ये परियोजनाए हैं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। बता दें कि एक दौर में खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है, पर अब यह जल रहा है।

चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे हैं। चीनियों पर हमले बलूचिस्तान में भी नियमित रूप से हो रहे हैं। पाकिस्तान के मशहूर अखबार द डॉन में 1 अप्रैल, 2024 को छपी एक खबर के अनुसार, चालू वर्ष के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है। अखबार ने सेंट फॉर रिसर्ट एंड सिक्युरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) के हवाले से उपर्युक्त जानकारी दी है। जाहिर है कि चीनी नागरिकों पर हमले के कारण चीन नाराज है।

पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। चीन भी अपने नागरिकों की पुख्ता सुरक्षा की मांग कर रहा है। चीनी नागरिकों में हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ये तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन पाकिस्तान के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं। चीनियों पर हाल हाल ही में हुए हमले के तुरंत बाद इन तीनों संगठनों के नाम सामने आए। माना जाता है कि टीटीपी चीनियों के पीछे हाथ धोकर पड़ा है। इसके कमांडरों में से एक को 2021 में चीनियों पर हालिया हमले की तरह से हुए हमले के पीछे का मास्टरमाइंड घोषित किया गया था।

खैबर पख्तूनख्वा के हजारा और कोहिस्तान गित क्षेत्र को बहुत बीहड़ माना जाता है। ये 'सम्मान' हत्याओं, लड़कियों के स्कूलों को जलाने और शिया मुसलमानों की हत्याओं के कारण अक्सर खबरों में रहा है। अब ये चीनी नागरिकों को मारने के कारण भी खबरों में रहने लगे हैं। खैबर में चल विकास परियोजनाओं में सैकड़ों चीनी नागरिक काम करते हैं। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार हमजा हबीब ने इस लेखक को बताया कि खैबर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। इधर सरकार का डर या इकबाल खत्म हो चुका है। यहां पुलिस, सरकारी अफसर या राजनीतिक नेतृत्व आतंकियों के सामने नतमस्तक रहते हैं। इस स्थिति के कारण इस बात की संभावना न के बराबर है कि इधर चीनियों पर हमले थमेंगे। खैबर पख्तूनख्वा में सक्रिय आतंकी संगठनों ने बीते अक्टूबर 2022 में राज्य के एक मंत्री को बंधक बना लिया था। उन्होंने आतंकवादियों की रिहाई की मांग की थी। इन्होंने सन् 2013 में नंगा पर्वत बेस कैंप पर विदेशी पर्वतारोहियों को निशाना बनाया था। इन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं को समाप्त करने की मांग की थी। ये अंधकार युग में जीते हैं। सवाल ये है कि चीनी नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? देखा जाए तो ये वहां पर विकास परियोजनाओं को खड़ा कर रहे हैं।

एक बात गौर करने लायक यह है कि चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे। चीनियों पर हमले पाकिस्तान के बलूचिस्तान के ग्वादर शहर में भी होते रहे हैं। आमतौर पर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) चीनियों पर हमलों की जिम्मेदारी लेता रहा है। पिछले साल के मार्च महीने में बलूचिस्तान ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर पर आतंकियों ने हमला किया था। उस हमले में पाकिस्तान सेना के कई जवान मारे गए थे। इस बंदरगाह परिसर में कई सरकारी और अर्धसैनिक कार्यालय हैं और रणनीतिक रूप से स्थित ग्वादर बंदरगाह अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के केंद्र बिंदुओं में से एक बना हुआ है। दरअसल ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से चल रहे हिंसक विद्रोह का केंद्र रहा है। बलूच विद्रोही समूहों ने पहले भी 60 अरब अमेरिकी डॉलर की सीपीईसी परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

एक बात और, अशांत बलूचिस्तान में अज्ञात बंदूकधारी राजमार्गों पर चलने वाली बसों में सवार पंजाबी यात्रियों को गोली मार रहे हैं। सेना जैसी वर्दी पहने बंदूकधारियों ने कराची और ग्वादर के बीच चलने वाली कई बसों के यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच की और फिर अपना खूनी खेल चालू कर दिया। मारे गए सभी अभागे बस यात्री पंजाबी थे। हत्यारे बस को रोककर मुसाफिरों से उनके पहचान पत्र मांगते हैं। वे गैर-पंजाबियों को छोड़ देते हैं। पाकिस्तान सरकार पंजाबियों के कत्लेआम को दुनिया की निगाह से छुपाना चाहती है, पर ये सोशल मीडिया के दौर में हो नहीं पाता। खबरें जैसे-तैसे दुनिया के सामने आ ही जाती हैं। जानकार कहते हैं कि पंजाबियों को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी चुन-चुनकर मार रही है।

खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है, पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है। प्राकृतिक संसाधनों के भी अपनी सरकार से तमाम गिले-शिकवे हैं। खैबर और बलूचिस्तान में चीनियों पर हमलों की एक बड़ी वजह यह मानी जा सकती है कि इन प्रदेशों में सक्रिय आतंकी संगठनों को लगता है कि अब जो विकास परियोजनाएं चीन की मदद से उनके यहां चल रही हैं, उसका लाभ उनकी बजाय शेष पाकिस्तान को ही होगा।

अब सवाल ये है कि पंजाबियों को बलूचिस्तान में किस कारण से निशाना बनाया जा रहा है? जाहिर है कि पंजाबियों को मारे जाने की कोई वजह तो होगी ही। हालांकि हिंसा को सही तो नहीं माना जा सकता। तो जान लीजिए कि सारा पाकिस्तान नफरत करता है पंजाब और पंजाबियों से। सबको लगता है कि पंजाब उनका शोषण कर रहा है, उनके हकों को मार रहा है।

प्रसंगवश

शहादत का फलसफा

जिन्हें लगता था कि उनको जहर बुझे खंजर से खत्म कर देंगे। आज वह कहां हैं? किसी को नहीं पता, जो यह समझते हैं कि किसी को धोखे से कत्ल करके, वह जीत जाएंगे। असलियत में वह हार ही रहे होते हैं। एक मजबूत विचार वाले व्यक्ति का कत्ल उसे और ज्यादा दिलों में बिखेर देता है। एक बार दिलों में बिखरते ही, वह पुश्त दर पुश्त नीचे जिंदा होता चला जाता है।

19 वीं रमजान में हजरत अली की पीठ में धोखे से जो जहर बुझा खंजर घोपा गया, उसने जिस्म को भले ही नुकसान पहुंचाया हो मगर रूह को इतना आजाद कर दिया कि वह जमीन के हर हिस्से में बिखर गई। उन्हें शहीद करने वालों को लगा था कि चलो आज से इनका किस्सा खत्म हुआ, मगर बदबख्तों ने यह नहीं सोचा की आज से वह हर तरफ सूरज की तरह चमकेंगे। उनकी चमक इन जुल्मियों को अंधा कर देगी। पीठ पर उनके जख्म हुआ, मगर वह ज़ख्म देने वालो के लिए ही नासूर बन गया।

हफीज किदवई
लेखक

21 वीं रमजान के रोज हजरत अली की शहादत यकीनन दिलों में रंज पैदा करती है। तकलीफ होती है कि भला वह कैसे लोग थे, जो हजरत अली जैसी शख्सियत को बर्दाश्त नहीं कर सके। मुझे लगता था कि आखिर क्यों नहीं उस वक्त मस्जिद की दीवारें दरक गईं। जब हजरत अली जहर के असर से तकलीफ में दांत कसते होंगे। तब क्यों नहीं मस्जिद की मीनारें ढह गईं? लोगों ने जनाजे में तो भीड़ बनकर जाना मुनासिब समझा, मगर उनके हाथ क्यों नहीं नोच डाले, जिन्होंने यह गुस्ताखी की थी। आखिर अरब कैसे यह सब बर्दाश्त कर गया? तब मुझे शहादत का फलसफा समझ आया। बहुत बार हां बहुत बार खुदा जब अपने किसी महबूब के जिंदा जिस्म से काम ले चुकता है और उसका काम जमीन पर पूरा नही हुआ होता, तब वह ऐसे जिस्म को शहीद करता है।

यह शहादत फिर हजारों साल तक जुल्म, बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की रौशनी बनती है। हजरत अली की शहादत ने मक्के, मदीने, बसरा, दमिश्क सबकी गलियों में जुल्म के खिलाफ लोगों को एक कर दिया। उनके खून का एक-एक कतरा खुदा के इंसाफ की गवाही बनने को बेताब हो गया। हजरत अली उस माटी से निकल कर दुनियाभर में बस गए। सबने इल्म के बादशाह के सामने सर झुका लिया।

इल्म के बादशाह, शेरे खुदा, सूफीजम के बादशाह हजरत अली को जब पीठ में जहर बुझा खंजर लगा। मौत सामने देख अपनी प्यारी औलाद को उन्होंने पास बुलाया। आखिरी वसीयत करते हुए कहा, देखो जिसने मुझ पर खंजर चलाया है, उसके साथ ज्यादती मत करना। सजा उसे उतनी ही देना जितनी उसने गलती की है। उसे मेरी पीठ पर लगे जख्म से ज्यादा गहरा जख्म न लगे। मेरी तकलीफ से ज्यादा तकलीफ न हो, तुम उस पर जुल्म मत करना।

उनकी शहादत पर इतनी तो गांठ बांध लो की कल भी जुल्म से लड़ने के लिए शहीद होना पड़ता था, आज भी शहीद होना है। कल भी चालबाज लोग कत्ल को आखिरी हथियार समझते थे, आज भी समझते हैं। कल भी इंसाफ पसंद को धोखे से, मक्कारी से बदनाम करने का चलन था, आज भी है। कल भी बादशाही मशीनरी अवाम की आवाज को दबाने उठती थी, आज भी सरकारी मशीनरी अवाम की आवाज को कुचलती है। कल से आज सिर्फ आबादी की गिनती बढ़ी है, वरना हालात वैसे ही आते-जाते रहें हैं, जिन्हें आज जुल्म से लड़ना है, अवाम की आवाज बनना है। बेइंसाफी को जमीदोज करना है वह हजरत अली से सीखें। अपना दिल बड़ा करें, किरदार की बुलंदी को समझें और बेखौफ सीना तानकर, जुल्म की आंख में आंख डालकर मुकाबला करें। शहादत अगर आ भी गई तो शाही तख्त पर बैठे खास लोगों की ही चूले हिलेंगी। उनकी दीवारें चिटखेंगी। वह तुम्हारे बहते खून में हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे।

हजरत अली की शहादत पर उन्हें याद करने का वक्त 21 वीं रमजान हमें एक सबक देता है, उस सबक को याद रखिए। जुल्मी कितनी ही लालच दे, कितना ही डर बढ़ाए, डिगना मत और अपनी आखिरी सांस तक सच-इंसाफ के रास्ते पर चलते रहना, भले हाथ खाली हों या सर ओर छत न हो या फिर सर ही न रह जाए...

कैसे हो पहाड़ की महिलाओं का उत्थान

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है।

समाज में तेजी से हो रहे परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण के मौजूदा दौर में भी पहाड़ी इलाकों में महिलाओं की दैनिक स्थिति में ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। पहाड़ की रीढ़ कही जाने वाली पहाड़ की नारी मुसीबतों के कई पहाड़ लांघकर और पहाड़ जैसी जिंदगी ढोकर पहाड़ के लिए ही मर-मिट जाती हैं। वस्तुतः पहाड़ से भी विकट जिंदगी जी रहीं पहाड़ी महिलाओं के उत्थान की बात करना तब तक गलत होगा, जब तक उनके सिर और पीठ के भारी बोझ को हल्का करने के प्रयास नहीं किए जाते।

यह कहना गलत न होगा कि पहाड़ की पूरी अर्थव्यवस्था महिलाओं पर टिकी है। उत्तराखंड के संदर्भ में यहां के अधिकांश पुरुष रोजगार की तलाश में शहरों की ओर कूच कर गए हैं। यहां अकेली महिला ही अपनी पहाड़ सी जिंदगी से जूझती मिलेंगी। आज अगर चंद महिलाओं को लेकर हम यह दावा करे कि यहां की महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है तो यह सरासर नाइंसाफी होगी उन हजारों महिलाओं के साथ जो खेती बाड़ी और पशुपालन के काम में अपना शरीर तिल-तिल कर होम कर रही है। यहां की प्रकृति भी अपना क्रूर चाबुक इन्हीं महिलाओं पर चलाती है। इनकी दिनचर्या पौ फटने से पहले कब शुरू होकर देर रात के किस प्रहरी समाप्त होती हैं, यह बता पाना मुश्किल है। पहाड़ियों की चोटी पर से सिर में घास व लकड़ी का गट्ठर ढोते हुए घर आना बहुत जोखिम भरा काम है।

पहाड़ में गर्भवती महिलाओं को सिर पर भारी बोझ लादे खतरनाक रास्तों पर चलते हुए देखा जा सकता है। इस कारण कई बार गर्भपात तक हो जाता है। शिशु को जन्म देने के बाद जब वे काम पर जाती है तो नवजात को पीठ पर बांधकर अपने साथ ले जाती है, क्योंकि घर पर शिशु की देखभाल करने वाला कोई नहीं होता।

इसके अलावा मातृत्व सहने का कष्ट भी उनके लिए कम दुखदाई नहीं है। यहां के समाज में आज भी अंधविश्वास गहरे तक पैठ बनाए हुए हैं। कई गांवों में आज भी प्रसूति महिला को 21 दिनों तक अछूत समझा जाता है। यह इक्कीस दिन उसे एक छोटी सी कोठरीनुमा कमरे में काटने पड़ते हैं। उसका छुआ पानी तक कोई नहीं पीता पर वह जंगल जाकर घास व लकड़ी ला सकती है। इसमें कोई मनाही नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण प्रसव के समय कई महिलाओं की जान तक चली जाती है।

पहाड़ के सीढ़ीदार खेतों में फसल बोने और काटने के समय महिलाओं को देर शाम तक काम करते हुए देखा जा सकता है। कुछ जगहों पर तो महिलाएं हल भी चलाती हैं। गर्मी की चिलचिलाती धूप, बरसात में खेतों से उठती असहनीय उमस और ऊपर से गिरता बारिश का पानी जहां पहाड़ी महिला के बदन के वस्त्र को सूखने नहीं देता, वहीं जाड़ों की कड़ाके की ठंड भी उसके हाथ पैरों को ठिठुरा पाने में असफल रहती हैं। खेती के अतिरिक्त रोजमर्रा के सभी कार्य महिला ही करती है। बचपन से ही पराया धन का कलंक माथे पर लिए यहां की बेटियों को पढ़ाई से अधिक चौका चूल्हा करना सिखाया जाता है।

स्कूल जाने की उम्र में उनकी नाजुक पीठ पर गोबर की टोकरी और हाथों में दरांती सौंप दी जाती है। आज भी विकास से कटे दूर दराज के गांवों मे लड़कियां कक्षा पांच या आठ के बाद पढ़ाई छोड़ देती है। ज्यादातर परिवारों में लड़कियों को स्कूल भेजना परिवार की प्राथमिकता में शामिल नहीं होता। वह तो महज एक श्रमिक बनकर रह गई है। कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है और शादी के बाद उसे एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ पर कष्टमय जीवन व्यतीत करना पड़ता है।

एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है। यानी एक दिन में पहाड़ी रास्तों पर 12 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। अध्ययन में देखा गया कि पहाड़ी महिला प्रतिदिन 19 घंटे काम करती है। सुबह पांच बजे से काम शुरू करने वाली महिला दिनभर वयस्त रहकर रात ग्यारह बजे के बाद ही बिस्तर पर आराम करने जा पाती है। इतनी मेहनत के बाद भी उसे भोजन में पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल पाती है। कई बार उसके हिस्से में आधा पेट भोजन ही आता है। कुल जमा अर्थ यह कि उसके जीवन में अत्यधिक श्रम, तनाव, बीमारी और उसकी खर्च हुई तथा उसे प्राप्त ऊर्जा का असंतुलन अंततः उसकी उम्र पर प्रभाव डालता है और उसे 35 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते बूढ़ा व कमजोर कर देता है। जहां तक महिला स्वास्थ्य का सवाल है तो स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कुछ महिला संगठनों ने पाया कि अधिकांश महिलाएं कुपोषण का शिकार है।

सोशल फोरम

बौरा गए

आम और भौंरे तो साल भर में एक ही बार बौराते हैं, लेकिन...साधो, देखो जग बौराना! कबीर कहते हैं... अरे भाई! बौरा न वंदे, मत बौराओ, लेकिन संसार है कि बिना बौराए मानता ही नहीं है। वसंत में सबके सब बहक करके बौरा गए। तभी तो सांच कहो तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना।

डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

संसार को चिकनी-चुपड़ी झूठी चापलूसी अधिक पसंद है और उसी पर विश्वास भी करता है। सच्चरित्र व्यक्ति के सही बात को नकारता-अस्वीकार करता है। विश्वास से विरत रहता है, क्योंकि वह अनैतिक अर्थोपार्जन से दूर रहता है। वह अर्थ-सुलभ जगत के भौतिक सुख-सुविधा, चांचिक्य से बेफिक्र- विलग रहता है, कहें कबीर सुनो भाई साधू! ई सब भरम भुलाना। यह संसार भूल-भुलैया है। सभी दिग्भ्रमित हैं। कबीर की बानी में स्पष्ट-साफगोई, बेधड़क-बेलौस, बेफिक्र-बेखौफ अदम्य साहस की झलक है। उनकी बोली-बानी, साखी-सबद तिलमिला देने वाले हैं। चुभ जाने वाले व्यंजनाओं-प्रतीकों से परिपूर्ण हैं। ऊपर की पंक्तियां इस बात की सबूत हैं कि दूसरों की दृष्टि-भाव में कबीर बौराहा थे, लेकिन सच यह है कि वह बौराहा नहीं थे, बल्कि ऐसी दोषदृष्टि रखने वाले छिद्रान्वेषी ही बाउर थे, बौराए हुए थे, जो केवल झूठ ही बतियाते-पतियाते और पचाते थे। तथा सांच कहौं तो मारन धावै। भव-भयाकुल भरमे-भरमाए भोग-विलास में भटके, भूले-भुलाए ये द्वंद्वी-पाखंडी घमंडी लोग थे। शास्त्रोक्ति है कि अपूज्य की पूजा या पूज्य की अवहेलना-तिरस्कार करने-कराने के लिए, अपूज्य को पूज्य से अर्थात् सत् को असत् से आगे बढ़ाने का कुप्रयास, अपूज्य-पूजक और सहयोगी तीनों का कालांतर में विनाश कर ही देता है।

यह श्रीमद्भगवद्गीता की इस सूक्ति की ओर भी संकेत है। अव्यवस्थित चित्तानां प्रसादोऽपि भयंकरः। अव्यवस्थित द्वंद्व में रहने-जीने वाले के चित्त का परिणाम बहुत भयंकर होता है। लगातार कबीर के साथ भी ऐसी घटनाएं घटती रहीं फिर भी सच से विचलित नहीं हुए। झूठे जग को और झूठ को पतियाने वाले जगत के तिरस्कार-अपमान से बिना विचलित हुए दहाड़ते-पछाड़ते रहे। कबीर को अपने इष्ट पर पूरा भरोसा था, इसलिए बड़े निडर थे।

-फेसबुक वॉल से

धरती ही नहीं, समुद्र की सतह भी गर्म

ग्लोबल वार्मिंग ने मौसम का चक्र बिगाड़ दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान संगठन की यह आशंका काफी चिंताजनक तस्वीर पेश करती है कि इस बार अप्रैल से लेकर जून तक देश को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ सकता है तो दूसरी ओर विश्व बैंक के अनुमानों से पता चलता है कि 2030 तक, भारत में 200 मिलियन से अधिक लोगों को अत्यधिक तापमान का सामना करना पड़ेगा। साथ ही गर्मी से संबंधित तनावों के चलते उत्पादकता में कमी के कारण 34 मिलियन लोगों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ेगी।

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर-पश्चिमी भारत में असामान्य तापमान जलवायु पैटर्न की एक ऐसी अप्रत्याशित प्रकृति है, जो हाल के वर्षों में पहले कभी नहीं देखी गई थी। इस साल मार्च के अंतिम दिनों में ही भारत के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री से पार कर गया। देश के कई हिस्सों में अभी से ही लू चलने लगी है। गर्मी को लेकर यह भयावह पहलू है। चिलचिलाती गर्मी दैनिक जीवन के लिए गंभीर खतरे का सबब तो बनती है। साथ ही कृषि और स्वास्थ्य जोखिमों को भी बढ़ाती है। ग्रामीण आबादी, विशेषकर बुजुर्ग और धूप में काम करने वाले लोग इसका खामियाजा असामयिक मृत्यु के रूप में भुगतते हैं। पर्यावरण पर नजर रखने वाली यूरोपीय संघ की एक एजेंसी कॉपरनिक्स क्लाइमेट सर्विस के अनुमानों और आंकलन के अनुसार अब मैदानी इलाकों की तरह ही समुद्र की सतह पर भी लू चलने लगी है। सामान्य से अधिक तापमान का पूर्वानुमान और भारत के मध्य और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में हीटवेव की संभावनाएं अधिकारियों और नागरिकों दोनों के लिए एक 'वेकअप कॉल' के रूप में होनी चाहिए। पश्चिमी विक्षोभ जैसे कारक असामान्य तापमान वृद्धि के मूल में हैं। यह कहा जा सकता है कि छिटपुट बारिश से थोड़ी-बहुत राहत मिल सकती है, लेकिन यह जान लेना भी जरूरी है कि प्रकृति की ऐसी राहत अल्पकालिक होती है। बादलों के हट जाने पर गर्मी फिर अपनी प्रकोर दिखाना शुरू कर देती है। पर्यावरणीय बदलाव से न सिर्फ हमारी धरती गर्म हो रही है, बल्कि समुद्र की सतह का पारा भी बढ़ता जा रहा है। लंबे समय तक चलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं तथा बढ़ते तापमान के असर को कम करने के लिए बेहतर जल प्रबंधन समेत हरित उपायों जैसे स्थायी समाधानों की आवश्यकता है। हमारे पूर्वजों ने जल प्रबंधन के जो उपाय अपनाए थे, वे आज भी उतने ही लाभकारी हो सकते हैं, पर जरूरी है कि उन पर ध्यान दिया जाए। जरूरी हो गया है कि हम जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाएं। इस दृष्टिकोण में टिकाऊ बुनियादी ढांचे में निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना और जलवायु लचीलेपन को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को लागू करना शामिल है।

मौसम विभाग की भविष्यवाणियां जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की तरफ ध्यान आकर्षित कराती हैं। हालांकि हम मौसम को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, लेकिन हम बदलते जलवायु पैटर्न के अपने अनुकूल करने की दिशा में निश्चित रूप से सक्रिय कदम उठा सकते हैं। नवीन समाधानों को अपनाकर, हम जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को कम कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक लचीला और उनके समृद्ध भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। ये ऐसे सत्य हैं जिनका ध्यान हमारी पहले की पीढ़ियों ने रखा है और हमें भी उनके लिए ऐसी ही विरासत छोड़कर जाना चाहिए। लू की स्थिति को देखते हुए, अब समय आ गया है कि हम आने वाली चुनौतीपूर्ण गर्मी से निपटने और तापमान में वृद्धि को रोकने के लिए खुद को तैयार करें। मौसम विज्ञानिकों की ऐसी चेतावनियों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में उभरने की तैयारी

भारत की फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एफएएमई) नीति एक एशियाई विनिर्माण केंद्र और वैश्विक उद्योगों के लिए चीन के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में भारत की स्थिति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एफएएमई नीति भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में तेजी लाने पर केंद्रित है। सब्सिडी और अन्य सहायता उपायों के माध्यम से ईवी के उत्पादन और खरीद को प्रोत्साहित करके, नीति का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और टिकाऊ परिवहन समाधानों को बढ़ावा देना है। यह स्वच्छ ऊर्जा के प्रति वैश्विक रुझानों के अनुरूप है और भारत को विद्युत गतिशीलता क्षेत्र में एक प्रगतिशील खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। एफएएमई नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर ने ईवी से संबंधित विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश और विकास को बढ़ावा दिया है। एफएएमई जैसी नीतियों के माध्यम से विद्युत गतिशीलता को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों की महत्वपूर्ण रुचि को आकर्षित किया है। कंपनियां भारत को ईवी और संबंधित प्रौद्योगिकियों के लिए एक आकर्षक बाजार के रूप में देखती हैं जिससे साझेदारी, संयुक्त उद्यम और विनिर्माण सुविधाओं में निवेश होता है। निवेश का यह प्रवाह रोजगार सृजन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विनिर्माण क्षेत्र की समग्र वृद्धि में योगदान देता है। भारत की महत्वाकांक्षाएं ईवी की घरेलू मांग को पूरा करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। एफएएमई नीति, अन्य निर्यात उन्मुख पहलों के साथ मिलकर भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों और घटकों के लिए एक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखती है। इसमें यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य क्षेत्रों के बाजारों को लक्षित करना शामिल है, जहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों की मांग बढ़ रही है। एफएएमई के तहत निर्यात प्रोत्साहन से भारत को अपने व्यापार को संतुलित करने और इसे वैश्विक विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने में मदद मिलती है। एफएएमई नीति पश्चिम के लिए विनिर्माण की एशियाई फैक्ट्री बनने के देश के दृष्टिकोण में एक प्रमुख चालक है। भारत वैश्विक विनिर्माण की बदलती गतिशीलता का लाभ उठाने और इलेक्ट्रिक वाहन और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 और 19 की ही तरह लगातार तीसरी बार क्रांतिकारियों की धरती मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकने आए तो अपने चिरपरिचित अंदाज और तेवर में विपक्ष पर गरजते हुए विकसित भारत का सपना दिखाकर लोगों में जोश भरने के साथ भाजपा प्रत्याशी टीवी धारावाहिक 'रामायण' में राम की भूमिका निभाकर विख्यात हुए अभिनेता अरुण गोविल की जीत का माहौल भी बना गए। लेकिन मोदी की सभा के 48 घंटे के भीतर सपा ने मेरठ लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बदलकर चुनाव को नई धार दे दी। सपा ने अब सरधना से विधायक गुर्जर समाज के अतुल प्रधान पर दांव लगाया है।

क्रांति की धरा पर 'राम बाण' करेगा बेड़ा पार

- इस बार सपा-बसपा से मुस्लिम प्रत्याशी नहीं, एआईएमआईएम प्रत्याशी आया तो भाजपा की राह होगी आसान

मेरठ-हापुड़ लोस सीट

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। सपा ने बदायूं, नोएडा व मुरादाबाद के बाद मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भी अपना प्रत्याशी बदल दिया है। यहां से घोषित प्रत्याशी अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह का पार्टी में विरोध था, कार्यकर्ता स्थानीय नेता को टिकट देने का मांग कर रहे थे। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी प्रत्याशी की कार्यशैली से खुश नहीं थे। वैसे भी पॉलिटिकल एक्टिविस्ट भानु प्रताप का मेरठ से कोई वास्ता नहीं था। क्रांति भूमि कही जाने वाली मेरठ की लोकसभा सीट लंबे समय से भाजपा की झोली में है। पिछले तीन चुनावों से भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल जीत रहे हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा के हाजी याकूब को मात देकर उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई थी। लेकिन इस बार राम मंदिर से बने माहौल का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फायदा उठाने के लिए भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल पर दांव लगाया है। सपाई उन्हें मुंबई में रहने के कारण बाहरी बता रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि अरुण गोविल मेरठ के मूल निवासी हैं। उनका जन्म यहां 12 जनवरी 1958 को हुआ था। उन्होंने कक्षा पांच तक की पढ़ाई यहीं शिशु मंदिर में की थी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ नामांकन करने के बाद अरुण गोविल ने उनके साथ सीधे आंबेडकर चौराहा पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके दलित मतदाताओं को साधने की कोशिश की। दरअसल, दलित-मुस्लिम वोट बैंक की बदौलत ही पिछले चुनाव में बसपा ने भाजपा को नाको चने चबवा दिए थे। भाजपा प्रत्याशी बमुश्किल 2379 वोटों से जीत सके थे। इस बार बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी बाहरी हैं। वह बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के नामांकन में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य साथ में मौजूदा सांसद राजेंद्र अग्रवाल।

ध्रुवीकरण की बयार में भाजपा का गढ़ बनी

1977 में जनता पार्टी की जीत के बाद 1980 और 1984 में मेरठ लोकसभा सीट पर कांग्रेस काबिज रही। 1989 और 1991 में यह सीट जनता दल के पास रही। लेकिन 1990 के दौर में राम मंदिर आंदोलन का मेरठ में भी व्यापक असर हुआ और यह सीट भाजपा का गढ़ बन गई। 1991, 1996 और फिर 1998 में यहां से लगातार भाजपा के अमरपाल सिंह ने जीत दर्ज की। इसके बाद 1999 में कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में यहां से बसपा ने बाजी मारी। लेकिन 2009 के बाद से भाजपा का कमल खिल रहा है। 2014 के चुनाव में भाजपा ने सवा दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत का परचम लहराया। इस चुनाव में भाजपा से राजेंद्र अग्रवाल, बसपा से शाहिद अखलाक और सपा से शाहिद मंजूर मैदान में थे। मुस्लिम मतदाता सपा और बसपा के बीच बंटने से भाजपा की जीत आसान हो गई। 2024 के चुनाव में कोई मुस्लिम प्रत्याशी नहीं है। ऐसे में सबकी निगाहें असदुद्दीन ओवैसी पर टिकी हुई हैं। एआईएमआईएम का प्रत्याशी आने से भाजपा की राह काफी आसान हो जाएगी, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है।

2019 में सांसें थाम देने वाला मुकाबले में कैंट विस ने बचाई थी भाजपा की लाज

- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था। मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट पर बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब प्रत्याशी थे। उनका सीधा मुकाबला जीत की हैट्रिक लगाने उतरे भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल से था। कांग्रेस से हरेंद्र अग्रवाल मैदान में थे। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधान सभा सीटों में चार हापुड़, किठौर, मेरठ सिटी और मेरठ दक्षिण में बसपा प्रत्याशी ने लीड बनाई। भाजपा करीब एक लाख से ज्यादा वोटों से पीछे थी, लेकिन मेरठ कैंट सीट ने भाजपा के लिए बाजी पलट दी। इस विधानसभा क्षेत्र ने न सिर्फ भाजपा और बसपा के बीच के वोटों के अंतर को खत्म किया, बल्कि 4729 वोटों से जीत दिलाने मे भी कामयाबी दिलाई। भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल को 5,86,184 वोट तो बसपा के हाजी याकूब को 5,81,455 वोट मिले थे।

2019 चुनाव में विधानसभा वार परिणाम

विस	भाजपा	बसपा	कांग्रेस
किठौर	109222	131039	3407
मेरठ	79241	109637	5427
मेरठ (दक्षिण)	123496	152210	6775
हापुड़ (एससी)	106151	122389	6602
मेरठ कैंट	168074	66180	12090

प्रमुख राजनीतिक दलों का वोट शेयर

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2019 लोस	48.4	----	48.1	2.8
2014 लोस	47.9	19.0	27.0	3.9
2009 लोस	31.9	25.2	25.4	8.4
2022 विस	46.2	26.9	12.5	1.5

- सपा ने मोदी की रैली के बाद बदला प्रत्याशी भाजपा के अरुण गोविल का मुकाबला करेंगे अब विधायक अतुल प्रधान
- दलित वोट साधने के लिए भाजपा प्रत्याशी नामांकन कराने के बाद सीधे पहुंचे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने

तेजतर्रार नेता की छवि, संगीत सोम को हराकर चर्चा में आए

मेरठ जिले की मवाना तहसील के निवासी अतुल प्रधान ने छात्र नेता के रूप में राजनीति की शुरुआत की थी। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें सपा छात्र सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। गुर्जर समाज से आने वाले अतुल प्रधान तेजतर्रार नेताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2012 में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था। भाजपा के संगीत सिंह सोम ने यह चुनाव जीता था और अतुल तीसरे नंबर पर रहे थे। 2017 के चुनाव में सपा ने एक बार फिर अतुल प्रधान पर भरोसा जताया। लेकिन इस बार भी वह भाजपा के संगीत सिंह सोम से हार गए। हालांकि, इस बार उनका स्थान दूसरा रहा। 2022 के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को सरधना सीट से फिर मौका मिला और इस बार उन्होंने भाजपा के दो बार के विधायक संगीत सिंह सोम को 18 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया।

2012 में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था।

2017 के चुनाव में सपा ने एक बार फिर जताया भरोसा

2022 के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को तीसरा मौका मिला

प्रधान की पत्नी ने सपा से लड़ा था मेयर का चुनाव

- अतुल प्रधान की पत्नी सीमा प्रधान मेरठ में जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। 2023 में सपा ने सीमा प्रधान को मेयर का टिकट दिया था। लेकिन वह भाजपा के मुकाबले तीसरे नंबर पर पिछड़ गई थीं। दरअसल मेयर चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने के प्रत्याशी ने दूसरे नंबर पर आकर उनका खेल बिगाड़ दिया था।

मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व

- मेरठ लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व है। मुसलमानों की आबादी यहां लगभग पौने छह लाख गिनी जाती है। दूसरे नंबर दलितों में जाटव समुदाय की आबादी करीब साढ़े तीन लाख और वाल्मीकि समाज 80 हजार के आसपास है। ब्राह्मण सवा लाख तो वैश्य दो लाख के आसपास और त्यागी समुदाय 50 हजार तथा जाट एक लाख 40 हजार और गुर्जर आबादी 60 हजार से ज्यादा है। इनके बाद सैनी, प्रजापति, पाल और कश्यप समाज की आबादी सवा लाख से ज्यादा है।

एमपी में कांग्रेसियों की भाजपा में शामिल होने की लाइन लगी

भोपाल। लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर दल-बदल की राजनीति चल रही है। कांग्रेस में भगदड़ जैसी हालत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक कमलेश शाह, मेयर विक्रम अहाके, जगत बहादुर सिंह, समेत आधा दर्जन से ज्यादा पूर्व विधायक और पदाधिकारी कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का पटका पहन चुके हैं। इन हालात में विधानसभा चुनाव में करारी हार से उबरने की कोशिश में लगी कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव की राह और कठिन हो गई है।

हरियाणा में कांग्रेस की सूची लटकने से दावेदारों में बेचैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के लिए कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों की सूची फाइनल नहीं होने से दावेदारों में बेचैनी है। भाजपा राज्य में अपने सभी दस उम्मीदवार उतार चुकी है तो इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार बहुत पहले उतार दिया है। लेकिन हरियाणा में दस में से नौ सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं कर पाई है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अब एक या दो दिन में होने की बात कही जा रही है। माना जा रहा है कि तीन अप्रैल को राहुल गांधी वायनाड से नामांकन दाखिल करेंगे, इसके बाद चार अप्रैल को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी हरियाणा की सभी 9 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर सकती है। हरियाणा में कांग्रेस सियासी समीकरणों और भाजपा के उम्मीदवारों को चुनौती देने के लिए दिग्गज और जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की तैयारी में है, जिसमें हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा को अंबाला या सिरसा से चुनाव लड़ाने की चर्चा है। भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा को भी मैदान में उतारने की चर्चा है। रोहतक सीट पर दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा संभवतः लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

हम भी साथ बालुरघाट में टीएमसी प्रत्याशी बिप्लब मित्रा के नामांकन जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और जमकर जोश दिखाया।

दो सीएम के जेल जाने से अब घोषणा पत्र में भी होगा बदलाव

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- भाजपा करेगी हर स्तर पर भ्रष्टाचार मिटाने का वायदा तो कांग्रेस एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव पर देगी जोर

अमृत विचार : 31 मार्च को दिल्ली में इंडिया गठबंधन एवं मेरठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के बाद भाजपा एवं कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्रों में कुछ बदलाव के संकेत मिले हैं। भाजपा भ्रष्टाचार और कांग्रेस सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव का वायदा करेगी। दोनों दल अपने-अपने घोषणा पत्र पांच अप्रैल को जारी करने की तैयारी में हैं।

माना जा रहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र में राजनीति एवं सरकार में किसी भी स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार को साफ करने की गारंटी मुख्य वायदा रहेगा। युवाओं, किसानों व महिलाओं के लिए कई वायदे प्रस्तावित हैं। महिला कल्याण एवं बेरोजगारी मिटाने की गारंटी दी जाएगी और किसानों की वर्तमान स्थिति को और बेहतर करने के लिए कई योजनाएं शुरू करने के भी संकेत मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के घोषणा पत्र में केंद्र सरकार की एजेंसियों के माध्यम से किसी भी स्तर के भ्रष्टाचार को रोकने का वादा किया जाएगा। भाजपा की तीसरी बार सत्ता में वापसी के बाद आम जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों के साथ सबसे बड़ा वादा भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना होगा। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता की नब्ज टटोलने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में कई वीडियो वैन भी देश भर में रवाना की थी, ताकि एक करोड़ से ज्यादा लोगों की राय को घोषणा पत्र में शामिल किया जा सके।

उधर, कांग्रेस के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार के नाम पर बेकसूरों को फंसाने की कार्रवाई को रोकने के लिए वायदे होंगे। सूत्रों के मुताबिक चुनाव घोषणा पत्र में जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों को शामिल किया गया है। लेकिन सबसे बड़ा वायदा केंद्र सरकार की एजेंसियों जैसे सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा यदि किसी के साथ बेजा कार्रवाई होती है, तो उसे रोकने के लिए वर्तमान कानून में बदलाव करने के वायदे का संकेत मिला है। कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव संयोजक है। इसमें महासचिव प्रियंका गांधी सहित कुल 16 सदस्य हैं।

आजादी के बाद 90 के दशक तक टिहरी लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ रही। यही वजह है कि बीते तीन चुनावों में हार के बाद भी कांग्रेस का वोट बैंक यहां 30 फीसदी से नीचे नहीं गया है। इस लोकसभा क्षेत्र में गंगा का उद्गम स्थल गोमुख, लाख मंडल, गंगोत्री, यमुनोत्री और विशाल टिहरी बांध स्थित है।

राजशाही परिवार का वर्चस्व तोड़ने की चुनौती

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड की पांच संसदीय सीटों में टिहरी लोकसभा सीट का खास महत्व है। आजादी के बाद से आज तक इस सीट पर टिहरी राजघराने का वर्चस्व बरकरार है। पहले यह सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी लेकिन राम लहर के बाद भाजपा ने यहां मजबूत कब्जा जमा लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार फिर से वर्तमान सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह पर विश्वास जताया है, तो कांग्रेस ने मसूरी से दो बार विधायक रहे जोत सिंह गुनसोला को चुनाव मैदान में उतारा है। बेरोजगार सेना के बॉबी पंवार ने चुनावी ताल ठोक कर दोनों दलों की मुश्किल बढ़ा दी है। राजशाही परिवार की वजह से टिहरी क्षेत्र वीआईपी सीट रहा है। टिहरी की राजशाही के साथ ही एशिया के सबसे बड़े बांधों में से एक टिहरी बांध की वजह से इलाके की खास पहचान है। एक अगस्त 1949 को टिहरी रियासत भारत के अधीन आ गई थी, लेकिन टिहरी में राजशाही बरकरार रही।

माला राज्य लक्ष्मी शाह।



जोत सिंह गुनसोला।

- टिहरी में राजशाही परिवार के वर्चस्व को चुनौती देना नहीं आसान
- पहले कांग्रेस का था गढ़ राम लहर के बाद भाजपा ने किया कब्जा

08 बार भाजपा ने राज परिवार के सहारे जीत दर्ज की

30% लगातार हार के बाद भी कांग्रेस का बचा है वोट बैंक

तीन जिलों की 14 विस सीटें लोस क्षेत्र में शामिल

देहरादन जिले के कैंट, चकराता, मसूरी, रायपुर, राजपुर रोड, सहसपुर, विकासनगर विधानसभा क्षेत्र, टिहरी जिले के टिहरी, धनौल्टी, घनसाली और प्रताप नगर विधानसभा क्षेत्र,उत्तरकाशी जिले के पुरोला, गंगोत्री और यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र हैं।

2009 में हुए चुनाव की स्थिति

प्रत्याशी	पार्टी	वोट	प्रतिशत
विजय बहुगुणा	कांग्रेस	263083	44.97
जसपाल राणा	भाजपा	210144	35.92

2012 में हुए उपचुनाव की स्थिति

प्रत्याशी	पार्टी	वोट	प्रतिशत
माला राज्य लक्ष्मी शाह	भाजपा	245835	48.11
साकेत बहुगुणा	कांग्रेस	223141	43.67

1991 से 2004 के बाद बीते तीन चुनावों से भाजपा का कब्जा

- 1952 के पहले चुनाव में जब कांग्रेस का डंका बज रहा था निर्दलीयकमलेंदुमति शाह ने जीत हासिल की थी। 1957,62 व 67 में कांग्रेस के मानवेंद्र शाह तीन बार लगातार जीते। 1971 में कांग्रेस के परिपूर्णानंद पैन्यूली विजई रहे।
- 1977 में त्रेपन सिंह नेगी ने यहां जनता पार्टीका झंडा फहराया लेकिन 1980 में कांग्रेस के त्रेपन सिंह नेगी के बाद 1984 व 89 में ब्रहम दत्त जीते।
- 1991, 96, 98, 99 व 2004 में भाजपा के मानवेंद्र शाह ने लगातार कमल खिलाया। 2007 के उपचुनाव के बाद 2009 में भी कांग्रेस के विजय बहुगुणा ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2012 उपचुनाव, 2014 और 2019 में भाजपा की माला राज्य लक्ष्मी शाह जीत की हैट्रिक लगा चुकी हैं।

कभी कांग्रेस का गढ़ थी सीट अब यहां खिल रहा कमल

- राजनीति में राजशाही परिवार के सदस्य सक्रिय रहे। वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह भी राजशाही परिवार से हैं। आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव में राजमाता कमलेंदुमति शाह निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। जिसमें उनकी बड़ी जीत हुई थी। इसके बाद 1957 में हुए चुनाव में टिहरी रियासत के अंतिम राजा मानवेंद्र शाह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और सांसद बने। 1962 व 67 के चुनाव भी कांग्रेस ने जीते और जीत की हैट्रिक बनाई।
- वर्ष 1971 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट से परिपूर्णानंद पैन्यूली टिहरी विजयी हुए। 1977 के चुनाव में देश भर में चली बदलाव की बयार के साथ ही त्रेपन सिंह नेगी जनता पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। 1980 के चुनाव में त्रेपन सिंह नेगी कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीत हासिल की। 1984 व 89 में कांग्रेस से ब्रहमदत्त लगातार निर्वाचित हुए। इसके बाद फिर से राजशाही परिवार ने चुनाव लड़ने का मन बनाया। भाजपा ने 1991 में परिवार के मानवेंद्र शाह को चुनाव मैदान में उतारा। उनकी बड़ी जीत से भाजपा का खाता खुला। इसके बाद मानवेंद्र शाह 96,98, 99 और 2004 के चुनाव में लगातार विजयी हुए।
- साल 2007 में इस सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस के विजय बहुगुणा सांसद बने। 2009 में भी विजय बहुगुणा जीते। उनके मुख्यमंत्री बनने पर इस सीट पर 2012 में उपचुनाव हुआ। जिसमें भाजपा प्रत्याशी राजशाही परिवार की माला राज्य लक्ष्मी शाह पहली बार सांसद निर्वाचित हुईं।

2019 में चुनाव की स्थिति



माला राज्य लक्ष्मी शाह	565333 वोट
प्रीतम सिंह	264747 वोट

2014 में हुए चुनाव की स्थिति



माला राज्य लक्ष्मी शाह	446733 वोट
साकेत बहुगुणा	254230 वोट

रायबरेली से चुनाव लड़ सकतीं हैं प्रियंका गांधी, अमेठी में संशय बरकरार

दिलीप सिंह, रायबरेली

15 अप्रैल के बाद कांग्रेस कर सकती है उनके नाम की घोषणा

अमृत विचार : गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में 'दादी' और 'मां' की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए 'बेटी' का आना लगभग तय माना जा रहा है । इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी के चुनावी क्षेत्र से प्रियंका गांधी की राजनीति में 'इंट्री' हो सकती है।

1967 में इंदिरा गांधी व 2004 में सोनिया गांधी के बाद 2024 में गांधी परिवार की राजनीतिक विरासत संभालने प्रियंका गांधी के आने की पूरी संभावना है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर पार्टी के उच्चस्तरीय संगठन में इस पर चर्चा हो चुकी है। उम्मीद है कि 15 अप्रैल के बाद उनके नाम की घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही रायबरेली में एक बड़ी रैली करने की तैयारी भी चल रही है। रायबरेली से गांधी परिवार का काफी पुराना रिश्ता है। यहां से कई सदस्य लोकसभा पहुंच चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी इस सीट से दो बार सांसद रहीं, जबकि सोनिया गांधी इस सीट से चार बार संसद पहुंचीं। स्वास्थ्य कारणों के चलते इस बार सोनिया गांधी ने राज्यसभा का रुख कर लिया। वह राजस्थान से राज्यसभा सदस्य चुनी गई हैं। इसके बाद अटकलें तेज हो गई थीं कि अब रायबरेली से चुनाव कौन लड़ेगा। पार्टी का जिला संगठन और समर्थक प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की मांग करते रहे हैं। इसको लेकर दिल्ली तक पहुंचे और अपनी बात रखी।

इंदिरा गांधी।

सोनिया गांधी।

प्रियंका गांधी।

▸▸ गांधी- नेहरू परिवार की परंपरागत सीट है रायबरेली

▸▸ बाबा, दादी और मां यहीं से जीत कर पहुंचे संसद

उम्मीदवारी को लेकर स्थिति साफ

रायबरेली से उम्मीदवारी को लेकर अब स्थिति लगभग साफ हो रही है। सूत्रों का कहना है कि पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। संगठन के उच्च पदाधिकारी ने प्रियंका को रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारने की बात रखी। सूत्रों का दावा है कि अब पार्टी इसके लिए तैयार हो गई है। बताया जाता है कि 15 अप्रैल के बाद कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची आएगी और इसमें उनके नाम की घोषणा हो सकती है।

1967 में इंदिरा गांधी आईं थी रायबरेली

1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से चुनावी राजनीति में कदम रखा था। उस समय कांग्रेस प्रत्याशी इंदिरा गांधी ने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हराया था।

2004 में आई थी सोनिया गांधी

2004 के चुनाव में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट राहुल गांधी के लिए छोड़कर रायबरेली आई। सोनिया गांधी ने सपा के अशोक कुमार सिंह को हराकर 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से चुनाव जीता था।

कांग्रेस ने अमेठी में 13 बार की है जीत दर्ज

रमन पाण्डेय, अमेठी

अमृत विचार : अमेठी लोकसभा सीट पिछले पांच दशक से हाट सीट रही है। यहां राजनीति के कई सूरमा हारे हैं। कांग्रेस ने इस सीट पर अब तक तेरह बार जीत हासिल की है और भाजपा ने दो बार। कांग्रेस जब भी चुनाव हारी है कम वोटों से हारी है। दो बार भाजपा की जीत कम वोटों से हुई है। 2009 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस और बसपा के बीच जीत का अंतर सबसे अधिक रहा है।

कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला को 370798 मतों के अंतर से चुनाव हराया था। 2006 में कांग्रेस छोड़ कर बसपा में गये हाट सीट के हार्ड लीडर के रूप में चर्चित आशीष शुक्ला इस समय कांग्रेस में है और गांधी परिवार के चुनाव न लड़ने पर एक बार फिर मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। अमेठी में भाजपा प्रत्याशी और निवर्तमान सरकार में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी लगातार कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बराबर सम्पर्क में हैं। स्मृति के निर्देश पर कार्यकर्ता लाभार्थी सम्पर्क अभियान के जरिए घर घर जा रहे हैं, उधर बसपा और कांग्रेस के प्रत्याशी के विषय में संशय की स्थिति अभी भी बरकरार है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि वायनाड का चुनाव होने के बाद राहुल गांधी की पूरी टीम अमेठी आ जाएगी। बसपा कांग्रेस के प्रत्याशी के घोषित होने के बाद अपने पत्ते खोलेगी।अमेठी लोकसभा सीट 1967 में अस्तित्व में आई। पहले चुनाव में कांग्रेस के विद्याधर बाजपेई ने जनसंघ के गोकुल प्रसाद पाठक को 3665मतों के अंतर से हराया। लोक सभा चुनाव के इतिहास में कांग्रेस की जीत का सबसे कम मार्जिन यही रहा है। 1967से अब तक हुए 16चुनावों में दो उपचुनाव भी शामिल हैं,ये उपचुनाव 1981और1991में संजय गांधी और राजीव गांधी के असामयिक निधन से हुए थे। कांग्रेस तेरह बार चुनाव जीत चुकी है।1984,1999 और 2009 के चुनाव में कांग्रेस की जीत का अंतर तीन लाख से अधिक रहा है, जबकि 1981और1989में कांग्रेस ने दो लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की थी।1977 में बी के डी से कोंहरा स्टेट के रवीन्द्र प्रताप सिंह ने संजय गांधी को 75844 मतों से हराया था।1980 में संजय गांधी ने रवीन्द्र प्रताप सिंह को 128545मतों से हराकर हार का बदला ले लिया परंतु ईश्वर को उनकी लम्बी राजनीति शायद मंजूर नहीं थी, विमान दुर्घटना में संजय गांधी की मौत हो गई। विमान दुर्घटना के मामले में तत्कालीन अखबार नवीसों की ओर से तमाम खबरें चलाने के बाद भी रहस्य से पर्दा नहीं उठ पाया और आज भी लोग संजय गांधी की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं करते हैं।

अमेठी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने में देरी

अमेठी। लोकसभा अमेठी सीट से जहां भाजपा आलाकमान द्वारा एक बार फिर स्मृति ईरानी पर जीत का भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है तो वही अभी तक कांग्रेस पार्टी द्वारा अमेठी सीट से अपना पत्ता नहीं खोला गया है। जबकि कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा से यहाँ चुनाव लड़ने की लगातार मांग करते चले आ रहे हैं।

जीत सुनिश्चित करने के लिए जुटीं स्मृति ईरानी

अमेठी। भाजपा आलाकमान द्वारा एक बार फिर अमेठी सीट से प्रत्याशी बनाये जाने के बाद अमेठी की पूर्व सांसद भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी लगातार अमेठी दौरे पर है लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से मुलाकात व भाजपा कार्यकर्ताओं के सुख-दु:ख में शामिल हो रही हैं। साथ ही जनपद स्तर पर भाजपा के बड़े-बड़े सूरमाओं को अमेठी में हार का मुंह देखना पड़ा है।

जेठ के सामने बुरी तरह हारीं मेनका गांधी

अमेठी। 1999 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भाजपा प्रत्याशी डॉ संजय सिंह को 300012 मतों के अंतर से हराया था। 2009 के अपने दूसरे चुनाव में राहुल गांधी ने बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला को 370798 मतों से हराकर बड़ी जीत हासिल की।1984 में इंदिरा गांधी की मौत के बाद राष्ट्रीय संजय विचार मंच की प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने विरासत की जंग लड़ीं, किंतु जेठ के मुकाबले बुरी तरह चुनाव हार गई, उन्हें राजीव गांधी के 365041के मुकाबले 50163 मत ही मिल पाए। उन्हे चुनाव हराने में उन्हीं लोगों की खास भूमिका रही जो कभी संजय गांधी के खास सिपहसालार हुआ करते थे।

स्मृति ने बदल दी अमेठी में राजनीति की परिभाषा

अमेठी। लोकसभा चुनाव में जीत हार के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, परंतु इतना तय है कि 2014 में चुनाव हारने के बाद भी अमेठी न छोड़ने और जनता के बीच बराबर बने रहकर स्मृति ने अमेठी की राजनीति की परिभाषा बदल दी है। राहुल गांधी ने चुनाव हारने के बाद अमेठी से दूरी बना ली, परंतु स्मृति ने ठीक उल्टा किया और जनता के बीच बराबर बनी रहीं, विकास के काम भी लगातार कर रही हैं, यह चर्चा हर गांव में मतदाताओं के बीच है।

असली गांधी और नकली गांधी की लड़ाई में कांग्रेस ही जीती

अमेठी। राजीव गांधी के मुकाबले विपक्ष ने साझा उम्मीदवार के रूप में जनता दल से महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी को चुनाव लड़ाया ।असली गांधी और नकली गांधी की चर्चा खूब चली, परंतु विपक्ष का सिक्का नहीं चल पाया और राजीव गांधी तीसरी बार दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज कर सांसद बने।1989 में राजीव गांधी के मुकाबले बसपा संस्थापक कांशीराम भी चुनाव लड़ें, बसपा की जमानत नहीं बची, परंतु इसी लोकसभा चुनाव से बसपा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में सुर्खियों में आ गई।1989मे बसपा के उत्तर प्रदेश और पंजाब से तीन सांसद चुने गए थे।

राजनीति में आए तो सीरियल के राम अरुण गोविल को आई याद

..जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

17 साल की उम्र में ही मेरठ छोड़ मुंबई गए, रामानंद के रामायण सीरियल से मिली खास पहचान

मेरठ से भाजपा सांसद का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाये गये अरुण गोविल की राह आसान नहीं

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: अपि च स्वर्णमयी लंका, लक्ष्मण मे न रोचते। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। कुछ ऐसा ही गर्व अब रामानंद सागर के रामायण सीरियल के 'राम' यानि अरुण गोविल को मेरठ से प्रत्याशी बनने के बाद महसूस हो रहा है। वे जब 17 साल की उम्र में ही मेरठ छोड़कर मुंबई गए थे, तो सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन राजनीति में कॅरियर के लिए यहीं की मिट्टी काम आएगी। लेकिन सपा ने घेरने के लिए अपने सरधना से युवा विधायक अतुल प्रधान पर दांव लगाकर घेरने में पूरी ताकत लगा दी है। बसपा का समीकरण दोनों को नफा-नुकसान देता दिख रहा है।

72 वर्षीय अरुण गोविल राजनीति के कुशल चितेरे होते तो 34 साल पहले ही सांसद बन गए होते। भारत के छठे प्रधानमंत्री राजीव गांधी (1984-1989) ने उन्हें ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था, लेकिन कांग्रेस में शामिल होकर प्रचार जरूर किया। उस दौर में राजीव गांधी की हैसियत आज के नरेंद्र मोदी से कहीं ज्यादा सशक्त थी। राजनीतिक इतिहास में इंदिरा गांधी के निधन से उपजी सहानुभूति लहर में रिकार्ड लोकसभा सीटें जीतकर वे प्रधानमंत्री बने थे। राजीव गांधी ने सरकारी टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण चलवाने के लिए अपने सूचना और प्रसारण मंत्री तक को बदल दिया था। हालांकि रामायण सीरियल का पहला एपिसोड 25 जनवरी 1987 को प्रसारित होते ही देशभर में छा गया। चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राज्य की 80 में से करीब 19 सीटें हैं। भाजपा ने अपने तीन बार के सांसद रहे राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अरुण गोविल को प्रत्याशी बनाया है। वे 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। अग्रवाल साल 2009 से लगातार मेरठ सीट से जीत रहे हैं। साल 2019 में बसपा के हाजी याकूब कुरैशी को 4,729 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। हालांकि 2014 के चुनाव में उनकी जीत का अंतर 2.32 लाख वोटों से अधिक था, तब बसपा के मोहम्मद शाहिद अखलाक को हराया था। पिछली बार जीत का अंतर कम होने से ही टिकट काटकर अरुण गोविल की 'राम' वाली छवि भुनाने की भाजपा कोशिश कर रही है।

अरुण गोविल अब 55 साल बाद वापस मेरठ शहर आकर अपने भावनात्मक संबंधों को भुनाने में जुटे हैं। उनका कहना है कि यहीं पैदा हुआ और जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। मंगलवार को नामांकन के साथ प्रचार में भी जन्मभूमि की यादें खूब छलक रही है। उम्मीद है कि रील लाइफ के अलावा रियल लाइफ में भी मतदाता 'राम' की तरह सम्मान देते हुए नजर आएंगे और रुझान वोट में तब्दील होगा। उनकी शादी बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं श्रीलेखा से हुई है। उनके दो बच्चे बेटा अमल और बेटी सोनिका हैं। बेटा अमल के दो पुत्र हैं, यानी वे दादा भी बन चुके हैं।

सीता व रावण को भी चुनाव लड़ा चुकी है भाजपा

दीपिका चिखलिया।

अरविंद त्रिवेदी।

टीवी सीरियल 'रामायण' में राम की मुख्य भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल से पहले भाजपा 'सीता' और 'रावण' को भी चुनाव लड़ा चुकी है। राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1991 के लोकसभा चुनाव में दोनों को गुजरात से मैदान में उतारा गया था। हालांकि 26 साल की दीपिका को राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। मगर रामायण की सीता को चुनाव में देखकर भीड़ उमड़ रही थी, महिलाएं उनके पैर छूने को आतुर रहतीं। नतीजा रहा कि वडोदरा में कांग्रेस का किला ढह गया। इस सीट पर पहली बार भाजपा को जीत मिली। दीपिका को 49 .98 फीसदी वोट मिले। जबकि लंकेश के नाम से चर्चित अरविंद त्रिवेदी ने साबरकांठा से अपना पहला चुनाव जीता था। 1996 के चुनावों में वह गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी निशा चौधरी से हार गए थे।

निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे रामसेवक

65 अन्य निर्दलियों ने भी आजमायी किस्मत, मिली निराशा

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में बाराबंकी लोकसभा सीट से निर्दल प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश खूब की, लेकिन 1957 के चुनाव में रामसवेक यादव ही ऐसे एक मात्र सांसद चुने गए जिन्होंने निर्दलीय के रुप में चुना लड़ा, और जीत हासिल की थी। इसके बाद अभी तक किसी निर्दलीय को सफलता नहीं मिल सकी। अभी तक इस सीट से 65 निर्दल उम्मीदवार किस्मत आजमा चुके हैं। इनमें से अधिकतर को वोट के लिए भी तरसना पड़ा। यहां 1951 के चुनाव में सबसे पहले निर्दल उम्मीदवार के तौर पर प्रभु दयाल ने चुनावी अखाड़े में ताल ठोंकी। प्रभू दयाल 18,493 मत पाकर 11वें स्थान पर रहे थे। इसके बाद 1957 में दो निर्दल उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई। इनमें रामसवेक यादव ने शानदार जीत हासिल की। इन्हें 1,89,600 मत हासिल कर कांग्रेस के स्वामी रामानंद को 31330 वोटों से हराया था। दूसरे निर्दलीय उम्मीदवार रहे नन्हेलाल चौथे स्थान पर रहे थे। आरएस यादव के निर्दलीय के रुप में संसद पहुंचने के बाद आज तक मतदाताओं ने किसी भी निर्दलीय प्रत्याशी पर भरोसा नहीं जताया है। सन् 1962 और 1967 के चुनाव में कोई भी निर्दललीय प्रत्याशी नहीं था।

1971 में दो निर्दल चुनाव लड़े। इनमें पार्वती 7591 मतों के साथ चौथे और अब्दुल रहमान 3876 मत के साथ पांचवे स्थान पर रहे। 1977 में तीन निर्दल मैदान में उतरे। इनमें बैजनाथ रावत ने 8938 मत पाकर चौथा, 2485 मत पाकर पोखई पांचवें तो विश्राम लाल 1655 मतों के साथ छठे स्थान पर रहे थे। 1980 में दो निर्दलीयों में से 4489 मत पाने वाले रामफल चौथे तो 2638 मत पाकर पोखई पांचवें नंबर पर रहे। 1984 में चार निर्दलीय चुनावी महासमर में उतरे। इनमें से छेदालाल को 8138, रामसरन को 6138, कमला को 5657 और टीकाराम को 3884 मत हासिल कर क्रमशः पांचवें, छठे, सातवें और आठवें स्थान पर रहे थे। 1989 में तीन और 1991 में चार निर्दललीय प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई, लेकिन कोई भी टॉप थ्री में जगह नहीं बना सका। 1996 में अब तक के चुनावों में सबसे अधिक 18 निर्दलीय प्रत्याशियों ने दम दिखाने की कोशिश की, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। 1998 में तीन निर्दलीय में से मोती लाल 2471 मत पाकर सातवें तो 2125 मत के साथ रामनरेश आठवें और मात्र 436 मत पाने वाले राममनोरथ 12 वें स्थान पर रहे। 1999 में आधा दर्जन निर्दलीय, 2004 में चार व 2009 में छह निर्दल प्रत्याशी चुनाव लड़े। इनमें से कोई टॉप फाइव में जगह नहीं बना सका। इसी कड़ी में 2014 के चुनाव में तीन निर्दलीय ने किस्मत आजमाया। वहीं सांसद बनने की हसरत में तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने 2019 के महासमर में भी किस्मत आजमाई। जीतना तो दूर कोई अधिकतर जमानत भी नहीं बचा पाए।

हर निर्दलीय ने छुआ तीन अंकों का आंकड़ा

निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में आरएस यादव के अलावा बाराबंकी संसदीय सीट पर भले आज तक किसी ने जीत नहीं दर्ज कर सका, लेकिन अब तक मैदान में उतरे हर निर्दलीय ने मत हासिल करने में तीन अंकों का आंकड़ा जरूर छुआ है। सबसे कम मत पाने वाले निर्दलीय उम्मीदवार राजनरेश रहे हैं। जिन्हें1998 के चुनाव में मात्र 436 मत ही मिले।

निर्दलीय लड़ कागजों पर छोड़ गए छाप

चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश तो खूब की, लेकिन टॉप थ्री में एक को छोड़ अन्य कोई जगह बना सका। हां इतना जरुर रहा है कि इन प्रत्याशियों के नाम जरुर कागजों के साथ इतिहास के पन्नों में जरुर इनका नाम अर्जित हो गया। आज भी इन सभी के नाम व प्राप्त मतों के आंकड़े भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर दर्ज हैं।

स्व. रामसेवक यादव। अमृत विचार

महासंग्राम-2024 | ईंट भट्ठे के व्यवसाय से संसद की ड्योढ़ी तक जमाया पांव, 1989 में बलरामपुर सीट से निर्दलीय लड़कर जीते थे चुनाव

खौफ का दूसरा नाम बन गए थे सांसद फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अतीत के झरोखे से


मुन्नन खां।

अमृत विचार: गोंडा के एक छोटे से गांव में जन्मे फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां के राजनीतिक सफर की कहानी भी खूब दिलचस्प है। राजनीति का ककहरा तक की जानकारी न होने के बावजूद राजनीतिक शिखर तक चढ़ना किसी कहानी से कम नहीं है। राजनीतिक सफर शुरू करने के बाद संसद की ड्योढ़ी तक पहुंचने वाले मुन्नन खां एक समय खौफ के पर्याय बन गए थे। उनके ऊपर कई गंभीर आरोप भी लगे, लेकिन राजनीतिक संरक्षण का लाभ उन्हें भी मिला। ।

हम बात कर रहे हैं बलरामपुर से सांसद रहे फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां की। गोंडा जिले के कटरा विधानसभा क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लाक के हलधरमऊ गांव के निवासी मुन्नन खां एक शुद्ध व्यवसायिक थे। 1980 के दशक में मुन्नन खां व उनके बहनोई इबरार खां ने मिलकर ईंट भट्ठे का व्यवसाय शुरू किया। व्यवसाय का रंग चोखा होता गया और इस व्यवसाय के कारण ग्राम प्रधानों से उनके बेहतर संबंध होते गए। लेकिन राजनीति का ककहरा उन्हें नहीं मालूम था।

कटरा बाजार के गौरवा जानीपुर के पूर्व ग्राम प्रधान जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि वर्ष 1974 में कटरा बाजार के पूरेबदल गांव के बाबू दीपरायन पांडेय कांग्रेस के टिकट से विधानसभा चुनाव में उतरे। वह जीत गए। इसके बाद 1977 में जनता पार्टी से चुनाव जीते। वर्ष 1985 में लोकदल से उन्हें पुनः टिकट देने की पेशकश की गई। लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता होने के कारण उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। अपने स्थान पर पंडित दीप नरायन पांडेय ने हलधरमऊ गांव के फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां के लिए टिकट की मांग की। पार्टी इस पर तैयार नहीं हुई लेकिन दीप नरायन पांडेय एक बड़े नेता थे और उनकी गारंटी पर मुन्नन खां को टिकट दे दिया गया। दीप नरायन पांडेय के साथ की पूरी मशीनरी मुन्नन खां के साथ लग गई और यह चुनाव मुन्नन खां जीत गए। यहीं से मुन्नन खां का राजनीतिक सफर शुरू हुआ।

विधायक बनने के साथ मुन्नन खां मुस्लिम विरादरी के सिरमौर बन गए और 1989 में वह बलरामपुर सीट से निर्दल प्रत्याशी के रूप में सांसदी का चुनाव लड़ गए। उतरौला सहित कई विधानसभा में मुस्लिम का बड़ा चेहरा होने के कारण फसीउर रहमान निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीत गए। हाईस्कूल तक की शिक्षा और टेढ़े मिजाज के चलते वह संसद में जनता के हक की आवाज तो नहीं उठा पाए लेकिन अपने समाज में वह बहुत तेजी से आगे बढ़ गए।

मुन्नन खां पर जब लगे बेहद गंभीर आरोप

समाचारपत्रों में उनके कारनामे तक छापे गए। उनके चाहने वाले उन्हें सिर आंखों पर बैठाते थे और उन्हें शेर-ए-मुन्नन की संज्ञा तक दी गई। लेकिन 1990 राम आंदोलन में कारसेवकों पर हुई कार्रवाई में उनका नाम लिया गया। बलरामपुर में वीरविनय चौक के पास एक मंदिर की भूमि पर कब्जे का आरोप लगा तथा इतना ही नहीं उन्होंने एसडीएम का अपहरण कर लिया। लेकिन मनकापुर कोल्हार गांव के ठाकुरों ने मुन्नन खां की जीप को रेहरा व मनकापुर के बीच रोक लिया। धर्मेंद्र सिंह उर्फ झिनकन सिंह ने बताते हैं कि जब सूचना ग्रामीणों को मिली तो किसी ने अपनी साइकिल तो किसी ने बैलगाड़ी खड़ी कर उनके वाहन को रोक लिया। जब तक वह कोई एक्शन लेते तब तक एक होमगार्ड ने उनके हाथ पर लाठी चला दिया। जिससे एसडीएम को आजाद करा लिया गया। कई गंभीर आरोप के बावजूद मुन्नन खां प्रदेश के कई नेताओं के बहुत करीबी थे। बड़े नेताओं का वरदहस्त प्राप्त होने के कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। बहरहाल आरोप तो आरोप थे लेकिन वह एक ऐसे सांसद थे जिन्हें खौफ का दूसरा नाम तक कहा जाता था। यह भी था कि यदि वह किसी की मदद करते थे तो बेइम्तहा। शेर-ए-मुन्नन का निधन बीमारी के चलते 2009 में हो गया।

चुनावी इतिहास में पहले निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे मुन्नन

बलरामपुर (अब श्रावस्ती) सीट पर 17 बार सांसद चुने गए। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, राष्ट्र ऋषि की उपाधि पाने वाले नाना जी देशमुख, सुभद्रा जोशी जैसी कद्दावर नेता जिस सीट को जीत कर गरिमा कायम किया। इतना ही नहीं 17 चुनावों में 16 बार केवल दलीय उम्मीदवार ही जीतते रहे लेकिन फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां ही एक ऐसे निर्दलीय उम्मीदवार थे जिन्होंने जीत कर इतिहास रच दिया था।

बलरामपुर सीट से संसद की ड्योढ़ी तक जाने वाले सांसद

1952	वैरिष्टर हैदर अली रिजवी	कांग्रेस
1957	अटल विहारी बाजपेयी	जनसंघ
1962	सुभद्रा जोशी	कांग्रेस
1967	अटल विहारी बाजपेयी	जनसंघ
1971	चंद्रभाल मणि तिवारी	कांग्रेस
1977	नानाजी देशमुख	जनसंघ
1980	चंद्रभाल मणि तिवारी	कांग्रेस
1984	दीप नरायन वन	कांग्रेस
1989	फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां	निर्दल
1991	सत्यदेव सिंह	भाजपा
1996	सत्यदेव सिंह	भाजपा
1998	रिजवान जहीर	सपा
1999	रिजवान जहीर	सपा
2004	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
2009	विनय कुमार पांडेय (श्रावस्ती)	कांग्रेस
2014	दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती)	भाजपा
2019	राम शिरोमणि (श्रावस्ती)	बसपा

फिर समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा हुआ महान दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सपा के निशान पर दो सीटों पर लड़ेगा चुनाव

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी को एक बार फिर महान दल का साथ मिल गया है। लोकसभा चुनाव में दो सीट भी महान दल को देने पर सहमति बनी है। दोनों सीटों पर महान दल के उम्मीदवार सपा के चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे। मंगलवार को सपा को फिर से समर्थन देने की घोषणा करते हुए महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ था और रहूंगा। लोकसभा चुनाव में गठबंधन मजबूती से लड़ेगा।

सपा के मीडिया सेल द्वारा इस संबध में सोशल मीडिया पर साझा की गई जानकारी में लिखा गया, केशव देव मौर्या ने अखिलेश यादव की पीडीए के पक्ष में जारी लड़ाई को देखते हुए बिना शर्त समर्थन दिया और भाजपा के विरुद्ध जारी संग्राम में एक आहुति देने की घोषणा की है। पोस्ट में आगे लिखा गया, ये लड़ाई बड़ी है और इस लड़ाई में अपने निजी स्वार्थ, शर्तें, ब्लैकमेलिंग के बिना जो भी सपा के साथ खड़ा है उस सबका स्वागत है। इस वक्त हम सबका एक ही उद्देश्य है कि दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक विरोधी भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है और इस लड़ाई में जो भी सच्चे हृदय, ईमानदारी से साथ है उसे पार्टी साथ लेकर चलेगी।

पिछले विधानसभा चुनाव के बाद महान दल ने सपा से गठबंधन तोड़ लिया था। इसके बाद सपा ने केशव देव को विधानसभा चुनाव से पहले गिफ्ट में दी गई फारर्च्यूनर कार वापस ले ली थी। सपा ने विधानसभा चुनाव में केशव की पत्नी और बेटे को सपा के चुनाव चिह्न साइकिल पर चुनाव लड़ाया गया था, हालांकि दोनों हार गए थे।

सपा अपने चुनाव चिन्ह पर महान दल के उम्मीदवारों को लड़ाएगी। मेरी नाराजगी स्वामी प्रसाद मौर्य से थी न कि अखिलेश यादव से। अब स्वामी प्रसाद सपा का हिस्सा नहीं हैं इसलिए हम वापसी कर रहें हैं।

-केशव देव मौर्य

प्रधानमंत्री की आज 10 सीटों पर होगी नमो रैली

लखनऊ, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार 3 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में तीसरे फ़ेज़ के चुनाव के तहत आने वाली 10 लोकसभा सीटों के सभी बूथों पर नमो ऐप के माध्यम से होने वाली डिजिटल नमो रैली को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वह कुछ बूथ अध्यक्षों से बात भी करेंगे।

जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि तीसरे चरण में संभल, बदायूँ, बरेली, आँवला, एटा, हाथरस, आगरा, फ़तेहपुर सीकरी, फ़िरोज़ाबाद और मैनपुरी में 7 मई को मतदान होंगे। इन सभी लोकसभा सीटों के 22 हजार 648 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमों ऐप के माध्यम से 3 अप्रैल को दोपहर एक बजे कार्यकर्ताओं से जुड़ेंगे। राय ने बताया कि नमो रैली में बूथ समिति के सदस्य और पन्ना प्रभारियों को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश, क्षेत्र और ज़िले के पदाधिकारी भी अपने बूथों पर जाकर इस नमो रैली में जुड़ेंगे। बताया कि कुछ बूथ अध्यक्षों से प्रधानमंत्री स्वयं बात भी करेंगे और पार्टी की गतिविधियों की जानकारी भी लेंगे।

एक के बाद एक आठ सीट के प्रत्याशियों में बदलाव, कहीं दबाव तो कहीं सामने उम्मीदवार देख बदली चाल

चेहरे पर चेहरे बदल रहे सपा प्रमुख अखिलेश, वजह राजनीति या रार

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार : आखिर अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व घोषित उम्मीदवारों में एक के बाद एक क्यों बदलाव कर रहे हैं? उनपर क्षेत्रीय गुटबंदी का दबाव है, प्रत्याशी को लेकर अविश्वास है, खुद का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ है? या फिर अन्य दलों खासकर भाजपा प्रत्याशी के सामने आने पर किसी रणनीति के तहत बदलाव कर रहे हैं? एक के बाद एक समाजवादी पार्टी के मुखिया अब तक आधा दर्जन से ज्यादा अपने उम्मीदवारों के चेहरे बदल चुके हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इस लिस्ट में और भी नाम हैं।

जिन लोकसभा सीटों के प्रत्याशी बदले उनमें रामपुर, मुरादाबाद, मेरठ, गौतमबुद्धनगर, बागपत, मिश्रिख, बदायूं, बिजनौर शामिल है। खासकर रामपुर और मुरादाबाद में सपा का प्रत्याशी बदलना चर्चा में रहा। दोनों ही लोकसभा सीट पर ठीक नामांकन वाले दिन एक नये प्रत्याशी ने सामने आकर नामांकन कर दिया। रामपुर में मो. आजम और अखिलेश यादव के बीच उम्मीदवार को लेकर राजनीतिक अदावत जगजाहिर हुई। यहां मो. आजम खां अपने करीबी उम्मीदवार के लिए बकायदा विरोध दर्ज कराया जिससे अखिलेश नाराज भी हुए। ऐन वक्त पर उन्होंने रामपुर से नामांकन के लिए दिल्ली से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी को बुलाया। वहीं, दबाव बनाने को रामपुर के सपा जिलाध्यक्ष असीम रजा ने भी एक नामांकन भर दिया, जो बाद में खारिज हो गया।

बहरहाल, ऐसी ही नाटकीय स्थिति मुरादाबाद में भी नामांकन के आखिरी दिन देखने को मिली। एक दिन पहले ही सांसद एसटी हसन ने बतौर सपा उम्मीदवार पर्चा भर कर दिया था। फिर अगले दिन अचानक अधिकृत उम्मीदवार के रूप में रुचि वीरा का नाम सामने आ गया। एसटी हसन के समर्थकों ने इसका विरोध प्रकट करते हुए प्रदर्शन भी किया था।

देखा जाए तो अखिलेश ने प्रत्याशी बदलने की शुरुआत अपने ही परिवार से की। बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव को टिकट दिया था, फिर यह सीट शिवपाल यादव को सौंप दी गई। वहीं, बिजनौर सीट से पहले यशवीर सिंह को टिकट दिया था । बाद में जब एक और सूची सामने आयी तो आई तो यशवीर सिंह की जगह दीपक सैनी का नाम सार्वजनिक हुआ। उधर, गौतमबुद्धनगर सीट को लेकर भी सपा दिग्भ्रमित रही। पार्टी ने शुरुआत में यहां से राहुल अवाना को अपना उम्मीदवार चुना। बाद में उन्हें हटाते हुए महेंद्र नागर को चुनाव मैदान में उतार दिया। ऐसी की स्थिति मिश्रिख सीट पर भी देखने को मिली। सपा ने इस सीट पर पहले रामपाल राजवंशी को टिकट दिया था । बाद में उनका टिकट कटा और बेटे मनोज राजवंशी को मिल गया। यहीं पर तीसरी बार प्रत्याशी बदलते हुए पार्टी ने मनोज की पत्नी संगीता राजवंशी को अपना प्रत्याशी बना दिया। अब ताजा बदलाव मेरठ सीट पर हुआ है। सपा ने पहले मेरठ सीट पर भानु प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया था। बदलाव करते हुए अतुल प्रधान को टिकट दिया गया।

अलग-अलग कारणों से टिकटों के फेरबदल : माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव कोई एक राजनीतिक रणनीति नहीं अलग-अलग कारणों से टिकटों के फेरबदल कर रहे हैं। जैसे बदायूं में सलीम शेरवानी के अलग हो जाने के बाद शिवपाल के मुस्लिम वर्ग में अच्छे रिश्तों के कारण, रामपुर में मो. आजम के दबाव वाली राजनीति से उबरने के लिए, मुरादाबाद में पहले वाले उम्मीदवार का लोकल फीडबैक लेकर, मिश्रिख में पहले घोषित उम्मीदवार रामपाल के व्यक्तिगत कारणों को देखते हुए और मेरठ में भाजपा से खड़े रामायण सीरियल में भगवान राम की भूमिका अदा करने वाले अरुण गोविल से मुकाबला कर सकने वाले उम्मीदवार को लाने के तहत बदलाव किए।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ऐन लोकसभा चुनाव से पूर्व रालोद जैसी पार्टी के गठबंधन टूटने से दबाव में तो हैं। हालांकि कांग्रेस का साथ पाकर तनिक राहत जरूर है फिर भी चुनाव आयोग की सख्ती, समय के साथ आर्थिक बंदिशें, सत्तासीन दल का दबाव, निरंतर सहयोगियों से हो रहे अलगाव ने उन्हें चिंतित कर रखा है। इन सभी कारणों के साथ गठबंधन की सभी सीट पर उम्मीदवारों का चयन एक कठिन चुनौती है। इतना ही नहीं कांग्रेस को भी दी गई मात्र 17 सीटों में से कुछ पर सपा प्रमुख को ही उम्मीदवार देने की जुगत लगानी पड़ रही है। फिर भी टिकटों में बदलाव करने की वजह जो भी हो, निशाना लगाने वाले पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठा रहे हैं।

बदायूं सीट पर भी फिर बदलाव कर सकती है सपा

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी को एक बार फिर बदायूं लोकसभा सीट पर बदलाव करना पड़ सकता है। वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव यहां से उम्मीदवार है। दरअसल, सपा से जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में बदायूं से अखिलेश के चचेरे भाई धर्मेन्द्र यादव का नाम था जिसमें बदलाव करते हुए बाद में शिवपाल को यह सीट सौंप दी गई। हालांकि, शिवपाल ने बेटे आदित्य यादव को यहां से चुनाव लड़ाने की बात भी सपा प्रमुख से की है। संभवत : यही कारण रहा कि आदित्य इस सीट के लिए प्रचार में काफी मेहनत भी कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र की जनता भी आदित्य यादव के समर्थन में आगे आ रही है। रही बात शिवपाल और अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की तो, दोनों ही पार्टी के मुख्य रणनीतिकार हैं। दोनों आपस में बैठकर चुनाव लड़ने या न लड़ने पर मंथन करेंगे। वहीं मंगलवार को धर्मेंद्र यादव की मौजूदगी में हुई पार्टी की मीटिंग में शिवपाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता और नेता चाहते हैं आदित्य यादव यहां से चुनाव लड़ें तो उनकी बात राष्ट्रीय नेतृत्व तक भेज देंगे और आदित्य चुनाव लड़ेंगे।

चाचा के लिए काम करने में थोड़ी हिचक रहती: धर्मेंद्र यादव

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव के बदायूं की सीट छोड़ने की चर्चा के बाद सपा नेता व पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है। गुन्नौर में आयोजित एक कार्यक्रम में धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हम सभी समाजवादी परिवार के हैं, हम सपा और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के हाथ को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि चाचा शिवपाल के लिए काम करने में थोड़ी हिचक रहती, लेकिन आदित्य के लिए हम और ज्यादा काम करेंगे। हम बदायूं की सीट बड़े अंतर से जीतेंगे। धर्मेंद्र यादव ने कहा कि 2019 में भाजपा बेईमानी से जीती थी। भाजपा के 400 सीटें जीतने के दावे पर कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ नये-नये नारे लाती है। भाजपा पहले पुराने नारों को पूरा करे फिर कोई नया नारा लाये।

सार-संक्षेप

आईपीएस बीके सिंह केंद्र से यूपी वापस लौटे

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश काडर के तेज-तर्रार आईपीएस बिनोद कुमार सिंह पुन : यूपी वापस आ रहे हैं। वह जुलाई 2023 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बतौर एडीजी सीआरपीएफ नियुक्त हुए थे। यूपी काडर में उनकी वापसी समयपूर्व बताई जा रही है। आईपीएस बीके सिंह योगी सरकार के भरोसेमंद आईपीएस अधिकारियों में से एक माने जाते हैं। प्रतिनियुक्ति से पूर्व बीके सिंह के गाजियाबाद जिले में क्राइम कंट्रोल के लिए जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी के तौर पर तैनात थे। ट्रिपल एस फॉर्मूले के लिए भी उन्हें जाना जाता है। ट्रिपल एस में वे पुलिस को समन्वय, संवाद और सहयोग का मंत्र देते रहे हैं।

वाराणसी से लखनऊ के बीच स्पेशल ट्रेन शुरू

अयोध्या,अमृत विचार : रामनगरी और काशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए रामनवमी के पूर्व उत्तर रेलवे ने वाराणसी से लखनऊ के बीच विशेष ट्रेन का संचालन शुरू किया है। 20 अप्रैल तक चलने वाली यह ट्रेन मंगलवार को अयोध्या धाम जंक्शन से गुजरी। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि वाराणसी-जफराबाद-शाहगंज-अयोध्या धाम-बाराबंकी के रास्ते लखनऊ तक चलने वाली इस ट्रेन का ठहराव जिले में केवल अयोध्या धाम जंक्शन और रुदौली स्टेशन पर तय किया गया है। अयोध्या कैंट के साथ गोसाईंगंज, पटरंगा, सोहावल स्टेशन पर यह ट्रेन नहीं रुकेगी। सुबह 6 :25 बजे वाराणसी से चलने वाली यह ट्रेन पौने 12 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन शाम को साढ़े चार बजे लखनऊ से रवाना होगी और 21 :50 बजे वाराणसी जंक्शन पहुंचेगी। इलेक्ट्रिक इंजन युक्त ट्रेन 324 किमी . की दूरी पांच घंटा 20 मिनट में तय करेगी।

रालोद के साथ गृहमंत्री आज से मथेंगे पश्चिमी उप्र

लखनऊ, अमृत विचार : भाजपा पश्चिम उप्र . में पूरी ताकत झोंकने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के आने से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने रालोद के साथ बुधवार को मुजफ्फरनगर में पहली चुनावी जनसभा करेंगे। साथ ही मुरादाबाद में 17 लोकसभा क्षेत्रों की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। मोदी का कार्यक्रम छह अप्रैल को सहारनपुर व गाजियाबाद में है, जबकि नौ को पीलीभीत व 16 अप्रैल को मुरादाबाद में है। मुजफ्फरनगर की जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह के साथ रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भी शामिल होंगे। जयंत चौधरी भी चुनावी सभाओं के जरिए जाटलैंट को मथने में जुट गए हैं। वह 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दोपहर एक बजे गेटवे स्कूल बागपत की जनसभा में भी शामिल होंगे। बाद में छह अप्रैल सुबह 10 बजे सहारनपुर में पीएम मोदी के साथ जनसभा में मंच साझा करेंगे। इसके बाद 9 अप्रैल को कैराना में, 10 अप्रैल को मुजफ्फरनगर में और उसी दिन बागपत में जनसभा को संबोधित करेंगे। 11 अप्रेल को सिकंदराबाद, गौतमबुद्धनगर में जनसभा करेंगे। 12 अप्रैल को मवाना विधान सभा हस्तिनापुर लोकसभा बिजनौर में जनसभा करेंगे। प्रधानमंत्री पश्चिमी उप्र साधने के लिए खासे सक्रिय हैं। मेरठ में चुनावी अभियान की शुरूआत करने के बाद छह अप्रैल को सहारनपुर में दूसरी चुनावी रैली करेंगे।

एमबीबीएस फर्स्ट बैच का रिजल्ट आउट, 91 पास, नौ फेल

अयोध्या, अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के फर्स्ट बैच के एमबीबीएस विद्यार्थियों का नतीजा मंगलवार देर शाम जारी हो गया। पहले बैच के 100 में से 91 विद्यार्थी ही पास आउट हुए हैं। नौ विद्यार्थियों को निराशा हाथ लगी है। मेडिकल कॉलेज में 2019 में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हुई थी। पहले बैच में 100 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया था। केजीएमयू से जारी नतीजों के मुताबिक छह मेडिसिन में, दो गायिनी व एक विद्यार्थी पीडिया में फेल हुआ है। नंबर तीन दिन बाद बताए जाएंगे। पास हुए विद्यार्थियों को अभी एक साल तक मेडिकल कॉलेज में ही इंटर्नशिप करनी पड़ेगी। वहीं निराश हुए विद्यार्थियों को अभी एक मौका मिलेगा। 45 दिन में सप्लीमेंट्री पेपर कराया जाएगा। हालांकि रिजल्ट अच्छा माना जा रहा है। क्योंकि 15 विद्यार्थियों के फेल होने पर ही नतीजा खराब माना जाता है। उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, वाइस प्रिंसिपल डॉ. सत्यजीत वर्मा, सेंट्रल लैब प्रभारी डॉ. डीके सिंह समेत वरिष्ठ चिकित्सकों ने उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्तार की मौत मामले में बांदा जेल अधिकारी को किया तलब

कोर्ट ने पूछा- ज्यूडिशियल कस्टडी में कैसे हुई मुख्तार की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बांदा जेल के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित करने की मांग

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में बाराबंकी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बांदा जेल के अधिकारी को तलब कर किया है। अब जेल अधिकारी कोर्ट को यह बताएंगे कि ज्यूडिशियल कस्टडी में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई। दरअसल, मुख्तार के वकील रणधीर सिंह सुमन की ओर से बाराबंकी की कोर्ट में वाद दाखिल करने को लेकर अपील की गई थी।

जिस पर सरकार बनाम डॉ. अलका राय चर्चित फर्जी एंबुलेंस की पेशी के दौरान मंगलवार को कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह ने कोर्ट से मुख्तार अंसारी की मौत की वजह जानने के लिए जेल अधिकारियों को तलब करने की मांग की। जिस पर बाराबंकी एमपी-एमएलए कोर्ट एसीजेएम-19 विपिन यादव ने मुख्तार की मृत्यु की खबर देने वाले बांदा जेल अधिकारी को 6 अप्रैल को तलब किया है। जिसमें वह बताएंगे कि न्यायिक अभिरक्षा में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई। मुख्तार के वकील रणधीर सिंह ने बीते शुक्रवार को गैंगस्टर मामले की पेशी के दौरान एमपी-एमएलए कोर्ट में जज कमलकांत श्रीवास्तव के सामने प्रार्थना पत्र दिया था कि मौत की वजह जानने के लिए जरूरी है कि बांदा जेल के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर लिए जाएं। बांदा जेल में निरीक्षण के नाम पर आने वाले सभी अधिकारियों की एंट्री और कैमरे में आए उनके फोटो को भी सुरक्षित किए जाने की जरूरत है। साथ ही वकील की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आदेश देने की भी अपील बाराबंकी कोर्ट में की गई थी।

वकील रणधीर के मुताबिक जज कमलकांत श्रीवास्तव के सामने दिए गए प्रार्थना पत्र को मृत्युकालीन कथन मान कर मुकदमा दर्ज करने की अर्जी दी गई थी। जिस पर जज ने फैसले को रिजर्व करते हुए अगली तारीख 4 अप्रैल लगाई थी। अब 4 अप्रैल को मुकदमा दर्ज करने को लेकर कोर्ट का आदेश आएगा। मुख्तार अंसारी की बीते गुरुवार को बांदा जेल में अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उसको बांदा मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया था। मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया।

पांच करोड़ से सवरेंगे 10 जर्जर पशु चिकित्सालय

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में जर्जर राजकीय पशु चिकित्सालय का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसके लिए पांच करोड़ रुपये का बजट मिला है। जल्द जिलों पर ऐसे अस्पतालों का चयन किया जाएगा। ब्लॉकों पर कई वर्षों से बने पशु चिकित्सालय जर्जर हो गए हैं। जहां हादसे की संभावना भी रहती है और मरम्मत के अभाव में कार्य भी प्रभावित हैं। ऐसे 10 अस्पतालों का चयन कर पशु पालन विभाग जीर्णोद्धार कर संवारेगा।

सपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह

लखनऊ, अमृत विचार : पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह मंगलवार को समाजवादी छोड़कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके प्रयागराज सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी संभावना है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि देश स्तर पर कांग्रेस ही भाजपा को चुनाव में हरा सकती है। कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का उन्हें आशीर्वाद प्राप्त है। यादव परिवार से उनके अच्छे रिश्ते हैं। उज्जवल रमण सिंह ने प्रदेश मुख्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण की। वह राहुल गांधी के कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई में साथ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विघटनकारी नीति के तहत काम कर रही है।

विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए सांसद राहुल गांधी, सुनवाई 12 को

सुलतानपुर, अमृत विचार: विस चुनाव के दौरान बैंगलोर में सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपी राहुल गांधी मंगलवार को विशेष कोर्ट में बयान दर्ज कराने हाजिर नहीं हुए। विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई के लिए 12 अप्रैल की तारीख नियत की गई है ।

मुरादाबाद, बरेली मंडल सहित 41 जेलों में हेल्थ एटीएम लगेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : शासन ने प्रदेश के 41 जिलों में हेल्थ एटीएम लगाने के लिए संस्था के चयन के साथ-साथ 40 फीसदी धनराशि के अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी है। शासन ने इसको लेकर कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं को पत्र लिखकर अग्रिम कार्रवाई के लिए कहा है। हेल्थ एटीएम की कुल धनराशि चार करोड़ नौ लाख रुपए निर्धारित की गई है, जिसके 40 फीसदी अंश को संस्था को भुगतान करने की स्वीकृति दे दी गई है।

गौरतलब हो कि अभी अलीगढ़ सहित कई कारागारों में हेल्थ एटीएम लगाए गए थे। हेल्थ एटीएम के लगने से जेल में रहने वाले कैदियों को काफी राहत मिल रही है। ऐसी स्थित में शासन ने प्रदेश के 41 कारागारों में हेल्थ एटीएम स्थापित करने का निर्णय लिया था। शासन ने हेल्थ एटीएम लगाने के लिए दिल्ली की एक संस्था का चयन कर लिया है। कुल चार करोड़ नौ लाख रुपए में स्थापित होने वाले हेल्थ एटीएम के लिए कुल लागत का 40 फीसदी अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी है। यह हेल्थ एटीएम लखनऊ, गोरखपुर, आजमगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली आदि मंडलों से जुड़े कारागारों में लगेगा।

वर्ग पहेली-28

बाएं से दाएं

1. गजपिप्पली की जाति का एक पौधा जिसकी लकड़ी और जड़ औषधि के काम में आती है।
2. 1. बुद्धि 2. सोचने-समझने की शक्ति, समझदारी।
5. 1. शिक्षित 2. जिसे पढ़ना-लिखना आता हो 3. पढ़ने-लिखने में सक्षम।
6. 1. आलोचना के रूप में व्यक्त संक्षिप्त विचार 2. टिप्पणी, उपकथन।
10. 1. अनेक लोगों का बोलना

ऊपर से नीचे

3. हवा का झोंका, तेज़ हवा का झटका या धक्का, हल्की नींद।
4. किसी कार्य या वस्तु को अस्त-व्यस्त या उलट-पुलट करने की क्रिया या भाव।
7. 1. जो चिकना तथा फिसलनदार हो 2. कीचड़ आदि के कारण रपटनवाला, पिच्छल।
8. 1. कथरी, पुराने वस्त्रों को सिलकर बनाई गई ओढ़ने की चादर, गुदड़ी 2. योगियों का परिधान।
9. 1. मिथिला का निवासी 2. राजा जनक।



वर्ग पहेली -27 का हल

			1 फं	की		
	2 झु	र	ना			3 बा
	ल			4 अ	पो	लो
	5 स	मी	ची	न		वि
	न			हो		त
6 भा		7 ज़	बा	नी		
लू		माँ			8 चि	ड़ा

सुडोकू-107

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	4	1		8				
3			2		7			5
	5					4		6
		7		2		9		
	9		3		1		2	
		5		6		8		
6							3	
			4		2			9
				3		7	1	

सुडोकू -106 का हल

6	4	9	3	1	7	5	2	8
2	8	1	6	5	9	7	3	4
3	7	5	8	4	2	1	9	6
9	3	4	5	7	6	8	1	2
1	2	7	9	8	4	6	5	3
5	6	8	1	2	3	4	7	9
4	1	3	7	9	8	2	6	5
7	9	2	4	6	5	3	8	1
8	5	6	2	3	1	9	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अप्रैल,बुधवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-नवमी 18 .29 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 21 .47 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को सुलझाने में सफलता मिलेगी। विदेशी भूमि पर रहे लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दिनचर्या को संतुलित रखने से मन प्रसन्न रहेगा। निर्माण कार्यों के लिए दिन विशेष शुभ है।

वृष — आज विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होगी। अधिकारी वर्ग आपसे संतुष्ट रहेंगे,लेकिन फिर भी आपको सबसे समन्वय बनाने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे।

मिथुन — आज लोग आपकी उदारता का गलत प्रयोग करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। अपने काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। उपयुक्त पोषण की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।

कर्क — आज आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहने वाला है। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा।

सिंह — आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। आध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

कन्या — आज लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी। समाज में आपका नाम ऊंचा होगा। अनुसंधान कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

तुला — आज शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा। बॉस का भरोसा आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें।

वृश्चिक — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकारात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक को विवाह की चिंता रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें।

धनु — आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमीजन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी। जॉब इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है।

मकर — आज व्यापार में अपेक्षानुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अचानक यात्रा की योजना बन सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है।

कुंभ — आज कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। किसी नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

मीन — आज पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण काफी सुखमय रहेगा। किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- फतेह — सुबह : 11.00
- दानवीर — रात : 07 .00
- बच्चन पांडे — सुबह : 11 .11
- उड़ता पंजाब — रात : 08 .00

&pictures

SONY PIX
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — सुबह : 10 .55
- रैम पेज — रात : 07 .07

ZEE CINEMA
- फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 11 .05
- हम पांच — शाम : 04 .45

colors CINEPLEX
- दो रास्ते — दोपहर : 12 .27
- विश्वासघात — रात : 09 .01

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	68,350
चांदी आभूषण	75,800

मेंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये

अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये

मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये

चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160

रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

विस्तारा उड़ान रद्द होने और देरी पर दैनिक रूप से जानकारी दे : डीजीसीए

विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रखी जा रही

नयी दिल्ली, दो अप्रैल (भाषा)

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विस्तारा को उड़ान रद्द होने के साथ-साथ देरी पर दैनिक रूप से जानकारी देने को कहा है। साथ ही नियामक ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखने की बात भी कही। डीजीसीए ने कहा कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रख रहा है।

एक सूत्र के अनुसार, एयरलाइन ने मंगलवार को 50 से अधिक उड़ाने रद्द की हैं। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कुछ कमांडर के साथ-साथ इसके ए320 बेड़े के प्रथम अधिकारी भी नए अनुबंधों में वेतन संशोधन की मांग को लेकर विरोध जताते हुए बीमार होने की सूचना दे रहे हैं। चालक दल की अनुपलब्धता और अन्य परिचालन कारणों के कारण एयरलाइन द्वारा परिचालन कम करने की घोषणा के एक दिन बाद यह बात सामने आई है। डीजीसीए ने मंगलवार को बयान में कहा कि विस्तारा की विभिन्न उड़ान बाधाओं के मद्देनजर उसने एयरलाइन को रद्द की जा रही और विलंबित उड़ानों की दैनिक जानकारी तथा विवरण देने को कहा है।

डीजीसीए के अधिकारी उड़ान रद्द होने और देरी की स्थिति में यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए जरूरी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने को स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। नियामक ने कहा, यह यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए है। नागर विमानन मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वह विस्तारा की उड़ानें रद्द होने की स्थिति पर नजर रख रहा है।

पीपलको ने नए निवेशकों के लिए 'लेमन' ऐप पेश किया

नयी दिल्ली। उद्यमी आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी की कंपनी पीपलको ने एक शेयर निवेश ऐप 'लेमन' पेश की है। इसका मकसद नए निवेशकों के लिए प्रक्रिया को सरल करना है। सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि 'लेमन' शेयर ब्रोकिंग में पीपलको के विस्तार का प्रतीक है। इसका स्वयं का प्रबंधन और संचालन दल के साथ एक अलग व्यापार प्रभाग होगा। देवम सरदाना 'लेमन' में दल का नेतृत्व करेंगे। बयान में कहा गया, ...सफल उद्यमियों आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी के मंच पीपलको ने एक शेयर निवेश ऐप 'लेमन' पेश की है।'' पीपलको समूह के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशीष सिंघल ने कहा, लाखों भारतीयों को आज भी शेयर बाजार जटिल लगता है।

सड़क परिवहन मंत्रालय ने 40,314 करोड़ जुटाए

नयी दिल्ली, एजेंसी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिये कुल 40,314 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मंत्रालय ने टोल वसूली-परिचालन- हस्तांतरण (टीओटी) समूहों के मौद्रीकरण के जरिये समाप्त वित्त वर्ष में 15,968 करोड़ रुपये जुटाए जबकि अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) के माध्यम से 15,700 करोड़ रुपये और प्रतिभूतियों की बिक्री के जरिये 8,646 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये जुटाई गई राशि 28,968 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य से आगे निकल गई। मंत्रालय ने संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये वित्त वर्ष 2022-23 में 32,855 करोड़ रुपये जुटाए थे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय फिलहाल अपनी परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण तीन तरीकों से करता है जिसमें टीओटी मॉडल, इनविट और परियोजना-आधारित वित्तपोषण शामिल है। इस तरह सभी श्रेणियों के निवेशकों को संबंधित परिसंपत्तियों में निवेश करने का अवसर दिया जाता है। इनविट म्यूचुअल फंड की तर्ज पर एक निवेश साधन है, जिसे निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने और परिसंपत्तियों में निवेश करने के लिए बनाया है।

एक नजर

स्पाइसजेट को जल्द एक क्यू400 विमान मिलेगा

नयी दिल्ली। घरेलू एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि पट्टे पर विमान मुहैया कराने वाली कंपनी नॉर्डिक एविएशन कैपिटल (एनएसी) के साथ हुए समझौते के तहत उसे जल्द ही एक क्यू400 विमान मिलेगा। एयरलाइन ने एनएसी से पट्टे पर लिए गए क्यू400 विमानों के लिए सभी पिछली देनदारियों का भुगतान कर दिया है। निपटान समझौते के तहत उसके पास पहले से ही पांच क्यू400 विमान मौजूद हैं। स्पाइसजेट ने बयान में कहा, ''इन विमानों का स्वामित्व स्पाइसजेट को हस्तांतरित कर दिया गया है।

घरेलू हवाई यातायात 2023-24 में 15.34 करोड़ रहने का अनुमान

मुंबई। घरेलू हवाई यात्री यातायात 2023-24 में 15.34 करोड़ रहने का अनुमान है। विमानन क्षेत्र के बारे में परामर्श देने वाले सीएपीए इंडिया ने यह अनुमान जताया है। इससे पहले, सीएपीए इंडिया ने मार्च 2023 में 2023-24 में यात्रियों की संख्या 16 करोड़ से अधिक रहने का अनुमान जताया था। बाद में अक्टूबर में, इसे संशोधित कर 15.5 करोड़ किया गया। परामर्श संस्थान ने अक्टूबर, 2023 में आंकड़ा सात करोड़ रहने का अनुमान जताया। यह मार्च में जताये गये 7.2 से 7.4 करोड़ के अनुमान से कम है।

बायजू 500 कर्मियों की छंटनी करेगी, ट्यूशन सेंटर होंगे प्रभावित

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्तीय संकट से घिरे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशों के बीच करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि यह छंटनी कारोबार पुनर्गठन की कोशिशों का हिस्सा है। इसकी शुरुआत 15-20 दिन पहले हुई थी और इस प्रक्रिया में करीब 500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं।

नौकरी में कटौती का नवीनतम दौर बिक्री कार्यों, शिक्षकों और कुछ ट्यूशन केंद्रों को प्रभावित करेगा। हालांकि सूत्रों ने कहा कि बायजू को बेहद खराब स्थिति में ही आगे चीजों को सुसंगत करने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसी सूचना है कि कुछ प्रभावित कर्मचारियों को फोन पर छंटनी की सूचना दे दी गई है। लेकिन छंटनी के संबंध में बायजू ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। बायजू के प्रवक्ता ने एक ईमेल प्रतिक्रिया में कहा, ''हम परिचालन ढांचे को सरल बनाने, लागत आधार को कम करने और बेहतर नकदी प्रवाह प्रबंधन के लिए अक्टूबर, 2023 में घोषित कारोबार पुनर्गठन अभ्यास के अंतिम चरण में हैं।''

रुपया तीन पैसे फिसला

मुंबई। आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.39 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे को बढ़त लेकर 83.37 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान हुई बिकवाली की बदौलत 83.34 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.43 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। पिछले दिवस के 83.39 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

भीषण गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पहुंचने के आसार

नयी दिल्ली, एजेंसी

इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पर पहुंच जाने के अनुमान के बीच कोयले से पैदा होने वाली बिजली पर भारत की अत्यधिक निर्भरता बने रहने के आसार हैं। बिजली मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि देश के कुछ हिस्सों में इस साल भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इस दौरान बिजली की मांग भी काफी बढ़ जाएगी और मंत्रालय इसे ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी कर रहा है।

अधिकारी ने कहा कि नवीकरणीय क्षमताओं में वृद्धि जारी होने के बीच चरम मांग को पूरा करने के लिए बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार जमा किया जा रहा है। इसके अलावा सौर ऊर्जा भी मांग को पूरा करने में काफी मदद करेगी। मंत्रालय ने सभी बिजली उत्पादक कंपनियों, खासकर कोयले से चलने वाले ताप-विद्युत संयंत्रों को अपनी रखरखाव योजनाओं को टालने का निर्देश दिया है। इसके अलावा गैस-आधारित बिजली संयंत्रों को बिजली पैदा करने के लिए उपलब्ध रहने को कहा गया है। भारतीय मौसम-विज्ञान विभाग ने मंगलवार को अनुमान जताया कि भारत में अप्रैल-जून की अवधि में भीषण गर्मी का सामना करना होगा। इसकी सबसे ज्यादा मार देश के मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय हिस्सों पर पड़ने की आशंका है। इसके अलावा, अधिकांश मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक लू चलने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में 10-20 दिन तक लू चल सकती है। बिजली मंत्रालय का अनुमान है कि देश में अधिकतम मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है, जो पिछले साल सितंबर के रिकॉर्ड 243 गीगावाट से अधिक है।

राष्ट्रीय

एक नजर

आबकारी विभाग ने 32 हजार बल्क लीटर अवैध शराब की जब्त

शिमला। हिमाचल प्रदेश के राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान आरम्भ किया है। यह जानकारी देते हुए आयुक्त डॉ. यूनुस ने मंगलवार को यहां बताया कि विभाग ने एक सघन अभियान के दौरान जिला बिलासपुर जिला के दबट व माजरी इत्यादि क्षेत्रों में तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब की 10 भट्ठियों पर कार्रवाई की। पंजाब के आबकारी विभाग के साथ की गई इस संयुक्त कार्रवाई में 18000 बल्क लीटर लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये आंकी गई है।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अभिन्न अंग : पेमा खांडू

ईटानगर। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अभिन्न अंग है। उन्होंने बीजिंग द्वारा राज्य में 30 और स्थानों के लिए चीनी नामों की घोषणा को ''एक और नौटंकी'' करार दिया। खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के गौरवान्वित नागरिक और देशभक्त लोग चीन की ऐसी हरकतों को खारिज कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा, भारत का एक गौरवान्वित नागरिक और अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी होने के नाते, मैं अरुणाचल प्रदेश के आंतरिक स्थानों के (चीनी) नामकरण के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं।

पूर्व भाजपा विधायक की पत्नी फिर पार्टी में शामिल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन बार विधायक रहे राकेश वर्मा की पत्नी इंदु वर्मा मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हिमाचल विधानसभा के लिए 2022 में हुए चुनाव से ठीक पहले वह कांग्रेस में शामिल हो गई थीं, लेकिन ठियोग सीट से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने ठियोग सीट से पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख कुलदीप राठौर को मैदान में उतारा था।

मोदी से राहुल का कोई मुकाबला नहीं: शाह

इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया

बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गांधी का कोई मुकाबला नहीं है।

शाह ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, "आगामी आम चुनावों में एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भाजपा है, वहीं दूसरी ओर 'परिवारवादियों' और 'भ्रष्टाचारियों' का यह द इंडिया समूह है। '' उन्होंने दावा किया कि राजग राज्य की सभी 28 सीटें जीतेगी। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मोदी की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए दावा किया कि उनके (मोदी) के नेतृत्व में भाजपा ने पारदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। गृह मंत्री ने कहा, "लोगों के पास स्पष्ट विकल्प है। एक ओर जहां मोदी ने एक पैसे के भ्रष्टाचार के बिना 23 वर्षों तक शासन किया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया है। ये लोग जहां कहीं भी सत्ता में आते हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं। इनका दिमाग कभी भी लोगों की सेवा करने पर केंद्रित नहीं होता है।" उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की भी निंदा की। उन्होंने इसकी तुलना मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन के रिकॉर्ड से की। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी के अपने कार्यकाल के दौरान कोई छुट्टी न लेने की उनकी कार्य नीति का उल्लेख करके उनके (मोदी के) समर्पण का उल्लेख किया। शाह ने कहा, " प्रधानमंत्री हमेशा भारत के लिए काम करते हैं। वह एक दिन की भी छुट्टी नहीं लेते हैं, जबकि राहुल 'बाबा' गर्मियों की छुट्टियों में घूमने के लिए विदेश जाते हैं। प्रत्येक छह महीने में कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें ढूंढने लगते हैं। पूरा देश इस समय मोदी के साथ खड़ा है।" इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता बी.एस. येदियुरप्पा, प्रह्लाद जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव को देखते हुए सेना और पुलिस अलर्ट पर हैं। वहीं जम्मू संभाग के पुंछ जिले के मेंढर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने संयुक्त टीम के साथ संवेदनशील स्थानों का दौरा किया। ● एजेंसी

महाराष्ट्र सदन घोटाला मामले में भुजबल को जारी किया नोटिस

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल और उनके परिवार के सदस्यों को एक याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किये हैं। इस याचिका में भुजबल और उनके परिजनों को नयी दिल्ली के महाराष्ट्र के सदन के निर्माण में कथित घोटाले से संबधित एक मामले में सत्र न्यायालय द्वारा आरोप मुक्त किये जाने को चुनौती दी गयी है। न्यायमूर्ति एस एम मोदक की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार के भ्रष्टाचार निवारक ब्यूरो (एसीबी) के माध्यम से भुजबल, उनके पुत्र पंकज, भतीजा समीर और छह अन्य को नोटिस भेजे हैं। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को करेगी।

फर्जी खबरों के विरुद्ध ऑनलाइन रजिस्टर

नयी दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने नयी लोकसभा चुनने के लिए इस समय जारी प्रक्रिया में फर्जी खबरों और सूचनाओं से निपटने के लिए मंगलवार को 'कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' नाम से एक नया सावर्जजनिक ऑनलाइन रजिस्टर शुरू किया है। इस रजिस्टर को अद्यतन फैक्ट-चेक (तथ्यों की जांच) में उजागर नकली सूचनाओं और आयोग द्वारा चुनाव संबंधी विषयों में समय-समय पर जारी की जाने वाली सामान्य प्रश्नोत्तरी (एफएक्यू) को शामिल करने के लिए नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह पहल गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे उपायों का हिस्सा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने साथी दोनों चुनाव आयुक्तों - ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ निर्वाचन सदन में आयोजित एक समारोह में चुनाव आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर इस रजिस्टर का उद्घाटन किया। आयोग ने कहा है कि ' कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' की शुरूआत चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए आयोग के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कोशिश है।

अरविंद केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है : भाजपा

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर आड़े हाथों लेते हुए मंगलवार को कहा कि अब भ्रष्ट आचरण से केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है और दिल्ली की जनता उनसे मुक्ति चाहती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडिया समूह पर जमकर हमला बोला और भ्रष्टाचार के आरोप में संलिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर सवाल उठाए। भाटिया ने इंडिया समूह पर निशाना साधा।

निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में दो आईजी, आठ डीएम, 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी ''नियमित समीक्षा'' के तहत मंगलवार को पांच राज्यों में दो पुलिस महानिरीक्षकों (आईजी), आठ जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले का आदेश जारी किया।

आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी उपस्थित थे। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों की 16 मार्च को घोषणा की थी। ये चुनाव सात चरणों में, 19 अप्रैल से एक जून तक होंगे। मतगणना चार जून को होगी। साथ ही, जिन अधिकारियों को मौजूदा पदस्थापन से हटा दिया गया है, उन्हें लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक कोई चुनावी ड्यूटी नहीं दी जाए। संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के नामों की एक सूची आयोग को भेजें तथा 'शॉर्टलिस्ट' किए गए अधिकारियों को स्थानांतरित अधिकारियों के स्थान पर नियुक्त किया जाए। स्थानांतरित किये गए पुलिस महानिरीक्षकों में आंध्र प्रदेश के गुंटुर क्षेत्र और ओडिशा में मध्य क्षेत्र के आईजी शामिल हैं। स्थानांतरित किये गए अन्य अधिकारियों में बिहार के भोजपुर जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, नवादा जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा असम में उदलगिरि के जिलाधिकारी शामिल हैं। वहीं, आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव को पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, पुलिस उपमहानिरीक्षक (पलामू) और पुलिस महानिरीक्षक (दुमका) के पदों पर रिक्तियों को भरने के लिए अधिकारियों के नाम की एक सूची भेजने को कहा है।

ओडिशा विस चुनाव के लिए भाजपा की सूची जारी

नयी दिल्ली/भुवनेश्वर, दो अप्रैल (भाषा)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने अपने 22 मौजूदा विधायकों में से 21 पर फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। भाजपा का टिकट नहीं पाने वाले एकमात्र विधायक पुरी जिले के ब्रह्मगिरि से ललितेंदु विद्याधर महापात्रा हैं। महापात्रा की भतीजी उपासना महापात्रा को ब्रह्मगिरी विधानसभा सीट से टिकट मिला है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ हिंजली विधानसभा सीट से शिशिर मिश्रा को मैदान में उतारा गया है। इस सूची में उपासना सहित आठ महिला उम्मीदवार हैं। इनमें सुंदरगढ़ की विधायक कुसुम टेटे, सेबती नायक (बोनाई), बबीता मलिक (बिंझरपुर), स्मृति रेखा पाही (धर्मशाला), कल्पना कुमार खारा (बालीगुडा), पार्वती परीदा (नीमापारा) और प्रत्यूषा राजेश्वरी सिंह (नयागढ़) शामिल हैं। प्रत्यूषा राज्य की सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजद) की पूर्व सांसद हैं और नयागढ़ विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक अरुण कुमार साहू के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। सूची के अनुसार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल भद्रक जिले की चांदबली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि पार्टी के वरिष्ठ नेता और बरगढ़ से मौजूदा सांसद सुरेश पुजारी ब्रजराजनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पुजारी को इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के टिकट से वंचित कर दिया गया था। पिछले दिनों भाजपा में शामिल होने वाले अभिनेता और दो बार के सांसद रहे सिद्धांत महापात्रा को डिगपींडी से भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।

ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता जयनारायण मिश्रा अपनी पारंपरिक विधानसभा सीट संबलपुर से चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह पूर्व मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केवी सिंहदेव बोलांगीर जिले की पटनागढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उनकी पत्नी संगीता कुमारी सिंह देव बोलंगीर लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार हैं। बीजद के पांच दलबदलुओं, अरविंद धाली, आकाश दास नायक, सिद्धांत महापात्रा, पूर्ण चंद्र सेठी और प्रियदर्शी मिश्रा को भाजपा ने टिकट दिया है। अरबिंद धाली खुर्दा जिले की जयदेव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। अभिनेता से नेता बने आकाश दास नायक को जाजपुर जिले की कोरई विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है जबकि बीजद के पूर्व विधायक प्रियदर्शी मिश्रा भुवनेश्वर उत्तर सीट से चुनाव लड़ेंगे। बीजद छोड़कर 26 मार्च को भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक पूर्ण चंद्र सेठी खल्लीकोट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
गुजरात टाइटंस	03	02	01	00	04	-0.738
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
दिल्ली कैपिटल्स	03	01	02	00	02	-0.016
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.337
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	04	01	03	00	02	-0.876
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

क्विंटन डिकॉक

विकेट लेते के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल।

खेल डायरी

प्रज्ञानानंदा सर्वश्रेष्ठ के तौर पर शुरू करेंगे अभियान

टोरंटो। युवा शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अगले विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए चुनौती तय करने के लिए बुधवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में तीन भारतीय प्रतिभागियों के बीच सबसे मजबूत दावेदार के रूप में अपना अभियान शुरू करेंगे। प्रज्ञानानंदा के साथ डी गुकेश और विदित गुजराती कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। लगभग 35 वर्षों के बाद आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट के लिए तीन भारतीयों ने क्वालिफिकेशन हासिल किये हैं। कुछ विशेषज्ञ भारत को शतरंज की दुनिया का नया रूस मान रहे हैं क्योंकि पहले ऐसा दबदबा सिर्फ रूस के खिलाड़ियों का ही दिखता था।

हाथापाई के मामले में दीपक शर्मा को निलंबित किया

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक निलंबित कर दिया। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। इंडियन वुमैंस फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग लेने गई हिमाचल प्रदेश स्थित खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस गए और उन्हें पीटा। शनिवार को एआईएफएफ ने शर्मा को जांच पूरी होने तक फुटबॉल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा था।

शृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना भारतीय हॉकी टीम

नयी दिल्ली। भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये छह अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की शृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। छह अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं। हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा, ''इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा।''

बेन स्टोक्स टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे

लंदन। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप से यह कहते हुए हट गए हैं कि इस 'बलिदान' से उन्हें पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और वह निकट भविष्य में वह ऑलराउंडर बन पाएंगे जो बनना चाहते हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है। ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा, ''मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं।''

बिंदियारानी को भारोत्तोलन विश्व कप में कांस्य पदक

फुकेट (थाईलैंड)। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारोत्तोलक बिंदियारानी देवी ने मंगलवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। गैर ओलंपिक भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए 25 वर्षीय बिंदियारानी ने कांस्य पदक जीतने के दौरान कुल 196 किग्रा (83 और 113 किग्रा) उठाया। हालांकि यह मणिपुरी भारोत्तोलक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने 2022 में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 203 किग्रा के कुल प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ी छह प्रयासों में सिर्फ तीन वैध प्रयास कर सकी। उनका कुल वजन का प्रयास उत्तर कोरिया की कांग ह्योन ग्योंग से 38 किग्रा कम था जिन्होंने कुल 234 किग्रा (103 और 131 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत एटीपी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

ह्यूस्टन। भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की जोड़ी अमेरिका में एटीपी टूर पर पुरूषों की क्लेकोर्ट चैम्पियनशिप के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी माइकल एममो और फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के चौथी वरीयता प्राप्त एम पर्सल और जे थॉम्पसन से होगा। प्रशांत इस समय युगल रैंकिंग में 101वें और चंद्रशेखर 113वें स्थान पर है।

डिकॉक-पूरन की ताबड़तोड़ पारी से एलएसजी की जीत

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की 28 रनों से हार, लखनऊ सुपरजायंट्स के मयंक यादव ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके

निकोलस पूरन

बेंगलुरु, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक 81 रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद मयंक यादव के 14 रन देकर तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें मैच में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु को 28 रनों से हरा दिया है।

रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु की विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 40 रन जोड़ते हुए टीम के लिए अच्छी शुरुआत की। लेकिन पांचवें ओवर में पहले विराट कोहली और उसके बाद फाफ डुप्लेसी का विकेट पर बेंगलुरु की पारी लड़खड़ा गई। विराट ने 16 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाये। वहीं डुप्लेसी ने 13 गेंदों में 19 रनों की पारी खेली। रजत पाटीदार ने 21 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 29 रन बनाये। कैमरन ग्रीन नौ रन, अनुज रावत11 रन बनाकर आउट हुये। महिपाल लोमरोर ने टीम के लिए 13 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्को की मदद से सर्वाधिक 33 रन बनाये। दिनेश कार्तिक चार रन और मोहम्मद सिराज 12 रन बनाकर बनाकर आउट हुये।

लखनऊ के गेंदबाजों ने बेंगलुरु की टीम 19.4 ओवर में 153 रनों पर समेट दिया। लखनऊ की ओर से मयंक यादव ने तीन विकेट लिये। नवीन उल हक को दो विकेट मिले। मनीमारन सिद्धार्थ, यश ठाकुर और मार्कस स्टॉयनिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैंलेजर्स बेंगलुरु को जीत के लिय 182 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ की क्विंटन डिकॉक और कप्तान के एल राहुल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। छठें ओवर में मैक्सवेल ने डागर के हाथों राहुल को कैच आउट कराया। राहुल ने 14 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 20 रन बनाये। वहीं क्विंटन डिकॉक ने 56 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्कों की मदद से 81 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर सिराज ने देवदत्त पड़िक्कल छह रन आउट कर पवेलियन भेज दिया। मार्कस स्टॉयनिस ने 15 गेंदों में एक चौके और दो छक्कें की मदद से 24 रनों की पारी खेली।

बिसलरी 4 टीमों का बना हाइड्रेशन पार्टनर

नई दिल्ली। देश के प्रमुख बोतलबंद पीने का पानी, बिसलरी इंटरनेशनल ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, मुंबई इंडियन्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में साझेदारी की घोषणा की। कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक तुषार मल्होत्रा ने कहा " पांच जानी-मानी क्रिकेट फ्रेंचाइजी के साथ क्रिकेट के इस मौसम में प्रवेश करते हुए हम बेहद खुश हैं। बिसलेरी हैशडिंक्रइटअप के तहत हम एक मार्केटिंग कैम्पेन शुरू करने वाले हैं। इसमें हमारे साझेदार टीमों के खिलाड़ियों की तस्वीरों वाला सीमित-एडिशन पैक दिखाया जाएगा।

लखनऊ 181/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डिकॉक का डागर बो टॉप्ली	81	56	8/5
राहुल का डागर बो मैक्सवेल	20	14	0/2
पडिक्कल का रावत बो सिराज	06	11	0/0
स्टोइनिस का डागर बो मैक्सवेल	24	15	1/2
निकोल्स पूरन नाबाद	40	21	1/5
बडोनी का डुप्लेसिस बो दयाल	00	03	0/0
कृणाल पंड्या नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : टॉप्ली 4-0-39-1, दयाल 4-0-24-1, सिराज 4-0-47-1, मैक्सवेल 4-0-23-2, डागर 2-0-23-0, ग्रीन 2-0-25-0

बेंगलुरु 153/10

19.4 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
कोहली का पडिक्कल बो सिद्धार्थ	22	16	2/1
फाफ डु प्लेसी रनआउट पडिक्कल	19	13	3/0
रजत पाटीदार का पडिक्कल बो मयंक	29	21	2/2
ग्लेन मैक्सवेल का पूरन बो मयंक	00	02	0/0
कैमरन ग्रीन बो मयंक	09	09	1/0
अनुज रावत का पडिक्कल बो स्टोइनिस	11	21	0/0
महिपाल लोमरोर का पूरन का यश ठाकुर	33	13	3/3
दिनेश कार्तिक का राहुल बो नवीन-उल-हक	04	08	0/0
मयंक डागर रन आउट पूरन	00	01	0/0
रीस टॉप्ले	03	06	0/0
मोहम्मद सिराज	12	08	0/2

गेंदबाजी : एम सिद्धार्थ 3-0-21-1, कृणाल 1-0-10-0, नवीन उल हक 3.4-0-25-2, मयंक 4-0-14-3, बिश्नोई 3-0-33-0, यश ठाकुर 4-0-38-1, स्टोइनिस 1-0-9-1

कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिए तैयार है दिल्ली कैपिटल्स

विशाखापत्तनम, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चैम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। अब उनका सामना केकेआर से है जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

दिल्ली के लिये आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और आस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी। मार्श ने अभी तक उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है जिसके लिये वह जाने जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया को अभी तक लय नहीं मिली है जो चोट के कारण लंबे समय बाद लौटे हैं।

कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच का समय :** शाम 7.30 से।

बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट जीतने की दहलीज पर श्रीलंका

चटगांव (बांग्लादेश)। श्रीलंका ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे बांग्लादेश का स्कोर मंगलवार को यहां सात विकेट पर 268 रन करके दूसरे टेस्ट में जीत और शृंखला में सूपड़ा साफ करने की ओर कदम बढ़ाए। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा, बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या और कामचलाऊ गेंदबाज कामिंदु मेंडिस ने दो-दो विकेट चटकाकर दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने पर मेहदी हसन 49 गेंद में सात चौकों की मदद से 44 जबकि ताइजुल इस्लाम 10 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश की टीम को जीत के लिए अब भी 243 रन की दरकार है और उसकी हार तय नजर आ रही है।

आईपीएल मैच का बदला कार्यक्रम : बीसीसीआई

नयी दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के घरेलू मैच को मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन 16 अप्रैल को कराने का फैसला किया गया जबकि गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के कार्यक्रम में भी बीसीसीआई ने बदलाव किया है।

पीटीआई ने सोमवार को अपनी खबर में कहा था कि केकेआर और रॉयल्स के बीच 17 अप्रैल को होने वाले मुकाबले के कार्यक्रम में राम नवमी के कारण बदलाव लगभग तय है। बीसीसीआई ने हालांकि इन दोनों मैच के कार्यक्रम में बदलाव का कोई कारण नहीं बताया। बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 17 अप्रैल 2024 को होने वाला मुकाबला अब एक दिन पहले 16 अप्रैल 2024 को होगा।'' बोर्ड ने कहा, ''अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को पहले गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 अप्रैल 2024 को मैच की मेजबानी करनी थी। यह मुकाबला अब 17 अप्रैल 2024 को होगा।'' पता चला है कि कोलकाता पुलिस ने आईपीएल के 17वें सत्र के केकेआर के तीसरे घरेलू मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई।

बॉलीवुड हलचल

दोस्त उड़ाते थे शक्ल का मजाक, आज अजय देवगन हैं बॉलीवुड के सुपरस्टार



मुंबई, एजेंसी। बोल बच्चन, सिंघम सीरीज, शिवाय जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाले अजय देवगन आज 55 साल के हो चुके हैं। सांवली रंगत और भारी आवाज वाले अजय देवगन, स्टंट डायरेक्टर वीरू देवगन के बेटे हैं। कभी गुंडागर्दी के लिए कॉलेज में मशहूर अजय ने जब अपने दोस्तों से कहा कि वो हीरो बनेंगे, तो दोस्त मजाक उड़ाते हुए हंस पड़े और हैरानी से पूछा- तू हीरो बनेगा? आज यही अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे कामयाब एक्टर्स में शामिल हैं। शाहरुख हों, सलमान हों या आमिर, 90 दशक के हर स्टार ने किसी न किसी साल फ्लॉप फिल्में दीं या ब्रेक लिया, लेकिन अजय इकलौते एक्टर हैं, जिन्होंने 1991 की फिल्म फूल और कांटे से डेब्यू के बाद आज तक 33 सालों में कभी न ब्रेक लिया न बिना हिट दिए साल गुजारा। 122 फिल्मों के अलावा अजय सिनेमा से जुड़ी फ्यूचरिस्टिक अप्रोच के लिए भी चर्चा में रहते हैं। प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत करने वाले शुरुआती एक्टर्स में से ये एक हैं। अजय भारत के पहले एक्टर हैं, जिन्होंने वीएफएक्स स्टूडियो की शुरुआत की। अब अजय थिएटर चेन एनवाई सिनेमा के भी मालिक हैं। 600 करोड़ के इन्वेस्टमेंट के साथ अजय फिलहाल 65 प्लस थिएटर्स के मालिक हैं और आने वाले सालों में वो इस बिजनेस को एक्सपैंड कर देशभर में 250 स्क्रीन्स के मालिक बनने वाले हैं।

जैजी बी ने महिलाओं के लिए गाने में यूज किया आपत्तिजनक शब्द

मुंबई, एजेंसी। पॉपुलर पंजाबी सिंगर जैजी बी विवादों में फंस गए हैं। उनके एक नए गाने की वजह से विवाद खड़ा हो गया है। खबर है कि इस सॉन्ग की वजह से विवाद गहरा गया है और अब मामला महिला आयोग में चला गया है। दरअसल, सिंगर का नया गाना 'मड़क शौकीनां दी' को हाल ही में रिलीज किया गया है। इसे एक हफ्ते पहले यूट्यूब पर रिलीज किया गया था और अब तक ये 3 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोरने में सफल हो चुका है लेकिन इसी बीच ये विवादों में आ गया है। इस गाने पर आरोप है कि इसमें महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया है। इस पर महिला आयोग की ओर से एक्शन लिया गया है और पंजाब पुलिस की ओर से इस पर एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट मांगी गई है।जैजी बी के गाने 'मड़क शौकीनां दी' से जुड़े विवाद की बात की जाए तो इसके लिरिक्स उन्होंने खुद लिखे हैं। इसमें महिलाओं के लिए 'भेड़' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इसे लेकर महिला आयोग पंजाबी सिंगर जैजी पर खफा हो गया है। इसके बाद आयोग की ओर से जैजी के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग की जा रही है। गाने के विरोध में बरनाला, पंजाब में जैजी बी का पुतला भी जलाया गया।

शो में सिद्धू बनकर कपिल शर्मा ने अर्चना पूरन सिंह को गोद में बिठाया

मुंबई, एजेंसी। रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर स्पेशल 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के प्रीमियर एपिसोड के बाद, कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपकमिंग दूसरे एपिसोड की एक झलक पेश की है। इस बार, सुर्खियों में क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर हैं, जो अपने मजाक और अनसुने किस्सों से शो की रौनक बढ़ा रहे हैं। प्रमोशनल क्लिप एयरहोस्टेस के रूप में कृष्णा अभिषेक के साथ शुरू होती है, जो दोनों क्रिकेट सितारों रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के साथ छेड़खानी करते हैं। रोहित अपने साथी साथियों पर मज़ाकिया कटाक्ष करते हैं और उन्हें 'सुस्त मुर्गे' कहते हैं, जबकि श्रेयस सीनियर खिलाड़ियों की एंटरटेनिंग स्टोरीज शेयर करते हैं। टीज़र में क्रिकेटर्स को कपिल और उनकी टीम के साथ क्रिकेट खेलते हुए दिखाया गया है। कपिल पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू बनकर पहुंचते हैं, जो उनके पिछले शो, कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो में अर्चना पूरन सिंह की जगह नजर आते थे। शो में अक्सर कपिल सिद्धू को नाम लेकर अर्चना को चिढ़ाते हैं और इस बार तो वो सिद्धू बनकर अर्चना की सीट पर जाकर बैठ जाते हैं और अर्चना उनकी गोद में होती हैं। पिछले एपिसोड में कपूर परिवार के सदस्यों ने कपिल शर्मा के साथ हल्के-फुल्के पल साझा किए थे। रणबीर कपूर ने उस समय को याद किया जब उनके पिता, दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने उन्हें अनुशासित किया था। रिद्धिमा और रणबीर ने अपने बचपन के झगड़ों को याद किया, यह एपिसोड दिल छू लेने वाले क्षणों से भरा था। द ग्रेट इंडियन कपिल शो सुनील ग्रोवर की वापसी भी हुई है, जो 2017 के विवाद के बाद कपिल के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। कलाकारों की टोली में राजीव ठाकुर, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और कृष्णा अभिषेक भी शामिल हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

सत्ता परिवर्तन पर वकीलों का पैनल बदल रहे राज्य

- सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी, इस बात का ध्यान रखें कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तमाम राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कभी भी अपने सूचीबद्ध अधिवक्ता बदल सकते हैं लेकिन सभी को एक बात का ध्यान रखना होगा। अपने सूचीबद्ध वकीलों को बदलते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि अदालत के कामकाज पर असर ना पड़े। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ताओं के पैनल को बदलते समय राज्यों को कम से कम छह सप्ताह तक पुराने पैनल को जारी रखना चाहिए। इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मजबूर न होना पड़े।

इस मामले में न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में सत्ता परिवर्तन के बाद सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अदालत में पेश होने वाले अपने अधिवक्ताओं के पैनल को बदल रहे हैं। इस वजह से कोर्ट को परिवर्तन के आधार पर समय-समय पर स्थगन देना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि यह सच है कि उनके पास अपने सूचीबद्ध अधिवक्ताओं को बदलने की शक्ति है, लेकिन इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े। इसलिए, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसा बदलाव करते समय अधिवक्ताओं के पुराने पैनल को कम से कम छह सप्ताह तक जारी रख सकते हैं।

इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मबूर नहीं होना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने इस आदेश की एक प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थायी वकील को प्रसारित करने का निर्देश दिया है।

खनन मामले में ईडी के सामने पेश नहीं हुए 5 डीएम

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित अवैध रेत खनन के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के आदेश के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मंगलवार को तमिलनाडु के पांच जिला कलेक्टरों को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने अधिकारियों को 25 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि अधिकारियों ने अभद्र रवैया अपनाया है और कार्रवाई से पता चलता है कि उनके मन में अदालत, कानून और संविधान के प्रति कोई सम्मान नहीं है। कोर्ट ने कहा, हमारी राय में इस तरह का लापरवाह रवैया उन्हें एक कठिन परिस्थिति में डाल देगा। जब अदालत ने ईडी द्वारा जारी समन के जवाब में उन्हें पेश होने का निर्देश देते हुए आदेश पारित किया, तो उनसे उसी आदेश का पालन करने और अदालत में उपस्थित होने की उम्मीद की गई थी।

कच्चातिवु द्वीप पर 1974 में श्रीलंका से हुआ था समझौता

कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। वजह है एक आरटीआई आवेदन से निकलकर आई जानकारी। दरअसल, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने आरटीआई दायर कर कच्चातिवु के बारे में पूछा था। अब आरटीआई के जवाब में कहा गया है कि सन 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके ने एक समझौता किया था। इसके तहत कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था। जानकारी सामने आने के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विदेश मंत्री ने इस मुद्दे को उठाया है।

पुनः पाने की उठती रही है मांग

तमिलनाडु की तमाम सरकारें 1974 के समझौते को मानने से इनकार करती रहीं और श्रीलंका से द्वीप को दोबारा प्राप्त करने की मांग उठाती रहीं। 1991 में तमिलनाडु विधानसभा द्वारा समझौते के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया गया जिसके जरिए द्वीप को पुन: प्राप्त करने की मांग की गई थी। 2008 में तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं और कच्चातिवु समझौतों को रद्द करने की अपील की। उन्होंने कहा था कि कच्चातिवु उपहार में देने वाले देशों के बीच दो संधियां असंवैधानिक हैं। इसके अलावा साल 2011 में जयललिता ने एक बार फिर से विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराया। मई 2022 में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने मोदी की मौजूदगी में एक समारोह में मांग की थी कि कच्चातिवु द्वीप को भारत में पुन: प्राप्त किया जाना चाहिए।

कहां स्थित है यह द्वीप

कच्चाति वु पाक जलडमरूमध्य में एक छोटा सा द्वीप है, जो बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। 285 एकड़ हरित क्षेत्र 1976 तक भारत का था। हालांकि, श्रीलंका और भारत के बीच एक विवादित क्षेत्र है, जिस पर आज श्रीलंका हक जताता है। दरअसल, साल 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने समकक्ष श्रीलंकाई राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के साथ 1974-76 के बीच चार समुद्री सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हीं समझौते के तहत कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया।

क्या है कच्चातिवु द्वीप का इतिहास

कच्चातिवू द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुआ था। यह कभी 17वीं शताब्दी में मदुरई के राजा रामानद के अधीन था। ब्रिटिश शासनकाल में यह द्वीप मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आया। 1921 में श्रीलंका और भारत दोनों ने मछली पकड़ने के लिए भूमि पर दावा किया और विवाद अनसुलझा रहा। आजादी के बाद इसे भारत का हिस्सा माना गया। साल 1974 में 26 जून को कोलंबो और 28 जून को दिल्ली में दोनों देशों के बीच इस द्वीप के बारे में बातचीत हुई। इन्हीं दो बैठकों में कुछ शर्तों के साथ इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया गया। तब शर्त यह रखी गई कि भारतीय मछुआरे अपना जाल सुखाने के लिए इस द्वीप का इस्तेमाल कर सकेंगे और द्वीप में बने चर्च में भारत के लोगों को बिना वीजा के जाने की अनुमति होगी। समझौतों ने भारत और श्रीलंका की अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा चिह्नित कर दी। हालांकि इस समझौते का तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि ने तीखा विरोध किया था।

एक नजर

मुंबई में रासायनिक संयंत्र में लगी आग, दो फैक्ट्रियां खाक

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के नवी मुंबई के एक औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को रासायनिक संयंत्र में आग लग गई, जिससे आसपास की दो अन्य फैक्ट्रियां जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि पावने-कॉपरखैरने में एमआईडीसी में रासायनिक फैक्ट्री में सुबह आग लगी, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि एमआईडीसी से अग्निशमन सेवाएं और कॉपरखैरने के आसपास के अग्निशमन केंद्रों की 14 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और चार घंटे तक आग पर काबू पाने को लेकर मशक्कत की। रसायन लीक होने से आग लगने का कारण बताया गया है। आगे की जांच जारी है।

चोरी के शक में युवक को पीटा, मौत सबूत मिटाने के लिए शव जलाया

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में 38 साल के युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी, बाद सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैसल गई। वारदात के 10 दिन बाद मृतक की मां की तहरीर पर शिमला के बालूगंज थाने में मामला दर्ज किया गया। शिमला से सटे सुन्नी की बझोल निवासी तारा देवी ने शिकायत में कहा कि उसका बेटा टीकमचंद पिछले आठ-नौ सालों से खरयाड़ में सेवानन्द के घर में मजदूरी का काम करता था। 22 मार्च को सेवानन्द की पत्नी प्रभा ने इसे फोन कर बताया कि टीकमचंद की गिरने के कारण मौत हो गई है और शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जबकि, पुलिस को स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि, शक में गांव वालों ने हत्या कर दी है, शव जला दिया। एसएसपी संजीव गांधी ने कहा- मामले की जांच की जा रही है।

इंडिया समूह एकजुट है, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा : फारूक

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि इंडिया समूह एकजुट है और देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा। अब्दुल्ला ने कहा, इंडिया समूह में कोई विवाद नहीं है और सभी एकजुट हैं चाहे वह फारूक हों, उमर हों या महबूबा हों। वह कांग्रेस उम्मीदवार रमन भल्ला के समर्थन में आए थे, जम्मू लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि भारत के लोग लोकसभा चुनाव में उनका (इंडिया समूह) का समर्थन करेंगे।

गाजा में इजराइली हमलों से एनजीओ के सात कर्मियों की मौत

गाजा। इजराइल लगातार गाजा पर जवाबी कार्रवाई से अब तक कई देश इजराइल की आलोचना कर रहे हैं। इस बीच, गाजा में हताहत लोगों को सहायता पहुंचे वाले समूह भी इजराइली हमले का शिकार हो गया है। जिसमें तकरीबन सात विदेशी कर्मचारी मारे गए। लोगों को राहत देने वाले अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूह ने कहा कि सोमवार को हमले में सात विदेशी कर्मचारी मारे गए, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड और ब्रिटेन के नागरिक शामिल थे। अमेरिका ने इजराइली रक्षा बलों को दोषी ठहराया है।

चीन का बढ़ता दुस्साहस... नाम बदलने से वास्तविकता नहीं बदलेगी

भारत की दो टूक- अरुणाचल के 30 शहरों को दिए चीनी नाम अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और रहेगा।

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 30 शहरों के नए नामों की चौथी सूची जारी करने के बाद मंत्रालय ने अपना बयान जारी किया। मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा, चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के प्रयासों पर कायम है। हम चीन द्वारा किए गए इन प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। स्थानों का नाम बदलने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा। इससे पहले 28 मार्च को भारत ने कहा था कि चीन अपने निराधार दावों को दोहरा सकता है। बता दें, पिछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ है जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदला हो। चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया था। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। दरअसल, चीन की तरफ से अक्सर दावा किया जाता है कि अरुणाचल प्रदेश उसका हिस्सा है।

भारत भी तिब्बत के 60 स्थानों को दे अपने नाम, चीन पर भड़के हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को भारत सरकार से आग्रह किया कि वह अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों के जवाब में जैसे को तैसा वाला रवैया अपनाए। सरमा ने सुझाव दिया की भारत को तिब्बत के साठ क्षेत्रों के लिए खुद के नाम देकर इसका मुकाबला करना चाहिए। सरमा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि हमें भी तिब्बत के 60 इलाकों को भौगोलिक नाम देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवाब हमेशा जैसे को तैसा होना चाहिए। लेकिन मैं टिप्पणी नहीं करना चाहता, क्योंकि यह भारत सरकार का नीतिगत फैसला है। लेकिन अगर उन्होंने 30 का नाम लिया है तो हमें 60 का नाम लेना चाहिए। चीन ने हाल ही में अरुणाचल पर अपने दावे को जोर दिया है और विभिन्न स्थानों के 30 नामों की चौथी सूची जारी की थी।

अरुणाचल पर भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर : कांग्रेस

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों का नाम बदले जाने पर कांग्रेस ने भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर बताया है। मंगलवार को आरोप लगाया कि जयशंकर की प्रतिक्रिया बहुत कमजोर थी जो सरकार एवं विदेश मंत्री को शोभा नहीं देती। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने दावा किया कि जो लोग कच्चातिवु पर आवाज बुलंद करते हैं वो चीन का नाम लेने से भी डरते हैं। उन्होंने सवाल किया कि भारत की कितनी जमीन मई, 2020 के बाद से चीन के नियंत्रण में है, मोदी सरकार ने उस जमीन को खाली क्यों नहीं कराया? चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 30 नए नाम जारी किए जाने के कुछ दिन बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि अरुणाचल एक भारतीय राज्य था, है, और भविष्य में भी रहेगा।

सरहद पर सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी

- राजनाथ बोले- शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में मंगलवार को आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मौजूद रहे सीडीएस अनिल चौहान और सेना प्रमुख मनोज पांडे।

चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर तमाम बयानबाजी कर रहा है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।

सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने रक्षा और सुरक्षा को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए सेना के नेतृत्व की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सेना का अहम योगदान है। राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की भी सराहना की और कहा कि उसके प्रयासों से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सड़क संचार में एक बड़ा सुधार आया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा कि उत्तरी सीमाओं पर मौजूदा स्थिति पर राजनाथ सिंह ने पूरा विश्वास जताया और सरहद पर मौजूद सैनिकों की सराहना की है। गौरतलब है कि भारत और चीन की सेना के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ क्षेत्रों को लेकर लगभग चार वर्षों से गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। पाकिस्तान से सटी सीमा का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि सीमा पार आतकंवाद को रोका है। हालांकि सरहद पार से अभी भी छद्म युद्ध जारी है।

भारत को जरूर मिलेगी सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता : एस. जयशंकर

गांधीनगर। भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक बात का ध्यान रखना होगा। इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। ये बातें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुजरात के राजकोट बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत के दौरान बताई। दरअसल इस दौरान दर्शकों ने विदेश मंत्री से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता को लेकर भारत की संभावनाओं के बारे में सवाल पूछा था। विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का गठन लगभग 80 साल पहले हुआ, जब चीन, फ्रांस, सोवियत संघ, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसकी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि उस समय दुनिया में लगभग 50 स्वतंत्र देश थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 193 हो गई है, लेकिन अब भी पांच देशों ने परिषद पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। जयशंकर ने कहा कि अब दुनिया भर में यह मांग उठ रही है कि परिषद में बदलाव होना चाहिए और भारत को एक स्थायी सीट मिलनी चाहिए।

रथ खींचने की मची होड़...

मथुरा : वृन्दावन के रंग जी मन्दिर के ब्रम्होत्सव में भगवान रंगनाथ की जय के साथ रथ खींचने की भक्तों में होड़ मच गई। जिसे रथ खींचने का मौका मिल गया धन्य हो गया और जिसे नही मिला उसने दूर से ही भगवान रंगनाथ को प्रणाम कर स्वयं को धन्य किया। इससे पहले 60 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान भगवान रंगनाथ की रथ चलने के पहले वैदिक मंत्रो एवं शंखध्वनि के बीच आरती उतारी गई। बता दें, मन्दिर का 176वां ब्रम्होत्सव था और रथ भी इतना ही पुराना और चन्दन की लगड़ी का बना हुआ है। ● एजेंसी

चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते

- पड़ोसी देश के रक्षा मंत्री बोले पाकिस्तान ने भारत के साथ कम किए थे राजनयिक संबंध

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत में आम चुनाव के बाद रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद जताई है। आसिफ की यह टिप्पणी सिंगापुर में विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान के कुछ दिनों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान लगभग इंडस्ट्री लेवल पर आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और भारत का मूड अब आतंकवादियों को नजरअंदाज नहीं करने का है।

सोमवार को इस्लामाबाद में संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए आसिफ ने कहा, भारत में चुनाव के बाद हमारे संबंध बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की अपनी अपनी पृष्ठभूमि है। भारत में सात चरणों में मतदान हो रहा है। इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच तनावपूर्ण संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिसका मुख्य कारण कश्मीर मुद्दा और साथ ही पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाला सीमा पार आतंकवाद है। बता दें, 2019 में, भारत सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया। इस्लामाबाद ने कहा कि इस फैसले ने पड़ोसियों के बीच बातचीत के माहौल को कमजोर कर दिया है। पाकिस्तान इस बात पर जोर देता रहा है कि संबंधों को सुधारने की जिम्मेदारी भारत पर है और वह उससे बातचीत शुरू करने की पूर्व शर्त के तौर पर कश्मीर में अपने एकतरफा कदमों को वापस लेने का आग्रह कर रहा है। भारत ने इस सुझाव को खारिज कर दिया है और पाकिस्तान को स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश देश के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर संवैधानिक उपाय भारत का आंतरिक मामला है।

खतरे में बुशरा की जान, इमरान ने जहर देने का लगाया आरोप

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को मारने की साजिश रची जा रही है। इमरान खान का दावा है कि उनकी पत्नी को जहर दिया गया था।

दरअसल, बुशरा बीबी अपने ही निजी आवास जिसे प-जेल में बदल दिया गया है, पर अपनी सजा काट रही है। इमरान ने कहा कि अगर उनकी पत्नी को कोई नुकसान होता है तो सेना प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इमरान ने न्यायाधीश नासिर जावेद राणा को सूचित किया कि पूर्व प्रथम महिला को जहर देने का प्रयास किया गया था। उन्होंने अदियाला जेल में भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय दिया, जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा

दूर के सौर मंडल में खत्म होते ग्रह की खोज

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : पृथ्वी समेत हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अस्तित्व व अंत सूर्य पर निर्भर है। हालही में वैज्ञानिकों ने दूर के एक सौर मंडल मे ग्रहों का अंत होते देखा है। खोज में तारा अपने ग्रह को खत्म कर रहा है। इस खोज से हमारे सौर मंडल के अंत की जानकारी मिलती है।

वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय हत्या दिया है। जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा है। हमारा सूर्य सबसे अच्छा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु दोनों है। यही सिद्धान्त प्रत्येक सौर मंडल से जुड़ा हुआ है। जिसकी पुष्टि इस खोज में हुई है। दरअसल सभी सौर मंडल के अन्य ग्रह सूर्य के समान गैस और धूल के बादल से बने हुए होते हैं। इसके प्रकाश के बिना पृथ्वी पर कोई जीवन नहीं हो सकता।

दूसरी ओर, एक दिन ऐसा आएगा जब सूर्य पृथ्वी पर सारा जीवन समाप्त कर देगा और अंततः पृथ्वी को ही नष्ट कर देगा। हमारे ग्रह का अंत होने में अभी लगभग पाँच अरब वर्ष का समय लगेगा। यह घटना तब होगी, जब सूर्य एक लाल दानव में परिवर्तित हो जाएगा।

ग्रहों के खत्म होने की यह खोज डीओआई 10.1038/डी41586-024-00847-6 नामक आकाशगंगा में हुई है। हालाकि इससे पहले भी किसी तारे द्वारा अपने ग्रहों को नष्ट करने के संकेत पहले भी मिलते रहे हैं। मगर इस खोज से यह जानकारी मिलती है कि किसी सौर मंडल के खत्म होने के बाद क्या होता है। सौर मंडल के अंत के बाद ग्रह व तारे गैस और धूल के बादल में बदल जाएगा।



अपने ग्रह को खत्म करते तारे का प्रतीकात्मक चित्र।

ब्रह्मांड के हर वस्तु का अंत निश्चित

ब्रह्मांड में मौजूद किसी भी वस्तु का अंत निश्चित है। आकाशगंगा, तारे, ग्रह, धूमकेतु समेट अन्य सभी वस्तु जन्म लेते हैं और उनका अंत भी हो जाता है। हालांकि इनकी उम्र करोड़ों से अरबों वर्ष होती है। इनकी तुलना में इंसान की उम्र क्षणिक मात्र है।

अमेरिका में भारतवंशी सांसदों ने हिंदुओं पर हमले का मांगा ब्योरा

वाशिंगटन। अमेरिका में पांच भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने न्याय विभाग और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) से इस साल देश में हिंदुओं के खिलाफ हुए घृणा आधारित अपराधों और मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं का विवरण मांगा है।

इन सांसदों में राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और अमी बेरा शामिल हैं। इन्होंने न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के क्रिस्टन क्लार्क को लिखा, न्यूयॉर्क से लेकर कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमलों की घटनाओं ने हिंदू अमेरिकियों को गहरी चिंता में डाल दिया है। उन्होंने कहा, समुदायों के नेताओं ने चिंता व्यक्त की है कि इन घटनाओं में शामिल संदिग्धों का कोई सुराग नहीं है, जिससे कई लोग डर और भय में जी रहे हैं। हमारे समुदाय इन पक्षपात-प्रेरित अपराधों में कानून प्रवर्तन समन्वय को लेकर चिंतित हैं।

गठबंधन के लिए 'इंडिया' नाम का प्रयोग बंद हो

- याचिकाकर्ता ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की अर्जी, कोर्ट ने केंद्र और विपक्षी दलों से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने आई. एन. डी. आई. ए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) का उपयोग करने से रोकने की मांग याचिका पर केंद्र और कई विपक्षी दलों को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'इंडिया' नाम का उपयोग करके पार्टियां हमारे देश के नाम पर अनुचित लाभ ले रही हैं।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। अदालत ने याचिका पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा कि याचिका पर 10 अप्रैल को सुनवाई और निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। याचिकाकर्ता गिरीश भारद्वाज ने इस आधार पर मामले की जल्द सुनवाई की मांग की गई थी कि याचिका अगस्त 2023 से लंबित है और दलीलें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं और चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वैभव सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार और विपक्षी दलों को पहले ही आठ अवसर दिए जा चुके हैं लेकिन उन्होंने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। अधिवक्ता सिद्धांत कुमार ने अदालत को बताया कि चुनाव आयोग पहले ही इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर चुका है। नवंबर, 2023 में केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने मामले में अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते या 10 दिन का और समय देने का अनुरोध किया था।

वहीं, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक सहित नौ राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि याचिका के खिलाफ प्रारंभिक आपत्तियां थीं और सुप्रीम कोर्ट पहले ही इस मुद्दे से निपट चुका है।याचिकाकर्ता ने 26 राजनीतिक दलों द्वारा आई. एन. डी. आई. ए नाम के उपयोग पर रोक लगाने और प्रतिवादी राजनीतिक गठबंधन द्वारा भारत के साथ राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आदेश की मांग की है।